CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :29°C
न्यूनतम: 20°C

मुजफ्फरनगर, रविवार 5 अक्टूबर 2025 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 26 अंक 264 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com आश्विन शुक्ल पक्ष 14 विक्रमी सम्वत् 2082 12 रबी उल सानी1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



बरेली में सपा नेताओं के प्रवेश पर रोक, नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद नजरबंद पेज 2




जडेजा-सिराज का कहर, भारत ने वेस्टइंडीज को पारी और 140 रनों से हराया खेल टाइम्स



पीओके में झुकी पाक सरकार, प्रदर्शनकारियों की अधिकतर मांगें मानी पेज 11



रश्मिका मंदाना और विजय की सगाई का दावा बॉलीवुड

## विज्ञान भवन में आईटीआई के टॉपर्स सम्मानित

# आज का भारत कौशल को देता है प्राथमिकता: मोदी



**■ पीएम ने 62,000 करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न युवा-केंद्रित पहलों का किया अनावरण**

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** पीएम मोदी ने शनिवार को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आईटीआई (औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान) के टॉपर्स को सम्मानित किया।

पीएम ने कौशल दीक्षांत समारोह 2025 के दौरान 62,000 करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न युवा-केंद्रित पहलों का भी अनावरण किया। कार्यक्रम के दौरान पटना से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी जुड़े। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि कुछ वर्ष पहले हमारी सरकार ने आईटीआई छात्रों के लिए व्यापक स्तर पर दीक्षांत समारोह आयोजित करने की नई परंपरा शुरू की थी। आज इसी परंपरा की एक और कड़ी के साक्षी हम सभी बन रहे हैं। मैं भारत के कोने-कोने से हमारे साथ जुड़ने वाले सभी युवा आईटीआई छात्रों को अपनी शुभकामनाएं देता हूं। यह समारोह इस बात का प्रतीक है कि आज का भारत कौशल को कितनी प्राथमिकता देता है। पीएम मोदी ने कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम से बिहार के हजारों युवा हमसे जुड़े हैं। इस पीढ़ी को शायद अंदाजा नहीं होगा कि ढाई दशक पहले बिहार की शिक्षा व्यवस्था कितनी जर्जर थी। न ईमानदारी से स्कूल खुलते थे, न ही भर्तियां होती थीं। कौन सा माता-पिता नहीं चाहेगा कि उसका बच्चा यहां पढ़े और आगे बढ़े? लेकिन मजबूरी में लाखों बच्चे बिहार छोड़कर वाराणसी, दिल्ली और मुंबई जाने को मजबूर हुए। यहीं से पलायन की असली शुरुआत हुई। सौभाग्य से बिहार की जनता ने नीतीश कुमार को सरकार की जिम्मेदारी सौंपी और हम सब गवाह हैं कि कैसे पूरी एनडीए टीम ने मिलकर बिगड़ी हुई व्यवस्था को पटरी पर लाया... मुझे खुशी है कि आज के कौशल दीक्षांत समारोह में बिहार को एक नया कौशल विश्वविद्यालय मिला है।

## उत्तर प्रदेश में महर्षि वाल्मीकि जयंती पर रहेगा सार्वजनिक अवकाश

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने महर्षि वाल्मीकि जयंती पर सार्वजनिक अवकाश की औपचारिक घोषणा कर दी है। हाल ही में मुख्यमंत्री योगी ने सार्वजनिक सभा में इसका ऐलान किया था। सरकार की ओर से जारी आदेश के मुताबिक सात अक्टूबर को प्रदेश भर में सार्वजनिक अवकाश रहेगा। योगी आदित्यनाथ ने एक हफ्ते पहले श्रावस्ती जिले से वाल्मीकि जयंती पर सार्वजनिक अवकाश की घोषणा की थी। इस दिन को राज्य स्तर पर विशेष महत्व देने के लिए सरकारी अवकाश घोषित किया है।

## भारतीय जांच एजेंसियां टॉर्चर करेंगी: नीरव मोदी

**नई दिल्ली।** पंजाब नेशनल बैंक से धोखाधड़ी का आरोपी भगोड़ा हीरा कारोबारी नीरव मोदी ने कहा है कि अगर उसे भारत भेजा गया, तो जांच एजेंसियां पूछताछ के दौरान टार्चर करेंगी। इसको लेकर उसने लंदन की वेस्टमिंस्टर कोर्ट में प्रत्यर्पण केस पर फिर से सुनवाई की मांग की है, जो 23 नवम्बर को हो सकती है। हालांकि, मामले से जुड़े एक अधिकारी ने कहा कि हमने इस मामले में चार्जशीट दाखिल कर दी है। अभी उससे पूछताछ की जरूरत नहीं है। हमारी जांच लगभग पूरी हो चुकी है। उसे सिर्फ मुकदमे का सामना करना है। अगर यूके की अदालत पूछेगी, तो हम फिर से भरोसा दे सकते हैं कि भारत लाने पर उससे कोई पूछताछ नहीं होगी। हम पहले भी ऐसा भरोसा दे चुके हैं।

## जुबीन को मैनेजर व ऑर्गनाइजर ने जहर दिया: दोस्त

**नई दिल्ली।** सिंगर जुबीन गर्ग की मौत के मामले में गिरफ्तार उनके बैंडमेट (साथी सिंगर) शेखर ज्योति गोस्वामी ने अपने बयान में चौंकाने वाले खुलासे किए। शेखर ने दावा किया है कि सिंगर के मैनेजर सिद्धार्थ शर्मा और इवेंट ऑर्गनाइजर श्यामकनु महंत ने उन्हें जहर दिया था। दोनों ने हत्या को हादसा दिखाने की साजिश रची थी। शेखर जुबीन गर्ग की मौत के समय उनके साथ सिंगापुर में था। उसने पुलिस को बताया कि मैनेजर शर्मा पैन पैसिफिक होटल में उसके साथ रह रहा था और जुबीन की मौत से पहले उसका व्यवहार अजीबोगरीब था। शेखर ने बताया मैनेजर शर्मा ने समुद्र के बीचोंबीच याट (नाव) के चालक को हटाकर उसका कंट्रोल अपने हाथों में लिया। जुबीन समुद्र में जाने के बाद हांफ रहे थे। उन्हें सांस लेने में दिक्कत हो रही थी। इसके बावजूद शर्मा कह रहा था।

## वर्चुअल सुनवाई में अंडरगार्मेंट्स पहनने वाला शख्स गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने कोर्ट की वर्चुअल सुनवाई में शर्मनाक हरकत करने वाले शख्स को गिरफ्तार किया है। आरोपी वीडियो कॉन्फ्रेंस में सिर्फ अंडरगार्मेंट्स पहनकर शामिल हुआ और शराब-सिगरेट पीता रहा। कोर्ट की ओर से कई बार बाहर जाने की चेतावनी देने के बावजूद वह नहीं निकला और सुनवाई में बाधा डालता रहा।

# मप्र के बाद कफ सिरप को लेकर देशभर में छापेमारी

## कोल्ड्रिफ सिरप बैन, मध्य प्रदेश में 10 व राजस्थान में दो बच्चों की मौत

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** तमिलनाडु के बाद शनिवार को मध्य प्रदेश और केरल ने भी कोल्ड्रिफ कफ सिरप को बैन कर दिया। इस सिरप से मध्य प्रदेश में 27 दिन में 10 बच्चों की मौत हो गई। इन सभी की उम्र एक से 5 साल के बीच है।

उधर, राजस्थान में डेक्सट्रोमेथोरपन हाइड्रोब्रोमाइड कफ सिरप और उसे बनाने वाली कंपनी केसंस फार्मा को भी प्रतिबंधित कर दिया गया। इस कंपनी का प्लांट जयपुर में है। इस सिरप से राजस्थान में 2 बच्चों की जान गई। कोल्ड्रिफ दवा की मैन्युफैक्चरिंग तमिलनाडु के कांचीपुरम में हो रही थी। बच्चों की मौत के बाद तमिलनाडु सरकार ने गुरुवार को उत्पादन और बिक्री पर प्रतिबंध लगा दिया था। राज्य में इस दवा के थोक और रिटेल स्टॉक को सीज कर दिया गया है। एमपी के छिंदवाड़ा में कप सिरप पीने से 10 बच्चों की मौत हुई है। पहला संदिग्ध मामला 24 अगस्त को सामने आया था। पहली मौत 7 सितम्बर -शेष पृष्ठ दो पर



**■ सभी बच्चों की उम्र एक से 5 साल के बीच**

### भारत में पहले भी कफ सिरप हुए हैं बैन

**नई दिल्ली।** यह पहली बार नहीं है जब भारतीय कंपनियों के बनाए कफ सिरप पर सवाल उठे हों। साल 2022 में भी पश्चिमी अफ्रीकी देश गांबिया में हरियाणा की मेडेन फॉर्मास्यूटिकल्स लिमिटेड द्वारा निर्मित कफ सिरप पीने से 66 बच्चों की मौत हुई थी। इस घटना के बाद विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने भारत के बने कई कफ सिरप को लेकर अलर्ट जारी किया था। डब्ल्यूएचओ ने चार कफ सिरप प्रोमेथाजिन ओरल सॉल्यूशन, कोफेक्समालिन बेबी कफ सिरप, बेबी कफ सिरप, मैग्रीप एन. कोल्ड सिरप को खतरनाक बताया था। ये सभी सिरप भारत के हरियाणा के सोनीपत स्थित मेडेन फार्मास्यूटिकल्स द्वारा बनाए गए थे। डब्ल्यूएचओ ने स्पष्ट किया था कि इन सिरप में हानिकारक तत्व पाए गए हैं, जो बच्चों के लिए जानलेवा साबित हो सकते हैं। लगातार सामने आ रही घटनाओं से साफ है कि भारत को दवा निर्माण और उनकी गुणवत्ता पर और भी सख्ती से नजर रखने की जरूरत है।

## केजरीवाल का शीशमहल गेस्ट हाउस में तब्दील होगा

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार राज्य के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल के उस बंगले (सीएम हाउस) को स्टेट गेस्ट हाउस में बदलने की तैयारी में है। इसके रेनोवेशन के लिए केजरीवाल पर 45 करोड़ खर्च करने का आरोप लगाया गया था। ये बंगला 6, फ्लैग रोड पर मौजूद है। अधिकारियों के मुताबिक, बंगले के गेस्ट हाउस में तब्दील होने के बाद इसमें पार्किंग स्पेस, कैफेटेरिया, वेटिंग हॉल, मीटिंग रूम समेत अन्य सुविधाएं होंगीं। अन्य गेस्ट हाउस की तरह ही अधिकारी-मंत्री भी यहां ठहर सकेंगे और किराया भी भरेंगे। इसके अलावा अन्य स्टेट हाउस की तरह यहां ट्रेडिशनल फूड मिलेगा, इसका लुत्फ आम जनता भी ले सकेगी। फिलहाल इस प्रोजेक्ट को अंतिम मंजूरी मिलनी बाकी है। बंगले की देखरेख के लिए 10 कर्मचारी तैनात हैं, जो साफ-सफाई और दूसरी व्यवस्थाएं संभालते हैं। अरविंद केजरीवाल साल 2015 से 2024 तक इस बंगले में परिवार समेत रहे थे। इसके रेनोवेशन पर हुए खर्च पर भाजपा ने सवाल खड़ा किया था।

# यूपी में स्टेट जीएटी के करीब 50 अफसर अरबों की जमीन खरीद में फंसे

शाह टाइम्स ब्यूरो

**■ शुरुआती जांच में 200 करोड़ रुपये से ज्यादा की नामी बेनामी जमीन खरीदने के दस्तावेज मिले**

**लखनऊ।** जीएसटी लागू होने से लेकर सैकड़ों मरतबा हुए संशोधनों के बाद अपने उस स्वरूप में नहीं आ पा रहा है, जिस स्वरूप को लेकर यह प्रयास किया गया था, लेकिन नियत और नीति दोनों में खोट साफ-साफ नजर आता है, यही वजह है कि जीएसटी विवादों से बाहर नहीं निकलती है, इसकी वजह चाहे अधिकारी रहे हों या सरकार सभी की नियत ठीक नहीं है।

अवध के एक जिले के बिल्डर के जरिये अधिकारियों द्वारा करोड़ों रुपये की जमीन खरीद का मामला शासन तक पहुंचा था। रकम मोहनलालगंज तहसील की जमीनों में खपाई गई। प्राथमिक जांच में शिकायतें सही मिलने पर रजिस्ट्री ऑफिस से पंजीकरण प्रपत्रों की कॉपी लेकर जांच के आदेश दिए गए। सचल दल और एसआईबी में रह चुके है रकम खपाने वाले अफसर की जांच में पता चला है कि बिल्डर के प्रोजेक्ट में पैसा लगाने वाले अधिकारी सचल दल और एसआईबी (विशेष जांच विंग) में तैनात हैं या पहले रह चुके हैं। इनमें अधिकांश वरिष्ठ अफसर गाजियाबाद, आगरा, लखनऊ, कानपुर, वाराणसी, मुरादाबाद, मेरठ, गौतमबुद्धनगर जैसे जिलों में मलाईदार पदों पर थे।

मिली जानकारी के अनुसार अभी तक जिनके नाम जमीन के कागज मिल चुके हैं, उन अफसरों की तैनाती उप्र के सहारनपुर, लखनऊ, आजमगढ़, लखीमपुर खीरी, मिर्जापुर, कानपुर सहित 10 जिलों में है।

Global HR Solutions
Kyrgyzstan (Bishkek)
जल्द जरूरत है !
जॉब्स उपलब्ध:
• वेल्डर (3G & 4G ARC) • राज मिस्त्री
• कंस्ट्रक्शन लेबर • सिलाई टेलर
वेतन: 700 USD प्रति माह (नेट)
टैक्स कम्पनी देगी
आवश्यक दस्तावेज़:
• रेफरेन • योग्यता प्रमाणपत्र
• सर्विस सर्टिफिकेट • वेल्डर टेस्ट रिपोर्ट
सम्पर्क करें :-
+91 8630026067

## महाराष्ट्र में साइक्लोन शक्ति का अलर्ट, 65 किमी की रफ्तार से चलेगी हवा

**■ समुद्र में ऊंची लहरें उठने की आशंका**

**मुंबई।** गुजरात के कच्छ में खाड़ी और उसके आसपास अरब सागर में बना कम दबाव का क्षेत्र अब चक्रवाती तूफान बन गया है। श्रीलंका ने इसे साइक्लोन शक्ति नाम दिया है।

महाराष्ट्र में 7 अक्टूबर तक साइक्लोन शक्ति को लेकर अलर्ट जारी किया गया है। इसका असर मुंबई, ठाणे, पालघर, रायगढ़, रत्नागिरी और सिंधुदुर्ग जिले में दिखेगा। यहां 45-55 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलेंगी। हवा की रफ्तार 65 किमी और इससे ज्यादा भी हो सकती है। 5 अक्टूबर तक महाराष्ट्र के तटों पर समुद्र में ऊंची लहरें उठने की आशंका है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने बताया कि शक्ति अरब सागर में मानसून के बाद का पहला चक्रवाती तूफान है। यह साइक्लोन 6 अक्टूबर की सुबह पूर्व- उत्तर- पूर्व दिशा की ओर वापस मुड़ जाएगा।

# पत्नी की बेवफाई के चलते युवक चार बच्चों को लेकर यमुना में कूदा

शाह टाइम्स संवाददाता

**■ युवक ने घटना से पहले वीडियो बनाकर बहन को भेजा**

**कैराना।** कैराना में एक हृदय विदारक मामला सामने आया है। कस्बे के मोहल्ला अफगानान निवासी एक युवक के आत्महत्या के इरादे से अपने चार मासूम बच्चों के साथ यमुना नदी में कूदने की आशंका जताई जा रही है।

युवक ने घटना से पहले तीन अलग-अलग वीडियो बनाकर अपनी विवाहित बहन को भेजे हैं। वीडियो देखने के बाद ही परिजनों को घटना की जानकारी हुई। वहीं, प्राइवेट व पीएसी के गोताखोर युवक व बच्चों की तलाश में यमुना नदी में सर्च अभियान चलाए हुए हैं। शनिवार सुबह यूपी-हरियाणा सीमा पर स्थित यमुना ब्रिज पर सैकड़ों लोगों की भीड़ जमा हो गई। लोगों का कहना था कि कैराना कस्बे के मोहल्ला अफगानान निवासी युवक सलमान ने अपने चार मासूम बच्चों के साथ में यमुना नदी में कूदकर आत्महत्या कर ली। मामले की सूचना पर एसडीएम कैराना निधि भारद्वाज व नायब तहसीलदार सतीश यादव यमुना नदी पर पहुंचे तथा युवक व उसके बच्चों की तलाश में सर्च अभियान शुरू कराया। बाद में एएसपी संतोष कुमार सिंह ने -शेष पृष्ठ दो पर

# भारत छह नए एके-630 एयर डिफेंस गन सिस्टम खरीदेगा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**■ एक मिनट में 3000 राउंड फायर करेगा सिस्टम, 4 किमी रेंज, पाकिस्तान बॉर्डर पर किया जाएगा तैनात**

**■ ऑपरेशन सिंदूर के दौरान जरूरत हुई थी महसूस**



**नई दिल्ली।** भारत, पाकिस्तान बॉर्डर से सटे इलाकों और धार्मिक स्थलों की सुरक्षा को और मजबूत करने जा रहा है। इसके लिए आर्मी ने 6 नए एके-630 एयर डिफेंस गन सिस्टम खरीदने के लिए सरकारी कंपनी एडवांस्ड वेपन एंड इक्विपमेंट इंडिया लिमिटेड (एडब्ल्यूईआईएल) को टेंडर जारी किया है।

सेना के अधिकारियों के मुताबिक, इन गन सिस्टम की जरूरत ऑपरेशन सिंदूर के दौरान महसूस हुई, जब पाकिस्तान सेना ने जम्मू-कश्मीर और पंजाब में आबादी वाले इलाकों और धार्मिक स्थलों को निशाना बनाया था। अब इनकी तैनाती से इन इलाकों में हवाई खतरों से बेहतर सुरक्षा मिलेगी। ये गन सिस्टम 'मिशन सुदर्शन चक्र' का हिस्सा है। पीएम नरेंद्र मोदी ने 15 अगस्त को लाल किले से दिए अपने भाषण में सुदर्शन चक्र मिशन की घोषणा की थी। इसका लक्ष्य 2035 तक एक स्वदेशी, मल्टी-लेयर सुरक्षा कवच तैयार करना है, जिसमें निगरानी, साइबर सुरक्षा और एयर डिफेंस सिस्टम शामिल होंगे। एके-630 सिस्टम ड्रोन, रॉकेट, आर्टिलरी और मोर्टार जैसे हवाई हमलों को रोकने में सक्षम होगा। एके-630 एक 30 मिमी मल्टी-बैरल मोबाइल गन सिस्टम है, जो प्रति -शेष पृष्ठ दो पर

### भारत रूस से और एस-400 डिफेंस सिस्टम खरीदेगा!

**नई दिल्ली।** भारत रूस से कुछ और एस-400 मिसाइल डिफेंस सिस्टम खरीद सकता है। ऐसे पांच सिस्टम की डील पहले ही हुई थी, जिनमें से 3 भारत को मिल चुके हैं। नई डील इनके अलावा होगी। एक न्यूज एजेंसी के सोर्स के मुताबिक, दिसम्बर में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के भारत दौरे के समय डील पर बातचीत हो सकती है। यह वही डिफेंस सिस्टम है, जिसने ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान की ओर से किए गए ड्रोन और मिसाइल हमलों को हवा में ही मारकर नाकाम किया था।

मिरगी
घबराएं नहीं उचित इलाज करवाएं
मिरगी कोई भूत-प्रेत, छाया या आत्मा आदि का प्रकोप नहीं है। इसका इलाज नीम-हकीम, फकीर और ढोंगी लोग नहीं कर सकते हैं। इसका इलाज केवल उचित दवाओं द्वारा योग्य डाक्टर ही कर सकते हैं। यह एक साधारण रोग है। इसका इलाज संभव है।
मिरगी के लक्षण
• अचानक बेहोश होकर जमीन पर गिर जाना • जीभ का बाहर व दांतो के बीच आना
• आंखे पथराना • मुट्ठियां कसना
• हाथ-पैर ऐंठ जाना • गर्दन टेढ़ी पड़ना
• मुंह से झाग निकलना • अचानक झटका-सा लगना
• मुंह एक तरफ हो जाना • घे-घे-औं-औं की आवाज आना

अगर आपमें या आपके आस-पास किसी में इस प्रकार के लक्षण हैं तो विश्व प्रसिद्ध वरिष्ठ मिरगी रोग विशेषज्ञ डा. अय्यूब हसन 'मार्शल' के इलाज से लाभ उठाकर हमेशा के लिए मिरगी से छुटकारा पाएं।
डा. अय्यूब हसन 'मार्शल'
M.B.B.S., G.M.C.S. (U.K.), F.C.G.P., F.A.P.S. (U.S.A.)
M.A.P.A.(U.S.A.), M.R.C.S.M.I.P.S., F.I.P.S., M.I.E.A.(INDIA)
• आजीवन सदस्य भारतीय मिरगी एसोसिएशन
• पूर्व सी.एम.ओ., इरविन अस्पताल, नई दिल्ली
• फैलो ऑफ इंडियन साइकैट्रिक सोसाइटी
• पूर्व सी.एम.ओ., जी.बी. पन्त अस्पताल, नई दिल्ली
मिलने का पता
मार्शल चिकित्सा केन्द्र
निकट चन्द्रा टाकीज़ व सैन्ट्रल बैंक के सामने
मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) मो.: 9997411423, 9358348826
नोट
जांच कराने वाले रोगी बालों को शैम्पू से धोकर आयें
समय 11 बजे से 5 बजे तक मंगलवार अवकाश
असुविधा से बचने के लिए कृपा पहले से समय लेकर मिलें।

## संक्षिप्त समाचार

### वैष्णो देवी यात्रा पांच अक्टूबर से स्थगित रहेगी

**जम्मू।** श्री माता वैष्णो देवी मंदिर की तीर्थयात्रा भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) की चेतावनी के मद्देनजर रविवार से स्थगित रहेगी। श्रीमाता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया कि भारतीय मौसम विभाग की खराब मौसम संबंधी चेतावनी के मद्देनजर वैष्णो देवी यात्रा 5 से 7 अक्टूबर तक स्थगित रहेगी और 8 अक्टूबर को फिर से शुरू होगी। भक्त आधिकारिक चैनलों के माध्यम से नई जानकारी पा सकते हैं। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा, जो श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड के अध्यक्ष भी हैं, ने भूस्खलन के कारणों की जांच के लिए एक उच्च-स्तरीय तीन-सदस्यीय समिति का गठन किया था।

### सौमित्र ने इंडियन ऑयल में निदेशक का पद संभाला

**नई दिल्ली।** इंडियन ऑयल में हाल ही में निदेशक (विपणन) नियुक्त किए गए सौमित्र पी. श्रीवास्तव ने शुक्रवार को पदभार ग्रहण कर लिया। देश की सबसे बड़ी तेल विपणन कंपनी में तीन दशक से अधिक का अनुभव रखने वाले श्रीवास्तव ने आईआईटी रुड़की से सिविल इंजीनियरिग में स्नातक और एसपी जैन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड रिसर्च, मुंबई से एक्जीक्यूटिव एमबीए किया है। अपने करियर के दौरान उन्होंने प्रमुख व्यावसायिक क्षेत्रों को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। सेल्स फंक्शन के विभिन्न प्रमुख पदों पर पहुंचने से पहले उन्होंने एलपीजी व्यवसाय में भी चार साल तक काम किया है। श्रीवास्तव की नेतृत्व शैली सहयोगात्मक और परिणाम-उन्मुख है।

# फर्रुखाबाद के कोचिंग सेंटर में भीषण विस्फोट, दो की मौत, पांच छात्र गंभीर

**फर्रुखाबाद, वार्ता**

यूपी के फर्रुखाबाद के एक कोचिंग सेंटर में शनिवार को विस्फोट हो गया। इसमें 2 युवकों की मौत हो गई, जबकि 5 छात्र घायल हुए हैं। यहां लाइब्रेरी भी चलती थी। घायलों को तत्काल फर्रुखाबाद के लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया।

विस्फोट इतना भयानक था कि 1 किलोमीटर दूर तक इसकी आवाज सुनाई दी। शवों के चीथड़े उड़ गए। चारों तरफ खून ही खून फैल गया। कुछ छात्रों के शरीर के मांस के लोथड़े काफी दूर जाकर गिरे। ब्लॉस्ट में कोचिंग सेंटर के दरवाजे और बेंच टूट गए। बाहर की स्लैब और

**■ शवों के चीथड़े उड़े बाइकें 50 मीटर दूर गिरीं**

पक्की दीवारें 50 मीटर दूर जा गिरीं। बाहर लगी लोहे की जाली 150 मीटर दूर पानी के गड्ढे में जा गिरी। आसपास के कई मकानों के शीशे टूट गए। मौके पर बारूद जैसी गंध आ रही थी। कोचिंग सेंटर में छात्रों की खड़ी बाइक, स्कूटी और साइकिलें करीब 50 मीटर दूर तक जा गिरीं। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की 2 गाड़ियां, फतेहगढ़ और कादरी गेट थानों की पुलिस मौके पर पहुंच गई। घटना के कारणों की जांच की जा रही है। घायलों का हाल जानने के लिए डीएम आशुतोष कुमार द्विवेदी और एसपी आरती सिंह लोहिया अस्पताल पहुंचे। सिटी मजिस्ट्रेट संजय कुमार बंसल भी मौके पर पहुंचे। फोरेंसिक टीम और बम स्क्वॉयड मौके पर पहुंच गया है। हादसे का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। इसमें धमाका होता दिख रहा है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अवनींद्र कुमार ने बताया कि अस्पताल लाए गए 7 घायलों में से 2 युवक को मृत घोषित कर दिया गया। उसकी अभी शिनाख्त नहीं हो पाई है। सीएमओ के अनुसार एक गंभीर रूप से घायल युवक को हायर सेंटर रेफर किया गया है। इसके अलावा दो बच्चों को भी बेहतर इलाज के लिए रेफर किया गया है।

# बड़े भवनों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग अनिवार्य हो

## 100 वर्ग मीटर से बड़े सभी भवनों के लिए सीएम योगी ने जारी किए निर्देश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** भूजल के स्तर को बनाए रखने के लिए वर्षा जल का संचयन की आवश्यकता जताते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को कहा कि सौ वर्ग मीटर क्षेत्रफल से बड़े सभी भवनों में रेन वाटर हार्वेस्टिग सिस्टम अनिवाए किया जाना चाहिए।

नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में योगी ने कहा कि जल संकट आज हमारी सामूहिक चिता का विषय बन चुका है। चेक डैम, तालाब और ब्लास्टकूप वर्षा जल को रोककर धीरे-धीरे उसे भूमि में समाहित होने देते हैं। यह केवल स्थानीय प्राथमिकता नहीं है, बल्कि राष्ट्रीय आवश्यकता है। चेक डैम, तालाब और ब्लास्टकूप केवल पानी रोकने की व्यवस्था नहीं बल्कि समेकित जल



प्रबन्धन है, जो बड़े बांधों की तुलना में यह काफी किफायती है। उन्होंने निर्देशित किया कि 'एक पेड़ मां के नाम' की तर्ज पर जनांदोलन बनाते हुए चेक डैम, तालाब और ब्लास्टकूप का निर्माण एवं जीर्णोद्धार कराएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश विभिन्न भागों स्थानीय/बरसाती नदी/ नालों में विभाग द्वारा अद्यतन 6,448 चेकडैमों का निर्माण किया जा चुका है। प्रत्एक चेकडैम से औसतन 20 हेक्टेयर अतिरिक्त सिचन क्षमता विकसित होती है। इस प्रकार निर्मित चेकडैमों से कुल 1,28,960 हेक्टेयर अतिरिक्त सिचन क्षमता सृजित हुई है और हर साल 10 हजार हेक्टेयर मीटर से अधिक भूजल रिचार्ज हो रहा है। उन्होंने कहा कि इन प्रयासों से अन्नदाता किसान वर्ष में दो से तीन फसल लेने में सक्षम हुए हैं। उन्होंने कहा कि वर्षा जल संचयन और ग्राउंड वाटर रिचार्जिंग की दिशा में प्रदेश सरकार लगातार कदम उठा रही है। वित्तीय वर्ष 2022-23 से अब तक 1,002 चेकडैमों की डी-सिल्टिग और मरम्मत कर उनकी क्षमता में वृद्धि की गई है। इसी तरह प्रदेश के 1 से 5 हेक्टेयर के 16,610 तालाबों में से 1,343 का पुनर्विकास और जीर्णोद्धार किया गया है, वहीं वर्ष 2017-2025 तक 6192 ब्लास्टकूप के माध्यम से 18576 हेक्टेयर सिचन क्षमता सृजित हुई है। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि बरसात से पहले यानी 1 अप्रैल से 15 जून तक कुम्हारों को तालाब से मुफ्त मिट्टी निकालने की छूट दी जाए, ताकि तालाब रिचार्ज के लिए तैयार हो सकें।

## मौलाना के करीबी नफीस के बारात घर पर चला बुलडोजर

# बरेली में रजा पैलेस को तहस-नहस किया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** बरेली हिंसा मामले में पुलिस-प्रशासन की मौलाना तौकीर रजा के गुर्गो और रिश्तेदारों पर कार्रवाई हो रही है। इसी के तहत शनिवार को मौलाना के गुर्गे नफीस के 'रजा पैलेस' नाम के बारात घर पर बुलडोजर चलाया गया। इस दौरान भारी संख्या में पुलिस फोर्स मौजूद रही। इससे पहले बीते मंगलवार को बीडीए (बरेली विकास प्राधिकरण) ने सपा पार्षद व तौकीर रजा के रिश्तेदार उमान रजा के गैराज को ध्वस्त कर दिया था। साथ ही उसकी दो नवनिर्मित दुकानें भी सील कर दी थीं।

शहर के जखीरा मोहल्ले में स्थित रजा पैलेस डा. नफीस का है। नफीस को पुलिस गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। आरोप है कि यह मौलाना का सबसे



**■ पुलिस हिंसा में 83 लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी**

करीबी है और हिंसा का मुख्य आरोपी है। इसी ने लोगों को भड़काया था, जिसके बाद काफी संख्या में लोग जमा हो गए थे।

जब पुलिस 'आई लव मोहम्मद' के पोस्टर हटाने गई थी, तब नफीस ने एक इंस्पेक्टर से कहा था कि पुलिस के हाथ काट लूंगा, पोस्टर को हाथ भी मत लगाना। नफीस के साथ-साथ पुलिस ने उसके बेटे को भी जेल भेजा है। एक्शन को लेकर बरेली की डिप्टी एसपी सोनाली मिश्रा ने बताया कि यह अभियान बरेली जिला प्रशासन द्वारा चलाया जा रहा है और हम सुरक्षा प्रदान करने के लिए यहां मौजूद हैं। पर्याप्त पुलिस बल को तैनात किया गया है। अभी तक पुलिस हिंसा में 83 लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। मौलाना तौकीर रजा फतेहगढ़ सेंट्रल जेल में बंद है। एसपी अनुराग आर्य ने पत्रकारों को बताया था कि हिंसा वाले दिन मस्जिदों में नमाज का वक्त जानबूझकर बदला गया था।

### बरेली में सपा नेताओं के प्रवेश पर रोक नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद नजरबंद

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में बरेली के लिए निकलने से पहले शनिवार को समाजवादी पार्टी के नेताओं को नजरबंद कर लिया गया। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय ने आरोप लगाया कि वो बरेली जा रहे थे, लेकिन जिलाधिकारी के आदेश पर उन्हें रोक दिया गया है। उनके घर के बाहर भारी संख्या में पुलिस बल को तैनात किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रशासन की दलील है कि सपा नेताओं के जाने से माहौल खराब होगा, लेकिन सच्चाई ये है कि प्रशासन अपनी कमियों को छिपाने की कोशिश कर रहा है।

### अपनी नाकामी छिपाने का प्रयास कर रहा प्रशासन: माता प्रसाद पांडेय

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता और विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय को शनिवार को बरेली जाने से पहले ही लखनऊ में पुलिस ने हाउस अरेस्ट कर लिया है। इस बीच पांडेय ने प्रशासन पर अपनी नाकामी छिपाने का आरोप लगाते हुए कहा कि वह जल्द ही राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से मुलाक़ात कर आगे की रणनीति तय करेंगे। पांडेय ने कहा कि मैं आज बरेली के लिए निकल रहा था उसी समय पुलिस ने मुझे रोककर हाउस अरेस्ट कर लिया। मुझे बताया गया कि बरेली में निषेधाज्ञा लागू है। आपके वहां जाने से माहौल बिगड़ सकता है।

# बरेली में माहौल बिगाड़ना चाहते हैं विपक्षी नेता: राठौर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**■ यूपी के राज्यमंत्री राठौर ने लगाया आरोप**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जेपीएस राठौर ने आरोप लगाया कि विपक्षी दलों के नेता बरेली में माहौल खराब करने की साजिश कर रहे है, मगर सरकार किसी को भी अमन चैन बिगाड़ने की अनुमति नहीं देगी। राठौर ने कहा कि बरेली में अब पूरी तरह अमन और चैन है।

पुलिस ने समय से कार्रवाई कर उपद्रव फैलाने की हर साजिश को विफल कर दिया, जो भी विपक्षी सांसद या नेता बरेली जाने की बात कर रहे हैं, वे सिर्फ माहौल खराब करने की साजिश के तहत ऐसा कर रहे हैं। सरकार किसी को भी बरेली का अमन चैन बिगाड़ने की इजाजत नहीं देगी। सपा के सांसद और नेता अब बरेली जाकर उन्हीं उपद्रवियों के लिए आंसू बहाने की तैयारी में हैं, जिन्होंने पुलिस और निर्दोष लोगों की जान लेने की कोशिश की। उन्होंने सवालिया लहजे में कहा कि वे किसके लिए बरेली जा रहे हैं, उन लोगों के लिए जिन्होंने कानून तोड़ा, पत्थर फेंके और पुलिस पर हमला किया। किसी निर्दोष को नुकसान नहीं हुआ, केवल कानून तोड़ने वालों को जेल भेजा गया है। राठौर ने कहा कि विपक्षी दलों को लगा था कि बरेली आग में झुलसेगा और उन्हें राजनीतिक फायदा मिलेगा, लेकिन प्रशासन की सख्त कार्रवाई ने उनकी मंशा पर पानी फेर दिया। जो लोग दूसरों की लाशों पर राजनीतिक रोटियां सेंकते हैं, अब जनता उन्हें अच्छी तरह पहचान चुकी है। जो पहले संविधान की दुहाई देते थे, वही आज संविधान तोड़ने और हिसा फैलाने की कोशिश कर रहे हैं। मंत्री ने कहा कि सरकार की नीति साफ है, कानून तोड़ने वालों को बख्शा नहीं जाएगा और शांति भंग करने की अनुमति किसी को नहीं दी जाएगी।



**सेंसेक्स** 80956.01
**निफ्टी** 24782.70



**सोना रु.** 116000
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



**चांदी रु.** 137467
प्रति किलो



# पीएम मित्र पार्क में अब तक मिले पांच हजार करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्ताव

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** लखनऊ और हरदोई जिले में विकसित हो रहे पीएम मित्र पार्क में निवेश को लेकर उत्साह लगातार बढ़ रहा है। अब तक पांच हजार करोड़ रुपए से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हो चुके हैं। जानकारी के अनुसार हैंडलूम एवं टेक्सटाइल विभाग की ओर से अब तक 95 औद्योगिक इकाइयों के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) साइन किए जा चुके हैं। इनमें देश-विदेश की कई बड़ी कंपनियां शामिल हैं, जो उत्तर प्रदेश को टेक्सटाइल उद्योग का नया केंद्र बनाने की दिशा में काम करेंगी।

आदित्य बिरला ग्रुप ने 30 एकड़ भूमि में स्पिनिग और वीविग यूनिट स्थापित करने की इच्छा जताई है। वहीं जीईएसएल स्पिनर्स 20 एकड़ में



टेक्निकल टेक्सटाइल यार्न यूनिट लगाने की योजना बना रहा है। इसके अलावा अजूल डेनिमकार्ट 15 एकड़ में डेनिम फैब्रिक यूनिट, एसएवीएम इंक डी 25 एकड़ में गारमेंट मैन्युफैक्चरिंग, जियोसिस इंडिया 25 एकड़ में जियोग्रिड टेक्निकल टेक्सटाइल्स और टीटी लिमिटेड 5 एकड़ में गारमेंट यूनिट लगाने जा रही हैं। इतना ही नहीं, आरजीआई मेडिटेक 2.5 एकड़ में सैनिटरी नैपकिन्स और डायपर्स यूनिट, वीडी ग्रुप 10 एकड़ में पॉलीप्रोपिलीन फैब्रिक यूनिट, माराल ओवरसीज 5 एकड़ में गारमेंट मैन्युफैक्चरिंग और ओखला गारमेंट एंड टेक्सटाइल क्लस्टर 125 एकड़ में गारमेंट मैन्युफैक्चरिग हब स्थापित करने की दिशा में अग्रसर है। यह महत्वाकांक्षी परियोजना कुल 1000 एकड़ भूमि पर विकसित की जा रही है, जिसमें 730 एकड़ लखनऊ जनपद और 270 एकड़ हरदोई जनपद में शामिल हैं। पार्क के निर्माण के बाद 10 हजार करोड़ रुपए से अधिक निवेश आकर्षित होने की संभावना है, जिससे एक लाख से अधिक लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। पार्क के संचालन एवं प्रबंधन के लिए 'पीएम मित्र पार्क उत्तर प्रदेश लिमिटेड' नाम से एक एसपीवी का गठन किया गया है। इसमें 51 प्रतिशत हिस्सेदारी उत्तर प्रदेश सरकार की और 49 प्रतिशत भारत सरकार की होगी।

## आसमान छूती कीमतों से घटी सोने की मांग

**नई दिल्ली।** इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन के अनुसार इस दशहरे पर सोने की मांग में भारी गिरावट देखी गई और पिछले साल इसी त्योहार के दौरान 24 टन की तुलना में बिक्री 25 प्रतिशत घटकर 18 टन रह गई। यानी कहा जा सकता है कि इस दशहरा पर लोगों का मोह सोने से भंग हो गया। मांग में आई गिरावट की मुख्य वजह सोने की आसमान छूती कीमतें भी रहीं। इतना ही नहीं दिवाली के मौके पर इसकी कीमतों में और भी इजाफा हो सकता है। मार्केट एक्सपर्ट का कहना है कि यह तेजी अभी खत्म नहीं हुई है और दिवाली से पहले ही सोने की कीमत 1.22 लाख रुपये तक पहुंच सकती है। अगर दामों के हिसाब से देखा जाए तो गोल्ड की बिक्री में लगभग 30-35 प्रतिशत की वृद्धि हुई। यह कीमतों में हुए इजाफे को दर्शाती है। गुरुवार को मनाए गए दशहरे पर सोने की कीमत 1.16 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम थी। विश्लेषकों का अनुमान है कि दिवाली तक सोना 1,22,000 और चांदी 1,50,000 तक पहुंच जाएगी। केंद्रीय बैंक की नरम नीतियों, भू-राजनीतिक चिंताओं और बढ़ती मांग से इस तेजी को बल मिल रहा है।

# चावल-चीनी नरम, खाद्य तेल-दालों के दाम भी घटे, गेहूं में रहा टिकाव

**नई दिल्ली।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में शनिवार को चावल के औसत भाव टूट गए, जबकि गेहूं की कीमतों में कमोबेश टिकाव रहा। खाद्य तेलों और दालों के दाम फिसल गए। चीनी में भी नरमी रही।

घरेलू थोक जिंस बाजारों में चावल की औसत कीमत 30 रुपए घटकर 3,811.35 रुपए प्रति क्विंटल हो गयी। गेहूं के भाव 2,865.60 रुपए प्रति क्विंटल पर लगभग स्थिर रहे। आटे की कीमत सात रुपए बढ़ी और यह 3,318.28 रुपए प्रति क्विंटल बिका। खाद्य तेलों में नरमी रही। सरसों तेल की औसत कीमत 16 रुपए प्रति क्विंटल घट गई। सूरजमुखी तेल 48 रुपए और मूंगफली तेल 343 रुपए प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। सोया



तेल की कीमत 20 रुपए और वनस्पति के दाम 49 रुपए प्रति क्विंटल टूटे। दाल-दलहनों में चना दाल की औसत कीमत 39 रुपए प्रति क्विंटल घट गई। मूंग दाल की कीमत 41 रुपए और उड़द दाल की 29 रुपए प्रति क्विंटल घट गई। तुअर दाल 122 रुपए और मसूर दाल 17 रुपए प्रति क्विंटल सस्ती हुई। गुड़. चीनी: मीठे के बाजार में आज गुड़ की औसत कीमत 25 रुपए प्रति क्विंटल गिर गई। चीनी का भाव भी 18 रुपए प्रति क्विंटल घटा। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7875.40 रुपए, मसूर काली 8131.11 रुपए, मूंग दाल 10069.16 रुपए, उड़द दाल 10371.83 रुपए, अरहर दाल 10419.85 रुपए प्रति क्विंटल।

अनाज : गेहूं दड़ा 2865.60 रुपए और चावल 3811.35 रुपए प्रति क्विंटल। चीनी.गुड़ : चीनी एस 4306.93 रुपए और गुड़ 4993.98 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल: सरसों तेल 17873.98 रुपए, मूंगफली तेल 17513.74 रुपए, सूरजमुखी तेल 15487.58 रुपए, सोया रिफाइंड 13746.94 रुपए, पाम ऑयल 12467.83 रुपए और वनस्पति 14453.45 रुपए प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**मप्र के....**

को हुई थी। इसके बाद 15 दिन में किडनी फेल होने से एक-एक कर 6 बच्चों की मौत हो गई। एमपी स्टेट फूड एंड ड्रग कंट्रोलर दिनेश कुमार मौर्य ने शनिवार को बताया कि कोल्ड्रिफ सिरप में डायएथिलीन ग्लाइकॉल पाया गया, इसकी मात्रा तय मात्रा से ज्यादा थी। इसी कारण यह सिरप विषैला पाया। स्वास्थ्य मंत्रालय ने शनिवार को बताया कि केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) ने मध्य प्रदेश में कफ सिरप से बच्चों की मौत की खबरों के बाद छह राज्यों में कफ सिरप और एंटीबायोटिक दवाएं बनाने वाली 19 कंपनियों के प्लांट में 3 अक्टूबर से निरीक्षण शुरू किया है। इसका उद्देश्य उन खामियों की पहचान करना है जिनके कारण दवा की क्वालिटी में कमी आई है। राजस्थान में कप सिरप पीने से भरतपुर और सीकर में एक-एक मौतें सामने आई हैं। शुरुआती जांच में डीट्रोमेथार्फन हाइड्रोब्रोमाइड सिरप आईपी का नाम सामने आया। यह दवाई एक निजी फार्मा कंपनी केसंस फार्मा तैयार करती है। यहां भी बच्चों की मौत की वजह किडनी फेल होने की बात बताई गई। इसके बाद शनिवार को सरकार एक्शन में आई। राजस्थान सरकार ने केसंस फार्मा की सभी 19 प्रकार की दवाइयों पर रोक लगा दी है। राज्य के ड्रग कंट्रोलर राजाराम शर्मा को निलंबित कर दिया। इससे पहले, शर्मा ने कंपनी को जांच में क्लीन चिट दी थी। एमपी के ड्रग कंट्रोलर दिनेश मौर्या ने बताया था कि स्वास्थ्य विभाग ने दोनों कफ सिरप का प्रोडक्शन रुकवाने के लिए तमिलनाडु और हिमाचल को पत्र लिखा है। तमिलनाडु सरकार ने मप्र की ओर से पत्र मिलते ही 24 घंटे के भीतर कोल्ड्रिफ सिरप (बैच नंबर एसआर-13) का सैंपल लेकर जांच कराई। इसमें डाइएथिलीन ग्लाइकॉल(डीईजी) 48.6 फीसदी मिला, जो एक विषैला पदार्थ है। इसके तुरंत बाद पूरे तमिलनाडु में इसके उत्पादन और बिक्री पर प्रतिबंध लगा दिया गया। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने शुक्रवार को हेल्थ एडवाइजरी जारी करके कहा कि दो साल से कम उम्र के बच्चों को कफ सिरप न दी जाएं। सरकार ने मध्य प्रदेश और राजस्थान में कफ सिरप से 11 बच्चों की मौत की खबरों के बाद एडवाइजरी जारी की है। इससे बड़े बच्चों को यदि कफ सिरप दिया जाए, तो उनका इस्तेमाल सावधानीपूर्वक किया जाना चाहिए। यानी जिस बच्चे को दवा दी जा रही है, उसे कड़ी निगरानी में रखा जाए। उसे उचित खुराक दी जाए। कम से कम समय के लिए दवा दी जाए। कई दवाओं के साथ कफ सिरप नहीं दिया जाए। डीजीएचएस की डा. सुनीता शर्मा ने यह एडवाइजरी जारी की है।

**पत्नी की बेवफाई...** भी यमुना नदी पर पहुंचकर घटना की जानकारी हासिल की। शाम तक प्राइवेट व पीएसी के करीब दर्जनभर गोताखोर दो मोटरबोट से युवक व बच्चों की तलाश में यमुना नदी में सर्च अभियान चलाए हुए थे, लेकिन कोई सफलता हाथ नहीं लगी। वहीं, एएसपी ने बताया कि कैराना निवासी सलमान नामक युवक के अपने चार बच्चों के साथ में यमुना नदी में कूदने की सूचना पुलिस-प्रशासन को मिली है। हालांकि युवक के बच्चों समेत नदी के कूदने की अभी तक कोई पुष्टि नही हो सकी है। युवक की तलाश में यमुना नदी ने सर्च अभियान चलाया जा रहा है।

**भारत छह...**

मिनट करीब 3,000 राउंड फायर कर सकता है और इसकी मारक क्षमता 4 किलोमीटर तक है। इसे एक ट्रेलर पर लगाया जाएगा,जिसे हाई-मोबिलिटी वाहन से खींचा जाएगा। यह सिस्टम ड्रोन, रॉकेट, आर्टिलरी और मोर्टार जैसे हवाई हमलों को रोकने में सक्षम होगा। इसमें ऑल-वेदर इलेक्ट्रो- ऑप्टिकल फायर कंट्रोल सिस्टम भी होगा, जो किसी भी मौसम में लक्ष्य की पहचान कर सकता है। भारतीय रक्षा अनुसंधान संगठन (डीआरडीओ) के बनाए स्वदेशी इंटीग्रेटेड एयर डिफेंस वेपन सिस्टम (आईएडी) का पहला टेस्ट कामयाब रहा था। यह टेस्ट 24 अगस्त को ओडिशा के तट पर किया गया था। आईएडी एक मल्टीलेयर एयर डिफेंस सिस्टम है। ये दुश्मन के हवाई हमले नाकाम करेगा। इसमें सभी स्वदेशी क्विक एक्शन सरफेस टू एयर मिसाइल, एडवांस्ड वैरी शार्ट एयर डिफेंस सिस्टम मिसाइलें और हाई पावर लेजर बेस्ड डायरेक्टेड एनर्जी वेपन शामिल हैं। पंजाब के आदमपुर एयरबेस से 13 मई को पीएम मोदी ने जिस एयर डिफेंस सिस्टम की तारीफ की थी, वह भारत का आकाशतीर कमांड एंड कंट्रोल सिस्टम है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान इसकी मदद से ही पाकिस्तान की ओर से आ रहे सैकड़ों ड्रोन, मिसाइल और राकेट को हवा में ही मार गिराया गया था। इसे भारत का आयरन डोम कहा गया है।

# चुनाव आयोग भाजपा की बी-टीम: कांग्रेस

**नई दिल्ली, वार्ता**

कांग्रेस ने मतदाता सूची पुनरीक्षण को बेवजह की कवायद बताते हुए कहा है कि चुनाव आयोग ने यह पूरा खेल भारतीय जनता पार्टी के इशारे पर किया है और आरोप लगाया है कि इस अभियान का मकसद सिर्फ भाजपा और उसके सहयोगी दलों को चुनावी फायदा पहुंचाना है।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने शनिवार को यहां एक बयान में कहा कि चुनाव आयोग ने मतदाता सूची पुनरीक्षण (एसआईआर) का पूरा खेल ही भाजपा के इशारे पर रचा है। अंतिम एसआईआर में निर्वाचन आयोग के सुधार के दावे भी गलत साबित हो रहे हैं। बिहार के सभी इलाकों से ऐसी खबरें आ रही हैं, जो इस बात की पुष्टि करती हैं कि पूरी प्रक्रिया का मकसद भाजपा तथा उसके मित्र दलों को राजनीतिक लाभ पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची पुनरीक्षण प्रक्रिया के बाद अंतिम सूची में भी तमाम गड़बड़ियों के मामले बताते हैं कि चुनाव आयोग को उच्चतम न्यायालय के स्पष्ट आदेशों की भी कोई परवाह नहीं है। भाजपा की बी टीम के रूप में काम कर रहा चुनाव आयोग पूरी तरह से अनैतिक काम करने पर उतर चुका है। उन्होंने सवाल किया कि क्या मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार इसका जवाब देंगे कि एक घर में 247 मतदाता कैसे पाए गए और एक व्यक्ति का नाम एक ही बूथ पर तीन-तीन जगह क्यों है। अंतिम मतदाता सूची में इतनी बड़ी गड़बड़ियां कैसे सामने आ रही हैं।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी, जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहे फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना

# कार की टक्कर से पिता की मौत, बेटा गंभीर

## कार सवार तीन लोग भी घायल




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पुरकाजी।** शनिवार को पुरकाजी कस्बा क्षेत्र के गंगनहर स्थित एक आश्रम के निकट तेज रफ्तार से आई कार की चपेट में आए बाइक सवार युवक की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि उसका बेटा व तीन अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। इकट्ठा भीड़ ने घायलों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया और इसकी जानकारी पुलिस को दी। मृतक पिता-पुत्र किसी काम से कस्बे में आ रहे थे।

गांव कम्हेडा निवासी 45 वर्षीय दिलशाद उर्फ भुरा अपने बेटे अर्श के साथ बाइक द्वारा पुरकाजी कुछ सामान खरीदने के लिए आ रहे थे जैसे ही पिता-पुत्र की बाइक गंग. नहर पर पहुंची तो अचानक हरिद्वार से आई कार ने बाइक में टक्कर मार दी।

प्रतिदर्शियों का कहना है कि कार की गति इतनी तेज थी कि टक्कर लगते ही पिता-पुत्र काफी दूर जाकर गिरे और लहुलूहान हो गए। बाइक सवार डिवाइडर से टकरा गए। इस दौरान कार सवार अभिषेक पुत्र जोगेन्द्र, शिवम पुत्र राजेन्द्र और अरपण पुत्र गजाधर निवासी श्यामविहार कॉलौनी बल्लमनगर फरीदाबाद हरियाणा भी घायल हुए है। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने कारव बाइक को अपने कब्जे में की। और एंबुलेंस द्वारा घालयों को अस्पताल में पहुंचाया तो डॉक्टरो ने दिलशाद को मृत घोषित कर दिया। सूचना के बाद थाना प्रभारी मौके पर पहुंचे।

# युवक का शव फांसी पर लटका मिला

## घर में की आत्महत्या, पुलिस ने शव को पीएम को भेजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानसठ।** कस्बे के मोहल्ला गंज में शनिवार को एक युवक का शव उसके ही घर के अंदर फाँसी के फंदे पर लटका हुआ मिला। इस घटना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, मृतक दीपांशु पुत्र स्वर्गीय रवि कस्बे में एक परचून की दुकान पर काम करता था। शनिवार को साप्ताहिक बंदी के कारण आज दुकान पर नहीं गया था शनिवार की दोपहर करीब 11 बजे उसका शव संदिग्ध परिस्थितियों में घर के अंदर फंदे से लटका हुआ पाया गया। जिसकी सूचना किसी के द्वारा पुलिस को दी गई घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस तत्काल मौके पर पहुँची और शव को कब्जे



में ले लिया। पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। फिलहाल, पुलिस पूरे मामले की गहनता से जाँच-पड़ताल कर रही है ताकि युवक की मौत के वास्तविक कारणों का पता लगाया जा सके। पुलिस ने कहा है कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने और जाँच पूरी होने के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो पाएगी।

# अंजुमन तरक्की-ए-तालीम के अध्यक्ष चुने गए मौ. हसनैन

**मुजफ्फरनगर।** अंजुमन तरक्की ए तालीम सादात बाहरा मुजफ्फरनगर की बैठक संपन्न मोहम्मद हसनैन अध्यक्ष, हसीन हैदर उपाध्यक्ष, मशहद रजा सचिव नियुक्त किए गए।

शनिवार को अंजुमन तरक्की ए तालीम सादात बाहरा मुजफ्फरनगर के आजीवन सदस्यों की एक मीटिंग संस्था की नियमावली की धारा 13 बी के अनुसार आर्य समाज रोड स्थित सादात हॉस्टल परिसर में सैयद नवाब हसन (खुजैड़ा) की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक का संचालन जिल्ले हैदर जैदी (हैबतपुर) ने किया।

बैठक में आपसी सहमति से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया जिसमें सैयद मोहम्मद हसनैन अध्यक्ष, हसीन हैदर उपाध्यक्ष, मशहद रजा जैदी सचिव, सैयद असगर अब्बास, सैयद हसन अब्बास, सैयद अली मेहंदी, सैयद जहीर हसन ज्वाइंट सचिव बनाए गए। इसके अलावा 11 सदस्यीय कमेटी में सैयद नवाब हैदर खुजैड़ा, सैयद नुसरत रियाज नंगला, सैयद मोहम्मद, सैयद सलीम अब्बास, सैयद मोहम्मद शाहिद जैदी, सैयद अता अली, सैयद रौनक अफरोज, सैयद एजाज रजा जैदी, सैयद अजहर अब्बास, सैयद नफसे मुस्तफा व सैयद काशिफ रजा नियुक्त किए गए।

इस दौरान सैयद औसत अली, सैयद हुसैन अफरोज व सैयद महरोज हैदर मुख्य चुनाव अधिकारी मौजूद रहे। सभी ने तय किया कि आवाम के हित में अंजुमन कार्य करेगी तथा इससे अधिक से अधिक लोगों को जोडा जाएगा।

# दिखा फैशन परपंरा और ट्रेंड का अदभुत संगम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुज़फ्फरनगर।** शहर में फैशन, परंपरा और ट्रेंड का अद्भुत संगम देखने को मिला जब सिल्वर लीफ, मेरठ रोड पर दीवाली एडिट त्योहार कूचर का आयोजन किया गया। यह फैशन एवं लाइफस्टाइल प्रदर्शनी अं‍ि. कता बिंदल और इशा अग्रवाल द्वारा आयोजित की गई, जिसमें देशभर से नामी डिजाइनर, ज्वेलरी ब्रांड्स और होम डेकोर एक्सपर्ट्स ने हिस्सा लिया। इस प्रदर्शनी में परिधानों, आभूषणों, फुटवियर और गृह सज्जा से जुड़ी नई-नई कलेक्शन्स ने सभी का मन मोह लिया। खास बात यह रही कि प्रदर्शनी का थीम एलीगेंस और जॉय ऑफ़ दीवाली रखा गया, जो हर स्टॉल और डेकोर में झलकता नजर आया। आयोजक अंकिता बिंदल और इशा अग्रवाल ने बताया कि इस इवेंट का उद्देश्य शहरवासियों को त्योहारी



सीज़न से पहले एक ही जगह पर फैशन और लाइफस्टाइल की बेहतरीन रेंज उपलब्ध कराना है। शहर के लोगों ने इस शानदार आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे इवेंट्स न सिर्फ स्थानीय डिज़ाइनर्स को मंच देते हैं बल्कि मुज़फ्फरनगर के फैशन प्रेमियों के लिए नई प्रेरणा लेकर आते हैं।

# तालड़ा जंगल से अपहृत किसान वापस लौटा

## 10 लाख की फिरौती देने की चर्चाएं, एसपी देहात ने संभाली कमान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** शुक्रवार की रात कस्बा जानसठ क्षेत्र के गांव तालडा के जंगल से एक कास्तकार का उस समय अपहरण कर लिया गया जब वह खेतों पर काम करने गया था। चर्चा है कि किसान को अगवाह करने के बाद बदमाशों ने उस से दस लाख की फिरौती वसूली और आठ घंटे बाद उसको मुक्त किया गया। घटना की सूचना के बाद एसपी देहात मौके पर पहुंचे और उन्होने सीओ व कोतवाली के साथ मीटिंग लेते हुए खुलासे के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

बताया जाता है कि कस्बा जानसठ के गांव तालडा निवासी किसान शुक्रवार को खेत पर काम करने गया था इसी बीच बदमाशों ने उसको अगवाह कर लिया। अपहरण के बाद बदमाश किसान का मोबाइल यूज करने लगे और सबसे पहले उन्होने किसान के फोन से जनपद गाजियाबाद में रहने वाले



उसके बेटे से दस लाख की रंगदारी मांगी और साथ में चेतावनी दी कि यदि फिरौती नहीं दी तो अंजाम बुरा होगा। एक तरफ अपहरण की घटना से पूरे गांव में दहशत का माहौल बन गया और परिवार में भी दहशत सवार हो गई। दी गई सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की छानबीन की। पुलिस लगातार किसान की बरामदगी के लिए भागदौड़ में लगी रही। बताया जाता है कि पुलिस की टीमे भी किसान की बरामदगी की भागदौड कर ही रही थी कि आठ घंटे बाद किसान घर वापस लौटा है चर्चा है कि किसान से दस लाख की फिरौती वसूली गई और इसके बाद ही उसको मुक्त किया गया। एसपी देहात आदित्य बंसल ने अधीनस्थों के साथ बैठक कर पीड़ित परिवार से भी इस संबंध में जानकारी ली अब पुलिस ने इस मामले का मुकदमा दर्ज करते हुए छानबीन शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि घटना का जल्द ही खुलासा किया जाएगा। फिलहाल एसपी देहता के निर्देशन में बनाई गई टीम ने शनिवार को जंगल में पहुंचकर घटना स्थल का मौका मुआयना किया पुलिस का कहना है कि बदमाश जल्द ही पुलिस के शिकंजे में होगे।

# नगर में 262 करोड़ की लागत से बन रहा सीआईआईआईटी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** आज प्रदेश सरकार के कौशल विकास एवं व्यावसायिक शिक्षा मंत्री, जनपद मुजफ्फरनगर के लोकप्रिय विधायक कपिल देव अग्रवाल ने कम्पनी बाग के सामने टाटा टेक्नोलोजी द्वारा निर्माणाधीन सी.आई.आई.आई.टी. (सेन्टर फॉर इन्नोवेशन इनकूबेशन इन्नोवेशन एण्ड ट्रेनिंग) परिसर का स्थलीय निरीक्षण किया। यह संस्थान प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की दूरदर्शी सोच और कपिल देव अग्रवाल के सतत प्रयासों का परिणाम है। लगभग 262 करोड़ की लागत से निर्मित हो रहा यह अत्याधुनिक कॉलेज मुजफ्फरनगर सहित पूरे पश्चिमी उत्तर प्रदेश के युवाओं के लिए शिक्षा और रोजगार का नया द्वार खोलेगा।

निरीक्षण के दौरान मंत्री कपिल देव ने अधिकारियों को निर्माण कार्य को गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध तरीके से पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह संस्थान आने वाले समय में युवाओं को एडवांस ऑटोमोबाइल, इलेक्ट्रिक व्हीकल, असेंबली लाइन टेक्नोलॉजी, ड्रोन टेक्नोलॉजी, रोबोटिक्स और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसी अत्याधुनिक तकनीकों की शिक्षा प्रदान करेगा।

गौरतलब है कि अब तक पूरे उत्तर प्रदेश में कुल 5 सीआईआईआईटी कॉलेज स्थापित हुए हैं और उनमें से एक मुजफ्फरनगर की धरती पर बन रहा है। यह संस्थान न केवल



युवाओं को आधुनिक तकनीकी प्रशिक्षण देगा बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर बनाते हुए प्रदेश और देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान करने का अवसर भी प्रदान करेगा। मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि प्रदेश की योगी सरकार का लक्ष्य केवल डिग्री बांटना नहीं है, बल्कि युवाओं को रोजगारपरक शिक्षा देकर आत्मनिर्भर बनाना है। सरकार ने शिक्षा और कौशल विकास के क्षेत्र में जो ऐतिहासिक सुधार किए हैं, उनके परिणाम अब जमीन पर दिखाई दे रहे हैं। आईटीआई पॉलीटेक्निक और अब सीआईआईआईटी जैसे संस्थान प्रदेश को तकनीकी दृष्टि से आत्मनिर्भर बनाने में अहम भूमिका निभाएंगे। उन्होंने आगे कहा 'मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने युवाओं को रोजगार और उद्यमिता से जोड़ने के लिए अनेक योजनाएँ चलाई हैं। 'एक जिला एक उत्पाद' से लेकर 'विक्रेता सम्मान योजना', स्टार्टअप इंडिया और स्किल इंडिया जैसी योजनाएँ युवाओं के भविष्य को नई दिशा दे रही हैं। आने वाले वर्षों में उत्तर प्रदेश देश की सबसे बड़ी तकनीकी शिक्षा और रोजगार की शक्ति बनकर उभरेगा।

### 7 अक्टूबर को महर्षि वाल्मीकि जयंती पर अवकाश

**मुजफ्फरनगर।** उत्तर प्रदेश सरकार ने आज 7 अक्टूबर को महर्षि वाल्मीकि जयंती के अवसर पर सार्वजनिक अवकाश घोषित करने का शासनादेश जारी कर दिया।

### विरेन्द्र कुमार सिंह बने नए जिला जज

**मुजफ्फरनगर।** इलाहाबाद हाईकोर्ट के रजिस्टार में विरेन्द्र कुमार सिंह मुजफ्फरनगर का नया जिला जज बनाने के आदेश जारी किया है।

# छेड़खानी करने वालों पर कार्रवाई की मांग

- टंढेडा के ग्रामीणों ने पुलिस पर लगाए गंभीर आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुज़फ्फरनगर।** शनिवार को ग्राम टंढेडा के ग्रामीणों ने पुलिस कार्यालय पहुंचकर छात्रा के साथ बदसलूकी करने वाले आरोपियों को पुलिस पर बचाने का आरोप लगाया है। ग्रामीणों का कहना है कि पुलिस ने एक ही आरोपी पर कार्यवाही की है।

ककरौली थाना क्षेत्र के गांव टन्ढेडा के ग्रामीण पुलिस कार्यालय पहुंचे और उन्होने बताया कि 27 सितम्बर को छात्रा स्कूल से घर लौट रही थी आरोप है कि तीन युवकों ने छात्रा के साथ छेड़खानी की थी जिसकी सूचना उन्होने समय रहते



स्थानीय पुलिस को दे दी थी। आरोप है कि पुलिस ने तीन आरोपियो में से उदय नामक आरोपी के खिलाफ ही कार्यवाही की है। ग्रामीणों ने बाकी दो आरोपियों को पुलिस पर बचाने का आरोप लगाया है।

इस दौरान पुलिस ने घटना से संबंधित एक वीडियो भी पुलिस अधिकारियों को सौंपी है। ग्रामीणों ने अन्य दो आरोपियों के खिलाफ भी कार्यवाही की मांग की।

# सीएम के जीरो टॉलरेंस नीति के तहत अपराधियों पर सख्त कार्रवाई के आदेश

## जनपद में नहीं रुक रहा अपराध, पुलिस कर चुकी कई बदमाशों को ढ़ेर

- पेंचर मिस्त्री हत्या का नहीं हुआ खुलासा, दस लाख की फिरौती देकर लौटा किसान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश की सत्ता संभालते ही प्रदेश में कानून का राज कायम करने पर जोर दिया था। उनकी स्पष्ट चेतावनी थी कि अपराधियों के लिए उत्तर प्रदेश में कोई जगह नहीं है या तो अपराधी अपराध छोड़ दे या फिर उन्हे प्रदेश छोड़ना पड़ेगा। इसका नाम जीरो टॉलरेंस रखा गया था और जीरो टॉलरेंस नीति के तहत उत्तर प्रदेश पुलिस लगातार अपराधियों पर कार्यवाही कर रही है। पुलिस का पिछला रिकॉर्ड खंगाला जाए तो पिछले आठ वर्षो में तीस हजार से अधिक अपराधी सलाखों के पीछे जा चुके है और पुलिस नौ हजार से अधिक बदमाशों को मुठभेड़ में घायल कर चुकी है इसलिए योगी सरकार की कानून व्यवस्था जहां लोगों के लिए एक संदेश लेकर आई तो अपराधियों पर ताबड़ तोड़ कार्यवाही भी हुई। पुलिस अब तक तीस हजार से अधिक अपराधियों को मुठभेड़ के बाद जेल भेज चुकी है और चौदह हजार से अधिक धरपकड़ कार्यवाही की गई। कुल मिलाकर योगी सरकार अपराध व अपराधियों के लिए सख्त है, लेकिन इसके बावजूद भी जनपद मुजफ्फरनगर में अपराधी कहीं ना कहीं संगीन वारदातों को अंजाम देकर दहशत फैला रहे है। एक दो घटना को ही देखा जाए तो मीरांपुर क्षेत्र के गांव गढ़ी मुझेडा में टायर पेंचर मिस्त्री फरमान पुत्र इकबाल 24 वर्ष की गोली मारकर हत्या कर दी गई। घटना के दिन रात्रि करीब आठ बजे फरमान अपने घर से दुकान के लिए चला था। बताया जाता है कि दिन में फरमान के पिता इकबाल टायर पेंचर की दुकान चलाते है तो रात के समय फरमान दुकान देखता है।

मंगलवार की सवेरे फरमान का शव उसकी चरपाई पर खून से लथपथ पड़ा हुआ मिला था और उसको सबसे पहल बुग्गी में पेंचर जुडवाने पहुंचे एक किसान ने देखा था। सूचना के बाद पुलिस और फॉरेन्सिक टीम ने घटना की छानबीन की थी। गोली फरमान की कनपटी पर लगी हुई है। घटना के दिन क्षेत्राधिकारी सत्येन्द्र सिंह नागर और मीरांपुर कोतवाली प्रभारी बबलु कुमार ने भीड़ को जल्द खुलासे का आश्वा. सन दिया था फरमान हत्याकांड को अब कई दिन बीत चुके है और पुलिस इस दौरान करीब आधा दर्जन लोगों से पूछताछ कर चुकी है, लेकिन पुलिस किसी नतीजे पर नहीं पहुंच पा रही है। कुल मिलाकर पुलिस के हाथ अभी खाली है। उधर पीड़ित परिवार अपने बेटे के कातिलों को सजा दिलाने के लिए लगातार थाने के चक्कर काट रहे है। अभी तक पुलिस यह भी पता नहीं लगा सकी कि फरमान की हत्या के पीछे क्या कारण है? वैसे तो गांव में अलग-अलग चर्चाएं है, लेकिन पुलिस न तो अभी तक यह जान सकी कि कत्ल के पीछे क्या कारण है और गोली मारकर फरमान की हत्या किसने की है? पीड़ित परिवार भी हत्या का कारण और अपराधियों को सजा दिलाने के लिए पुलिस से गुहार लगा रहा है। इस घटना का मुकदमा मृतक के पिता की ओर से ही दर्ज कराया गया था। सवाल यही है कि पुलिस सख्त है, लेकिन इसके बाद भी अपराधी लगातार घटना कर रहे है। बदमाशों ने खतौली क्षेत्र में एक निर्माणाधीन अस्पताल में चोरी की घटना को अंजाम दिया और खतौली में ही शिक्षिका के मकान में दिनदहाडे लाखों की चोरी की वारदात हुई। इतना ही नहीं बुढ़ाना के इटावा के पूर्व प्रधान हरेन्द्र राठी, प्रमोद, विकास, यशवीर, राजीव, ऋषिपाल, किरणपाल, मोहन, मास्टर शिव कुमार सहित कई किसानों की ट्यूबवैल से सामान चोरी कर लिया गया। बीती रात भी कस्बा जानसठ के गांव तालडा निवासी एक कास्तकार का उस समय अपहरण किए जाने की चर्चाओं से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई जब किसान खेत पर काम करने गया था। बताया जाता है कि कास्तगार अपने खेतों पर काम कर रहा था इसी बीच दो बदमाशों ने हथियारों से अतंकित करते हुए उसका अपहरण किया और किसान के फोन से ही परिवार को कॉल करके दस लाख रूपये की फिरौती मांग गई। अब चर्चा यह भी है कि किसान दस लाख की फिरौती देकर वापस लौटा है। इस मामले की जांच पड़ताल एसपी देहात आदित्य बंसल द्वारा की जा रही है। सच्चाई क्या है यह तो जांच का विषय है और पुलिस टीम इस मामले में पूरी तरह लगी हुई है, लेकिन हाल में किसान के अपहरण की खबर से क्षेत्र में दहशत का माहौल बना हुआ है कुल मिलाकर सवाल यह है कि एक तरफ पुलिस अपराधियों को मुठभेड़ में ढ़ेर कर रही है और जेल भेजने का दावा भी कर रही है। पुलिस एक सप्ताह में ही दो बदमाशों को ढेर कर चुकी है, लेकिन पुलिस की सख्त कार्यवाही के बाद भी बदमाश अपहरण, हत्या जैसे संगीन वारदात करने से पीछे नहीं हट रहे है।

# जीएसटी सुधार पर पालिकाध्यक्ष ने किया व्यापारियों संग संवाद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** नगरपालिका परिषद् की अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप ने शुक्रवार की शाम न्यू मंडी बिंदल बाजार में व्यापारियों के साथ सीधा संवाद स्थापित कर केंद्र और राज्य सरकार द्वारा किए गए जीएसटी सुधार को व्यापारी हितों की ऐतिहासिक विजय बताया।

नगरपालिका परिषद् की अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप ने भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों एवं प्रमुख व्यापारी नेताओं के साथ व्यापारियों के बीच पहुंचकर सरकार की उपलब्धियों की जानकारी दी। नगरपालिका परिषद् की अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप ने शुक्रवार की शाम को न्यू मंडी बिंदल बाजार में व्यापारियों के बीच पहुंचकर जीएसटी रिफॉर्म पर संवाद स्थापित किया।

इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र



मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा व्यापारिक हित में उठाए गए कदमों की सराहना करते हुए कहा कि व्यापारियों की उन्नति, राष्ट्र की समृद्धि का आधार है। उन्होंने कहा कि जीएसटी सुधार सिर्फ करों का सरल. ीकरण नहीं, बल्कि देश की आर्थिक रीढ़ माने जाने वाले व्यापारियों के लिए नई ऊर्जा का स्रोत है। यह निर्णय व्यापार और उद्योगों के लिए एक प्रगतिशील कदम है, जिससे आत्मनिर्भर भारत की राह और सशक्त होगी। मीनाक्षी स्वरूप ने राष्ट्र निर्माण में सहयोग की अपील के साथ कहा कि जीएसटी रिफॉर्म भारत के व्यापा. रिक परिख्रश्य में पारदर्शिता, समानता और विकास का नया अध्याय है। हम सभी को मिलकर इस बदलाव को आत्मसात करना चाहिए और व्यापार को राष्ट्र सेवा का माध्यम बनाना चाहिए। इस मौके पर मीनाक्षी स्वरूप ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने व्यापा. रिक हितों के संरक्षण हेतु अनेक कार्य किए, व्यापारी वर्ग की समस्याओं के समाधान के लिए सरकार निरंतर प्रतिबद्ध है। व्यापारी प्रतिनिधियों शलभ गुप्ता, विजय बाटा, अमित जैन के नेतृत्व में बिंदल चौराहे के सौन्दर्यकरण हेतु एक मांगपत्र भी प्रस्तुत किया गया, जिस पर मीनाक्षी स्वरूप ने शीघ्र कार्यवाही का आश्वा. सन दिया। इस संवाद कार्यक्रम के दौरान दिनेश पुंडीर, भाजपा नेता सुनील तायल, घनश्याम, जितेन्द्र कुमार, पुरोहित उटवाल, मनीष कुमार, राजेश कुमार, विपिन, पारस, शलभ गुप्ता, जनार्दन विश्वकर्मा, विजय बाटा, गिरीश पाहुजा, तरुण मित्तल, बिट्टू गुप्ता, अमित जैन, कपिल अरा. ेरा, आशुतोष गुप्ता, पंकज जैन, सुभाष मित्तल, गौरव कुच्छल, ऋषभ जैन, अमित अरोरा, गौरव नरूला, भावना नरूला, हरिओम शर्मा, ऋषि धीमान, पारस जैन सहित अनेक व्यापारीगण एवं भाजपा पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

### जिला अस्पताल में सफाईकर्मियों की हड़ताल

**मुजफ्फरनगर।** कई महीनों से वेतन न मिलने के कारण नाराज सफाई कर्मचारियों ने आज जिला अस्पताल में हड़ताल करते हुए धरना दिया। उन्होने कहा कि त्यौहार आ चुके है, परन्तु उन्हे जानबुझकर वेतन नहीं दिया जा रहा है, जबकि वह सबसे छोटे कर्मचारियों में गिने जाते है।

# पोर्टल के जरिए घर से कूड़ा कलेक्शन को निगरानी रखेगी कम्पनी

- चेयरमैन को रोजाना मिल रही थी शिकायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** जेएस एनवायरो सर्विस प्रा.लि. कम्पनी के द्वारा अब केएमएल फील पोर्टल के द्वारा डोर टू डोर कूडा कलेक्शन पर निगरानी की जाएगी। शहर के 55 वार्डों में जिस घर से कूडा कलेक्शन नहीं होगा उसकी जानकारी पोर्टल स्वयं कम्पनी को देगा।

इसके लिए कम्पनी नगर पालिका में पूरा सिस्टम लगाने जा रही है। जिस घर से कूडा कलेक्शन होगा पोर्टल पर हरी बत्ती नजर आएगी। वहीं जिस घर से कूडा नहीं उठा ऐसी स्थिति में पोर्टल पर लाल बत्ती रहेगी। शहरी क्षेत्र में डोर टू डोर कूडा कलेक्शन और डलावघरों से कूडा उठाने के लिए नगर पालिका का जेएस एनवायरो सर्विस प्रा.लि. कम्पनी के साथ तीन साल के लिए अनुबंध हुआ है।

नगर पालिका इस कम्पनी को प्रतिमाह करीब 1.25 करोड का भुगतान करेंगी। कम्पनी के द्वारा करीब 93 टिपर वाहनों से डोर टू डोर कूडा कलेक्शन किया जा रहा है। वहीं 27 बडी गाडियों से कूडा उठाया जा रहा है।

कम्पनी प्रतिमाह करीब 32 लाख का डीजर खर्च कर रही है। जेएस एनवायरो सर्विस प्रा.लि. कम्पनी के प्रबंधक नितेश चौधरी ने बताया कि डोर टू डोर कूडा कलेक्शन पर केएमएल फील पोर्टल के द्वारा निगरानी रखी जाएगी।

इसके लिए नगर पालिका में पूरा सिस्टम लगाया जाएगा। जिस घर से कूडा उठाया जाएगा वहां पर हरी बत्ती और जिस घर से कूडा नहीं उठाया जाएगा वहां पर लाल बत्ती पोर्टल पर नजर आएगी। इस तरह से डोर टू डोर कूडा कलेक्शन की व्यवस्था को दुरूस्त रखा जाएगा। इस पोर्टल मे छह माह तक का रिकार्ड रखेगा।



# दो बच्चों की मां ने पंखे से लटककर की आत्महत्या

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छपार।** गांव बिजोपुरा में एक दो बच्चों की मां ने छत के पंखे से लटककर आत्महत्या कर ली। परिजनों व ससुराल वालों ने शव का पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

गांव बिजोपुरा निवासी समर की शादी चार वर्ष पूर्व उत्तराखंड के जनपद हरिद्वार के थाना लक्सर गांव प्रहलादपुर निवासी जोगेंद्र की पुत्री खुशी के साथ हुई थी उसके एक पुत्र व एक पुत्री है। युवक एक ट्रेक्टर एजेंसी में नौकरी करता है। शनिवार को सुबह साढ़े सात बजे वह डयूटी के लिए तैयार हो रहा था। जब जूते पहने को घर में गया तो 23 वर्षीय खुशी का शव छत के पंखे से लटका हुआ था उसके शोर मचाने पर पड़ोसी इकठठा हो गये।

महिला के परिजनों को सूचना दी वे भी गांव में पहुंचे ओर पुलिस को पोस्टमार्टम से इंकार कर शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

# सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत

**मीरापुर।** कस्बे के मौहल्ला मुश्तर्क निवासी एक व्यक्ति की सडक दुर्घटना में मृत्यु हो गई जबकि उसकी मां गम्भीर रूप से घायल हो गई जिसका उपचार जारी है। युवक के परिवार में घटना के बाद से कोहराम मचा हुआ है।

मीरापुर के मोहल्ला मुश्तर्क निवासी कासिम पुत्र अनीश उम्र 50 वर्ष अपनी मां के साथ स्कूटी पर सवार होकर सूजडू जा रहा था। जब वह स्कूटी लेकर ग्राम निराना के निकट पहुंचे तो विपरीत दिशा से आ रही एक ट्रैक्टर-ट्राली ने उनकी स्कूटी में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि कासिम की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वहीं, स्कूटी पर सवार उनकी मां गंभीर रूप से घायल हो गईं। हादसे की सूचना मिलते ही मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई और तुरंत पुलिस को सूचित किया गया। पुलिस टीम मौके पर पहुंची और मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं घायल महिला को गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत नाजुक बताई जा रही है। इस दर्दनाक हादसे से मृतक के परिजनों में शोक की लहर दौड़ गई है।

# अज्ञात हेकर ने खाते से उड़ाए 13 हजार रूपये

**मीरापुर।** थाना क्षेत्र के ग्राम रसूलपुर गढ़ी निवासी शौकीन पुत्र शाहिद ऑनलाइन धोखाधड़ी का शिकार हो गए। अज्ञात व्यक्ति ने खुद को इंडियन आर्मी से बताते हुए फोन कर पीओपी का काम कराने की बात कही और इसी बहाने खाते से 13,193 रुपये निकाल लिए। पीड़ित शौकीन ने थाना मीरापुर में तहरीर देकर आरोपी के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।

जानकारी के अनुसार शौकीन को एक अज्ञात नंबर से कॉल आया। कॉल करने वाले व्यक्ति ने कहा कि वह आर्मी से है और अपने घर पर पीओपी का काम कराना चाहता है। उसने खर्च पूछने के बाद शौकीन से खाता नंबर मांगा और यह बहाना बनाया कि वह एडवांस में 20 हजार रुपये ट्रांसफर करेगा। खाता विवरण साझा करने के कुछ समय बाद शौकीन के खाते से दो बार में क्रमशः 8,577 रुपये और 4,616 रुपये काट लिए गए। इस प्रकार कुल 13,193 रुपये की ठगी हो गई। जब पीड़ित को ठगी का एहसास हुआ तो उसने तत्काल थाना मीरापुर पहुंचकर पूरे मामले की शिकायत की। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इस घटना से क्षेत्र में साइबर ठगी को लेकर लोगों में चिंता का माहौल है।

# शुगर मिल का अधिकारियों ने किया निरीक्षण

**बुढ़ाना।** आज शनिवार के दिन बुढ़ाना ब्लाक क्षेत्र के गांव भसाना में खतोली रोड पर स्थित बजाज शुगर फैक्ट्री में बुढ़ाना गन्ना समिति के अध्यक्ष निर्भय सहरावत, गन्ना समिति बुढ़ाना के सचिव ब्रजेश राय, सभी डायरेक्टर्स, यूनिट हेड चंद्रवीर सिंह, जीएम केन ललित कुमार तोमर और युवा प्रगतिशील किसान तैमूर अली राणा मंदवाडा ने अन्य कई किसानों और अन्य स्टाफ के साथ मिलकर यार्ड और शुगर फैक्ट्री में हो रहे कार्यों का बारीकी से निरीक्षण किया और कार्य को तय समय सीमा के अंदर पूर्ण करने के लिए भी सभी को बारी बारी से निर्देशित किया। संभवत शुगर मिल इस सत्र मे जल्दी ही चालू कर दिया जाएगा।

# बादल के बाद अब महताब का भी हुआ खेल खत्म

## शातिर अपराधियों को अंजाम तक पहुंचाने में जुटी है पुलिस

**( नसीम कुरैशी )**

**बुढ़ाना।** पौने 10 माह पहले बुढ़ाना पुलिस ने 25 हजार रुपये के ईनामी बदमाश अजयवीर उर्फ बादल को एक मुठभेड में ढेर कर दिया था और अब इसी पुलिस ने बीती 03 अक्टूबर को एक लाख रुपये के ईनामी बदमाश महताब उर्फ गलकटा को मुठभेड़ में मार गिराया।

इन पोने दस माह में बुढ़ाना पुलिस ने 02 बड़े ईनामी बदमाशों के फुल एनकाउंटर कर यह जरुर बता दिया कि बदमाशों की जगह इस दुनिया में नहीं है कहीं और ही है। अजयवीर उर्फ बादल पर 20 से भी अधिक अपरा. धिक मामले थे। उत्तराखंड में भी अजयवीर कई अपराधिक घटनाओं को अंजाम दे चुका था अजयवीर उर्फ बादल मुजफ्फरनगर जनपद के जानसठ कोतवाली क्षेत्र के बसायच गांव का रहने वाला था। उस पर 25 हजार रुपये का इनाम भी घोषित था। पुलिस के मुताबिक अजयवीर ने खुद को घिरा देख पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी थी तो पुलिस ने भी सेल्फ डिफेंस में फायरिंग कर बादल को मुठभेड़ में ढेर कर दिया था।

पुलिस मुठभेड़ में मारा गया अजयवीर उर्फ बादल डकैतों के एक बड़े गिरोह विनोद गड़रिया गैंग का सदस्य था। अब बुढ़ाना पुलिस ने बीती देर रात जो दूसरी मुठभेड़ की है उसमे महताब सर्राफा व्यापारी के साथ की गयी लूट में शामिल था और फरार चल रहा था। बुढ़ाना सीओ गजेंद्र पाल सिंह, कोतवाल सुभाष अत्री, बुढ़ाना कस्बा इंचार्ज संदीप कुमार व गढ़ी सखाव. तपुर पुलिस चौकी इंचार्ज ललित कसाना ने उक्त बदमाश महताब को एक मुठभेड में ढेर कर दिया। रात वाली इस मुठभेड़ में गढ़ी सखावतपुर चौकी इंचार्ज ललित कसाना और एक कांस्टेबल अली अहमद जख्मी हुए हैं जबकि बुढ़ाना कोतवाल सुभाष अत्री बाल बाल बच गये। इस इनामी बदमाशघ महताब की गोली उनके जिस्म को छूई तो जरुर लेकिन वे बुलेट प्रूफ जाकेट पहने रहने के कारण बच गये। बुढाना पुलिस बदमाशों को समय समय पर गोली मारकर पकड़कर जेल भी भेज रही है और ऊपर भी पहुंचा रही है लेकिन फिर भी बुढ़ाना क्षेत्र में कोई ना कोई वारदात घटित जरूर हो रही है।

कहीं टड्बवैलों पर चोरी तो कहीं बाइक सवार लुटेरे मोबाइल छीन रहे हैं। या तो इन हाफ एनकाऊंटर और फुल एनकाउंटर के चलते बदमाश बुढ़ाना क्षेत्र छोड़ देते पर ये बदमाश इस तरह की छोटी मोटी घटनाओं को अंजाम देने से अभी भी बाज नहीं आ रहे हैं। इसके लिए पुलिस को कुछ ऐसा करना चाहिए कि अपराधी बिल्कुल भूमिगत हो जाए और अपराध भी पूरी तरह से शून्य हो जाए। तभी योगी सरकार का रामराज का सपना साकार होगा मगर फिर भी बुढ़ाना पुलिस का बीती रात का यह सहासिक कार्य जनता की नजरों में पुलिस को हीरो बनाए हुए है और सभी लोग मुठभेड़ में घायल हुए दोनों पुलिसकर्मियों के स्वस्थय होने की कामना भी ईश्वर से कर रहे हैं।

# 13 अक्टूबर को हो सकती है नगर पालिका की बोर्ड बैठक

**मुजफ्फरनगर।** नगर पालिका की होने जा रही बोर्ड बैठक को लेकर एजेंडा तैयार हो गया है। दीपावली से पहले पालिका के सभागार में बोर्ड बैठक हो सकती है। एजेंडे पर चेयरपर्सन और ईओ के हस्ताक्षर हो चुके है। अब बोर्ड बैठक के लिए तिथि निर्धारित करने को लेकर मंथन चल रहा है। सूत्रों की माने तो अगामी 13 अक्टूबर को बोर्ड बैठक हो सकती है। नगर पालिका की बोर्ड बैठक का एजेंडा तैयार करने के लिए सभी विभागाध्यक्षों से प्रस्ताव मांगे गए है। सबसे पहले जलकल विभाग से प्रस्ताव आए है। अन्य विभागों से प्रस्ताव न होने पर पिछले दिनों ईओ ने कडी नाराजगी जताते हुए एजेंडा लिपिक को सख्त आदेश दिए थे।ईओ की नाराजगी के बाद निर्माण विभाग, स्वास्थ्य विभाग, मार्ग प्रकाश विभाग आदि से प्रस्ताव तैयार कर एजेंडे में रखे गए है। शहर के विकास के साथ-साथ एजेंडे में अन्य महत्वपूर्ण प्रस्ताव भी रखे गए है। शहर में रिफ्लेक्टर लगाने, शेल्टर होम, लेखपाल से संबंधित प्रस्ताव, कूडा ट्रांसफर सेंटर आदि प्रस्ताव एजेंडे में शामिल होना बताया जा रहा है। इसके अलावा सड़क निर्माण, पानी की निक. ासी के लिए नाला-नाली निर्माण, पेयजलापूर्ति को दुरूस्त रखने के लिए अन्य प्रस्ताव शामिल किए गए है। बोर्ड बैठक को एजेंडा तैयार हो गया है। इस पर चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप और ईओ डा. प्रज्ञा सिंह के हस्ताक्षर हो चुके है। अब बैठक के लिए तिथि निर्धारित की जा रही है।

# चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर डॉ. राघव मेहरा ने छात्रों को किया संबोधित

**मुजफ्फरनगर।** भगवंत इंस्टीटड्ूट ऑफ टेक्नोलॉजी (बीआईटी) में शिक्षा और अनुसंधान के क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा देने की दिशा में 'एआई इन हेल्थकेयर' विषय पर एक महत्वपूर्ण एक्सपर्ट लेक्चर का सफल आयोजन किया गया। इस अवसर पर चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी, पंजाब के कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग विभाग के प्रोफेसर डॉ. राघव मेहरा मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में लगभग 360 छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ विवेकानंद ब्लॉक स्थित ऑडिटोरियम में माँ सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक डॉ. अनुराग विजय अग्रवाल, सह-निदेशक डॉ. पुष्पनील वर्मा, जीएम फाइनेंस ऑफिसर सीए दुष्यंत कुमार, डीन डॉ. अजय सिंह, डिप्टी रजिस्ट्रार आदित्य शर्मा सहित कई प्राध्यापक एवं गणमान्यजन उपस्थित रहे। निदेशक डॉ. अनुराग विजय अग्रवाल ने मुख्य वक्ता डॉ. राघव मेहरा का पुष्पगुच्छ व स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत एवं सम्मान किया। अपने व्याख्यान में डॉ. मेहरा ने विद्यार्थियों को हेल्थकेयर सेक्टर में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की बढ़ती भूमिका और संभावनाओं के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि एआई की मदद से रोगों का त्वरित और सटीक निदान संभव हो रहा है तथा जटिल बीमारियों के उपचार को सरल और प्रभावी बनाया जा सकता है। डेटा एनालिसिस और मेडिकल रिसर्च में एआई नई दिशा प्रदान कर रहा है। साथ ही, रोबोटिक्स और मशीन लर्निंग मरीजों की देखभाल एवं उपचार प्रबंधन में अहम भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने छात्रों को प्रेरित किया कि वे एआई आधारित हेल्थकेयर रिसर्च प्रोजेक्ट्स में सक्रिय रूप से भाग लें, क्योंकि यह



क्षेत्र भविष्य में रोजगार और नवाचार की अपार संभावनाएँ प्रदान करेगा। निदेशक डॉ. अनुराग विजय अग्रवाल ने कहा कि यह लेक्चर विद्यार्थियों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगा। संस्थान के चेयरमैन डॉ. अनिल सिंह ने अपने संदेश में कहा कि ऐसे एक्सपर्ट लेक्चर छात्रों को नई तकनीकों से जोड़ते हैं और उनके करियर को नई दिशा देते हैं। डीन डॉ. अजय सिंह ने बताया कि यह कार्यक्रम संस्थान की सिल्वर जुबली वर्षगांठ के विशेष आयोजनों की श्रृंखला का हिस्सा है। कार्यक्रम की सफलता में मीनाक्षी, सुमित कुमार, सावन और वैभव का विशेष योगदान रहा।

# किशोरी व युवती को भगाने वाले दो आरोपी कोर्ट में पेश

**छपार।** पुलिस एक किशोरी व एक युवती को बहका फुसलाकर कर भगा ले जाने के फरार दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर पोक्सो एक्ट में कोर्ट में पेश किया है ओर किशोरी व युवती को डाक्टरी परीक्षण के लिए भेज दिया है। गांव बढ़ेगी निवासी आकाश रिस्ते में भतीजी लगने वाली 14 वर्षीय किशोरी को नौ सितंबर को बहका फुसलाकर कर भगा ले गया। किशोरी के पिता ने उसके विरुद्ध थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। दूसरी घटना में गांव रामपुर से थाना कोतवाली क्षेत्र के गांव बाननगर निवासी गौरव एक युवती को नौ सितंबर को बहका फुसलाकर कर भगा ले गया। युवती के नए भी आरोपी के विरुद्ध थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस तब से ही उनकी तलाश में जुटी थी। शनिवार को गौरव को युवती सहित मेदपुर रास्ते से ओर आकाश को बढ़ेडी चौराहे से किशोरी सहित गिरफ्तार कर लिया। दोनों आरो. पियों को पोक्सो एक्ट में कोर्ट में पेश किया ओर किशोरी व युवती को डाक्टरी परीक्षण के लिए जिला चिकित्सालय भेज दिया है।

# कस्बे का वाल्मिकी समाज भी रालोद से जुड़ा



**बुढ़ाना।** कस्बे में राष्ट्रीय लोकदल का सक्रिय सदस्यता अभियान चला। जिसमें रालोद के वरिष्ठ नेता सुरेंद्र सहरावत, गांव चंधेडी के प्रधान पुरुषोत्तम सिंह और वेद प्रकाश त्यागी ने संयुक्त रूप से बुढ़ाना कस्बे की वाल्मिकी बस्ती में पहुंचकर राधेश्याम वाल्मीकि को रालोद का सक्रिय सदस्ध्य बनाया और उनको रसीद सौंपी। जिस पर राधेश्याम वाल्मिकी ने रालोद की सदस्ध्यता ग्रहण कर कहा कि वे अपने समाज को भी रालोद से जोड़ने का काम करेंगे और रालोद को मजबूत करेंगे। इस दौरान रालोद नेता सुरेंद्र सहरावत ने कहा कि राधेश्याम वाल्मिकि के रालोद में आने से यहां पर रालोद और भी मजबूत हुई है।

## भाकियु की बैठक में 8 अक्टूबर को एस एस पी कार्यालय के घेराव का ऐलान

**पुरकाजी।** शनिवार को विकास खण्ड कार्यालय प्रांगण में भाकियु की हुई बैठक मे भाकियु जिला संगठन मंत्री सर्वेंद्र राठी जेल प्रकरण को लेकर पुलिस प्रशासन के खिलाफआगामी 8 अक्टूबर को एस एस पी कार्यालय का घेराव करने का ऐलान किया गया है ।

भारतीय किसान यूनियन आयोजित बैठक मे मुख्य एजेंडा मुजफ्फरनगर के एसएसपी हर कदम पर भारतीय किसान यूनियन टिकैत को निशाना बना रहा है जिला संगठन मंत्री सर्वेंद्र राठी को बिना जांच किए जेल भेजा गया है यह इसका जीता जागता उदाहरण है। इसी प्रकरण को लेकर 8 अक्टूबर को एसएस पी कार्यालय का हजारों ट्रैक्टरों के साथ घेराओ किया जायेगा । जिला अध्यक्ष नवीन राठी ने बताया अब राकेश टिकैत आर पार के मूड में है अगर रास्ते में किसानों को पुलिस प्रशासन ने रोकने की कोशिश की तो किसान बैरिकेडिंग तोड़ने का काम करेंगे मोनू प्रधान ने बताया हम एसएसपी कार्यालय पर गन्ना बौने का काम करेंगे पूरे जिले में पुलिस बेलगाम हो रही है पुलिस का भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है हर थाने में किसानों से पैसे ले कर काम हो रहे हैं।

# महापंचायत को लेकर भाकियू ने मोरना में की मीटिंग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** भाकियू नेता पर फर्जी मुकदमा दर्ज कर जेल भेजने,सटा करने के दो आरोपियों को श्वित लेकर छोड़ने जैसे गंभीर आरोप लगाते हुए भाकियू ने मुज़फ्फरनगर की महापंचायत को सफल बनाने का आह्वान मोरना मे आयोजित मीटिंग मे किया।

मोरना मे शुकतीर्थ मार्ग पर स्थित लव पैराडाइज बैंकट हॉल मे शनिवार को आयोजित मीटिंग मे भाकियू के पश्चिम यू पी के महासि. चव योगेश शर्मा ने कहा की जनपद की पुलिस अपराधियों को संरक्षण देने का काम कर रही है। गुड़ वर्क के लिए पुलिस मामूली मारपीट को बड़े अपराध मे बदलने का काम कर रही है। भोपा पुलिस द्वारा भाकियू पदा. धिकारी सर्वेन्द्र राठी पर फर्जी मुक. दमा दर्ज कर जेल भेजा गया। 9 सितंबर की घटना पर साजिश के तहत दो दिन बाद संज्ञान लिया गया। शुक्रवार को मोरना मे सटा करने वाले आरोपियों को श्वित लेकर छोड़ दिया गया। भाकियू पुलिस तानाशाही रवे"ये को बर्दाश्त नहीं करेगी।ब्लॉक् अध्यक्ष अनुज राठी ने कहा की कार्यकर्ताओ के सम्मान के लिए भाकियू आर पार की लड़ाई लड़ेगी।

मीटिंग की अध्यक्षता किरणपाल छछरौली ने व संचालन विकास चौधरी ने किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से सरदार अमीर सिंह, राजेश चेयरमैन, आसपा नेता संजय रवि, सरदार पलविंद्र सिंह, मीरा प्रधान, प्रदीप शर्मा, अब्दुल कादिर,आमिर सुल्तान, संजू शिवाच, हवा सिंह, सोहनवीर सिंह, बालेन्द्र सिंह, पुष्पेन्द्र,आस मोहम्मद, अयाज़ आदि मौजूद रहे।

# नि:शुल्क आंखों की जांच शिविर में उमड़ी भीड़




**खतौली।** सौहार्द फाउंडेशन के तत्वावधान में भूड़ स्थित पंजीख्रत कार्यालय पर रविवार को नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सुबह से ही मरीजों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी और सैकड़ों लोगों ने अपनी आंखों की जांच कराई। शिविर का शुभारंभ फाउंडेशन के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने सामूहिक रूप से फीता काटकर किया। जांच के लिए आई-क्यू सुपर स्पेशलिस्ट नेत्र अस्पताल मुजफ्फरनगर से आई वरिष्ठ नेत्र विशेषज्ञ डॉ. मनोरमा नागर ने रोगियों का परीक्षण किया। उनके साथ डॉ. सावन चौहान, सक्षम त्यागी एवं समून सैफी ने सहयोग किया। शिविर में मोतियाबिंद के मरीजों को चिन्हित कर उन्हें ऑपरेशन हेतु मुजफ्फरनगर अस्पताल रेफर किया गया, जहां नि:शुल्क शल्य चिकित्सा की जाएगी। वहीं मौके पर मरीजों को दवाएं भी वितरित की गईं। कार्यक्रम को सफल बनाने में फाउंडेशन के अध्यक्ष शाहिद सलमानी, महासचिव आसिफ कैफ़ी, कोषाध्यक्ष सलीम खान, सह-सचिव शाहनवाज़ सिद्दीकी का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर परवेज गाजी, रईस अहमद सलमानी, सईद अंसारी, अफजाल सिद्दीकी, डॉ. रिज़वान अंसारी, जुबैर अली सलमानी सहित कई सदस्य उपस्थित रहे।

# श्री राम में फिल्म स्क्रीनिंग कार्यक्रम की शुरुआत



**मुजफ्फरनगर।** श्री राम कॉलेज के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग द्वारा विद्यार्थियों के लिए एक नई पहल की गई है। विभाग ने फिल्म स्क्रीनिंग प्रोग्राम की शुरुआत की है, जिसके अंतर्गत हर सप्ताह शुक्रवार को दोपहर 2 बजे विद्यार्थियों को एक फिल्म दिखाई जाएगी।इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को मनोरंजन के साथ-साथ सामाजिक, सांस्कृतिक और प्रेरणादायक संदेश देने वाली फिल्मों से जोड़ना है। कार्यक्रम की पहली स्क्रीनिंग के अंतर्गत छात्रों को प्रेरणादायक फिल्म 'मांझी द माउंटेन मैन' दिखाई गई। इस फिल्म के माध्यम से विद्यार्थियों को दृढ़ संकल्प, संघर्ष और सकारात्मक सोच का संदेश दिया गया।इस अवसर पर श्रीराम कालेज की प्राचार्या डॉ. प्रेरणा मित्तल ने कहा कि फिल्में केवल मनोरंजन का साधन नहीं बल्कि शिक्षा और प्रेरणा का माध्यम भी होती हैं। इस पहल से छात्र व्यावहारिक जीवन के अनुभवों से जुड़ेंगे और उनका दृष्टिकोण व्यापक होगा। इस अवसर पर श्रीराम कॉलेज के निदेशक डॉ. अशोक कुमार ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि श्री राम कॉलेज हमेशा छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रयासरत है।

**सार्वजनिक सूचना**

मैंने कक्षा 10 (यू0पी0 बोर्ड) की परीक्षा सन् 2018-19 में विश्वकर्मा हाईयर सैकण्डरी स्कूल, नरा जडौदा मुजफ्फरनगर से संस्थागत रूप से उत्तीर्ण की थी तथा मेरा अनुक्रमांक सं0-0519928 है। मेरी मार्कशीट कहीं खो गई है।

**आबिद पुत्र मोहसीन**
निवासी- ग्राम नरा, तहसील सदर, जिला मुजफ्फरनगर।

# पूर्व प्रमुख ने गांव चंधेडी को किया जगमग



**बुढ़ाना।** ब्लाक बुढाना क्षेत्र के पूर्व प्रमुख और राष्ट्रीय लोकदल के वरिष्ठ नेता विनोद मलिक ने आज शनिवार के दिन बुढ़ाना ब्लाक क्षेत्र के गांव चंधेडी में मृतक दलित देशवीर सिंह के घर पर पहुंचकर उसके परिजनों को सांत्वना दी और कहा कि वे इस दुख की घड़ी में मृतक के परिजनों के साथ हैं। उन्होंने मृतक के परिजनों को एक लाख रुपये देने की घोषणा करते हुए कहा कि ये धनराशि कुछ भी नहीं है लेकिनघ वे वायदा करते हैं कि भविष्य में अगर पीडित परिवार के किसी भी सदस्य को मेरी जरुरत पड़ी तो वे परिवार की मदद करने को तैयार मिलेंगे। उन्होंने इस हादसे पर गहरा दुख जताया और कहा कि देश वीर बहुत ही अच्छे इंसान थे। उन्होंने गांव के लोगों की एक और समस्या का निदान करते हुए भरी भीड़ में गांवघ चंधेडी में 10 स्ट्रीट लाइटें देने की घोषणा की और कहा कि गांव में अंधेरा ना रहे इसके लिए वे गांव में 10 स्ट्रीट लाइटें लगवाई रहे हैं। इस दौरान सभी ग्रामीणों ने पूर्व प्रमुख विनोदघ मलिक की प्रशंसा की और कहा कि पूर्व प्रमुख विनोद मलिक ने पीड़ित परिवार की मदद करके और गांव में लाइटें लगवाने की घोषणा करके हम सभी ग्रामीणों का दिल जीत लिया है। यहां संयम पंवार, सुरेंद्र सहरावत, पूर्व प्रधान रघुबर दयाल, कविंद्र और प्रवीण आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

# स्व:शासन एवं सामुदायिक बैठक का आयोजन

**मीरापुर।** ग्राम पंचायत कुतुबपुर में युवा नेतृत्व विकास कार्यक्रम के अंतर्गत वार्ड स्तरीय स्वशासन एवं सामुदायिक विकास कार्यक्रम से संबंधित बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सभी वार्डों के सम्मानित सदस्य उपस्थित रहे। वार्ड से जुड़े महत्वपूर्ण कार्यों को ग्राम पंचायत विकास योजना द्धजीपीडीपीऋ में सम्मिलित करने हेतु कार्ययोजना तैयार की गई, ताकि वार्ड के समग्र विकास में सहयोग मिल सके।

कार्यक्रम का संचालन सामाजिक कार्यकर्ता रवि शर्मा ने किया। इस दौरान वार्ड को बेहतर बनाने के उपायों पर चर्चा हुई। विशेष रूप से प्लास्टिक के कम से कम उपयोग पर बल दिया गया। वद्राओं ने कहा कि प्लास्टिक वायु प्रदूषण और गंदगी को बढ़ाता है, नालियों में जाने से जलभराव की समस्या उत्पन्न होती है। इसलिए प्लास्टिक को डस्टबिन में नष्ट करने और स्वच्छता बनाए रखने का संकल्प लिया गया। इसके अतिरिक्त वार्डों में लाइट व्यवस्था और साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता पर भी जोर दिया गया। बैठक में रणधीर सिंह, कपिल कुमार, अनुज कुमार, अभिनव, अभिषेक, सुरेंद्र, सुनील शर्मा, बबलू शर्मा, इंद्रपाल, आबिद, जावेद सहित अन्य सदस्यों का सक्रिय सहयोग रहा।

# संपूर्ण समाधान दिवस में आई कुल 16 शिकायतें

**बुढ़ाना।** तहसील बुढ़ाना परिसर में स्थित बार बुढाना एसोसिएशन के सभागार में आज शनिवार के दिन सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 16 शिकायतें ही आई जिनमें से कुल तीन ही शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। इनमें अधिकतर शिकायत जमीन से सम्बंधित थी। तहसील में सभाकक्ष में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में एसडीएम श्रीमति अपूर्वा यादव, सीओ गजेंद्र पाल सिंह और तहसीलदार महेंद्र सिंह यादव के द्वारा सभी लोगों की समस्याओं को बारी बारी से ध्यानपूर्वक सुना गया।

**सूचना**

मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र सं. 5705/30.05.2021 में नियमों की जानकारी न होने के कारण मेरे द्वारा पुत्र का नाम वेदांश वशिष्ठ अंकित नहीं कराया गया था। नाम पंजीकरण हेतु आवेदन पत्र संबंधित विभाग में प्रस्तुत किया गया है।

**भावना शर्मा**
पत्नी दीपांशु शर्मा
आदर्श कॉलोनी, मुजफ्फरनगर
9759596144

**सम्बन्ध विच्छेद**

मैं **श्रीमति सुनीता पत्नी स्व. मांगा उर्फ मांगेराम** निवासी ग्राम हलोली थाना भौराकला जिला मु.नगर की निवासी हूं। मेरा पुत्र अंकित पुत्र स्व. मांगा उर्फ मांगेराम व पुत्रवधू श्रीमति अंजली पत्नी अंकित मेरे व मेरे परिवार के कहने में नही हैं। जिससे मेरी इज्जत धूमिल हो रही है। झूठे मुकदमें का भी खतरा है। मैंने व मेरे परिवार के सब सदस्यो व रिश्तेदारों ने मेरे पुत्र अंकित व पुत्रवधू श्रीमति अंजली को खूब समझाया मगर वे अपनी गलत हरकतों से बाज नहीं आ रहे। अत: मैं अपने पुत्र अंकित व पुत्रवधू श्रीमति अंजली को उनके गलत कार्यों से क्षुब्ध होकर उनसे अपने सम्बन्ध विच्छेद कर उन्हें अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूं।

**संबंध विच्छेद सूचना**

मेरा पुत्र मुशर्रफ व उसकी पत्नि अफशा गलत संगत में पड़ गए हैं। और प्रतिदिन मेरे व परिवार के साथ मारपीट, गाली गलौच करते रहते है। इन दोनों का चाल चलन सही नहीं है ये मेरी व परिवार की कोई बात नहीं मानते। जिस कारण परेशान होकर मैने मुशरर्फ व अफशा को अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर इनसे हर प्रकार के सम्बन्ध विच्छेद कर लिए हैं। इनके किसी भी कृत्य और लेन देन की कोई जिम्मेदारी मेरी या परिवार के किसी सदस्य की नहीं होगी ये अपने कृत्य व लेन देन के स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**शाहिना पत्नि स्व. मौ. अशरफ**
**निवासी- म.न.- 996/75**
**किदवई नगर, मुजफ्फरनगर।**

# भाजपा की सांप्रदायिकता का जवाब सपा एकता भाईचारे की मजबूती से देगी: जिया चौधरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** समाजवादी पार्टी जिला मीडिया प्रभारी साजिद हसन ने बताया कि समाजवादी पार्टी की मासिक बैठक सपा कार्यालय महावीर चौक पर जिलाध्यक्ष ज़िया चौधरी एडवोकेट की अध्यक्षता व जिला महासचिव चौधरी विकिल गोल्डी अहलावत के संचालन में आयोजित की गई।

सपा की मासिक बैठक में विधानसभा,नगर व ब्लाक अध्यक्षों के साथ बूथ कमेटी की समीक्षा करते हुए जिलाध्यक्ष ज़िया चौधरी एडवोकेट ने कहा कि किसान मजदूर युवाओं व महिलाओं के मुख्य मुद्दों समस्याओं को दूर करने में भाजपा सरकार फ्लॉप रही है। जनता के अधिकारों योजनाओं पर भाजपा सरकार की उदासीनता से जनता में भाजपा सरकार के खिलाफ आक्रोश है। यूपी भाजपा सरकार जनता के मूल मुद्दों से ध्यान हटाने के लिए ही सांप्रदायिक तनाव को साजिश के तहत बढ़ा रही है लेकिन समाजवादी पार्टी कार्यकर्ता पूरे प्रदेश में भाजपा की सांप्रदायिक साजिश का जवाब जनता में एकता भाईचारे की मजबूती से देगी।

समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव चौधरी इलम सिंह गुर्जर समाजवादी पार्टी प्रदेश सचिव नौशाद अली सपा जिला उपाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह नीटू सपा जिला मीडिया प्रभारी साजिद हसन समाजवादी बाबा साहब अंबेडकर वाहिनी राष्ट्रीय सचिव पूजा अंबेडकर ने अपने संबोधन में कहा कि सभी कार्यकर्ता अपने अपने क्षेत्र में बूथ मजबूती के साथ भाजपा की सां. प्रदायिक साजिश के विरुद्ध एकता भाईचारे को मजबूत करने पर भी अभियान चलाकर इस बार समा. जवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाने के मिशन को सफल बनाए।

समाजवादी पार्टी स्थापना दिवस पर समाजवादी पार्टी के संघर्ष पर चर्चा के साथ मिठाई बांटी गई।मासिक बैठक को सपा जिला उपाध्यक्ष अंकित शर्मा, विधानसभा अध्यक्ष सत्यदेव शर्मा,संजीव आर्य, डॉ अविनाश कपिल,इमरोज पायलट सपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य धनवीर कश्यप प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य तहसीन मंसूरी सपा नेता सलीम मलिक,सतबीर त्यागी समाजवादी युवजन सभा राष्ट्रीय सचिव सचिन पाल, सपा नेत्री दीप्ति पाल सपा सभासद नदीम खान आदि ने संबोधित किया।मीटिंग में मुख्य रूप से पूर्व जिलाध्यक्ष सतेंद्र सैनी पूर्व महानगर अध्यक्ष अंसार आढ़ती, जिला उपाध्यक्ष चौधरी ओमपाल सिंह, सपा नेत्री वकीला बेगम,अभिषेक गोयल एडवोकेट, सुमित पंवार बारी,राशिद जैदी, रामपाल सिंह पाल, डॉ नूर हसन सलमानी, ऐश मोहम्मद मेवाती, रजनीश यादव,चौधरी अजय कुमार,पंकज सैनी, तरन सौदे एडवोकेट, सलमान त्यागी, श्याम सुंदर, हनीफ इदरीसी,सरताज चौधरी,आयुष चौधरी, रिजवान अंसारी,फैसल राणा सभासद शहजाद चीकू सभासद हसीब राणा, सलीम अंसारी,डा हनी समाहत, डॉ अलीशेर अंसारी, वंशराज चौहान, हुसैन राणा,राव नफीस,शशांक त्यागी, आशीष राणा, चौधरी मेहरबान, आशीष राणा,शानू ठेकेदार,गगन मावी सहित अनेक पदाधिकारी मौजूद रहे।

# शाहडब्बर में चला मिशन शक्ति अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** ब्लाक बुढ़ाना क्षेत्र के गांव शाहडब्बर में शनिवार के दिन बुढ़ाना महिला थाना की थानाध्यक्ष सुमन शर्मा द्वारा मिशन शक्ति फेस फाइव प्वाइंट जीरो अभियान के अंतर्गत गांव की सैंकड़ों महिलाओं और बालि. काओं को सुरक्षा, सम्मान, स्वाबलंबन और यातायात के नियमों के विषय में विस्तारपूर्वक बतलाया गया और उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ वाली सरकार के द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की भी जानकारी दी गई।

जिसमें सभी को विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों जैसे वूमेन पावर लाइन-1090, महिला हेल्प लाइन नंबर-181, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, स्वास्थ्य सेवा 102 और 108, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर 1076, चाइल्ड लाइन 1098 और 1930 साइबर क्राइम हेल्प लाइन नंबर आदि के बारे में जानकारी दी गयी तथा पंपलेट भी वितरित किए गये। इस दौरान यहां पर एंटी रोमियो टीम, बुढ़ाना महिला थाना का स्टाफ भी उपस्थित रहा। महिला पुलिसकर्मियों को अपने बीच देखकर महिलाएं बहुत ही खुश नजर आई और कहा कि वाकई में योगी की सरकार ही एक ऐसी अच्छी सरकार है जो महिलाओं की सुध लेती है।

इससे पहले तो किसी भी सरकार में खासकर महिला पुलिसकर्मियों द्वारा उनकी कोई सुध ली ही नहीं गयी बल्कि पुलिस तो किसी भी लड़ाई झगडे में उन्हें नामजद करके उनको पकड़ने के लिए ही आया करती थी।

**नाम परिवर्तन सूचना**

मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र स. 296/08.01.18 मे गलती से पुत्री का नाम अवनी व माता का नाम नीरजभान अंकित करा दिया गया, जबकि वास्तविक नाम क्रमश: अवनी मान व नीरजमान है और भविष्य मे भी इन्ही नाम से जाना जायेगा। शुद्धिकरण हेतु आवेदन पत्र सम्बन्धित विभाग मे प्रस्तुत किया जा रहा है।

**निवेदक,**
**नीरजमान पत्नी अंशुल**
**गुड़गांव हरियाणा।**

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि म.न.302 मौहल्ला जसवंतपुरी मुजफ्फरनगर की बाबत एक मुकदमा, माननीय न्यायालय श्रीमान सिविल जज (सी0डि0) मुजफ्फरनगर में वास्ते कराने बैनामा श्रीमति प्रवीण बेगम ने दायर कर रखा है जिसका मुकदमा न.406 सन् 2025 प्रवीण बेगम बनाम शबाना प्रवीन विचाराधीन है। इसलिए सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त मकान विवादित को कोई भी व्यक्ति न खरीदे। यदि कोई व्यक्ति उक्त मकान को खरीद करता है तो उसकी समस्त जिम्मेदारी उसकी स्वयं की होगी।

**प्रवीन बेगम पत्नी स्व.सरफराज**
**निवासी म.न.160/5 जसवंतपुरी**
**जिला-मुजफ्फरनगर**

# भूड़ में चुनावी रंजिश ने लिया हिंसक रूप

## फायरिंग और पथराव में आधा दर्जन लोग गंभीर घायल

**शाहटाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** खतौली कोतवाली क्षेत्र के भूड़ इस्लामाबाद मोहल्ले में शुक्रवार देर रात उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब चुनावी रंजिश ने हिंसक रूप धारण कर लिया। पहले लाठी-डंडों और पथराव से शुरू हुआ विवाद धीरे-धीरे गोलियों की तड़तड़ाहट में बदल गया। इस घटना में करीब आधा दर्जन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए मेरठ के इवान अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

जिला पंचायत चुनाव लड़ रहे इरशाद राव और प्रधान पद के उम्मीदवार आशु मलिक के बीच समझौते को लेकर पहले फोन पर तीखी कहासुनी हुई। दोनों के बीच गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी तक की नौबत आ गई। यही विवाद शुक्रवार देर रात आमने-सामने की भिड़ंत में तब्दील हो गया।

बताया जा रहा है कि देखते ही देखते दोनों गुटों के समर्थक आमने-सामने आ गए। पहले एक-दूसरे पर लाठी-डंडे चले, फिर पथराव शुरू हुआ और हालात बेकाबू होते ही फायरिंग भी होने लगी। गोलियों की आवाज से पूरा इलाका दहल उठा और लोग अपने घरों में दुबक गए। फायरिंग और पथराव में वसीम पुत्र शहजाद, दिलशाद पुत्र खान मोहम्मद, जावेद पुत्र मगता, आस मोहम्मद पुत्र मगता, फरमान पुत्र इसाक, सलमान पुत्र हनीफ गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को पहले स्थानीय स्तर पर प्राथमिक उपचार दिया गया, इसके बाद उन्हें मेरठ के इवान अस्पताल रेफर किया गया, जहां उनका इलाज जारी है।

घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली प्रभारी दिनेश चंद्र बघेल भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस ने लाठीचार्ज किया और उपद्रवियों को तितर-बितर कर स्थिति को संभाला। इसके बाद इलाके में तनाव को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात कर दिया गया है।पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल कर घटनाक्रम और हमलावरों की तलाश शुरू कर दी है। कोतवाली प्रभारी दिनेश चंद्र बघेल का कहना है कि ष्मामले की गहन जांच की जा रही है, दोषियों की जल्द पहचान कर उन्हें हिरासत में लिया जाएगा और सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

घटना के बाद मोहल्ले में तनावपूर्ण स्थिति बनी हुई है। पुलिस लगातार गश्त कर रही है और किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए मुस्तैद है। स्थानीय लोगों में दहशत का माहौल है और चुनावी रंजिश को लेकर आशंका जताई जा रही है कि आने वाले दिनों में तनाव और बढ़ सकता है।

# मुजफ्फरनगर से अग्रोहा धाम तक एक बस चलाने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** दिनांक सयुक्त वैश्य अग्रवाल महासभा जनपद मुजफ्फरनगर की एक बैठक नई मंडी बड़ी धर्मशाला में आहूत हुई जिसकी अध्यक्षता संजय मित्तल और संचालन दिनेश बंसल ने किया।

जिसमें मुख्य अतिथि पूर्व विधायक अशोक कंसल रहे कंसल ने कहा गरीब वैश्य समाज के लिए चिकित्सा, शिक्षा और शादी के लिए कुछ कोष बनाया जाए संजय मित्तल जी ने कहा कि तेरहवीं में मृत्यु भोज का बहिष्कार होना चाहिए महामंत्री अनिल तायल ने कहा कि सभी संगठनों को संगठित रखकर समाज की सेवा का करने कार्य करने का आ]वान हुआ है इसका नतीजा जल्दी आएगा शिवकुमार सिंगल जी ने कहा मुजफ्फरनगर से एक बस अग्रोहा के लिए चलनी चाहिए जिसमें मंत्री और ।त्ड से मिलकर बस का संचालन का प्रारूप रखा जाएगा प्रवीण गुप्ता जी ने कहा एक पाठ महाराजा अग्रसेन जी का



पाठड्क्रम में रखा जाए इन सभी प्रस्ताव को सर्वसम्मति से पास किया गया जिसमें मुख्य रुप से विश्व दीप गोयल ,अजय सिंघल, अमित अग्रवाल बंटी ,मुकेश गुप्ता ,शोभित गुप्ता, रजत गोयल , पवन सिंघल विनीत गर्ग ,सरवण अग्रवाल, कशिश गोयल, अशोक सिंगल ,पुरुषोत्तम सिंगल, कपिल गर्ग विपिन गोयल, शशिकांत गर्ग आदि रहे।

## रामराज में वृद्ध महिला की शिकायत पर दो पुत्र गिरफ्तार

**रामराज।** थाना क्षेत्र के ग्राम हासमपुर निवासी वृद्ध महिला दयावती पत्नी अतर सिंह ने अपने ही पुत्रों पर उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए थाना रामराज में शिकायती प्रार्थना पत्र दिया। वृद्धा के पुत्र अंकित कुमार और जितेन्द्र सिंह न तो उन्हें खाना-पीना देते हैं, न ही इलाज के लिए खर्चा उठाते हैं। साथ ही वे आए दिन उनसे झगड़ा करते रहते हैं, जिससे वह अत्यंत परेशान रहती हैं। शिकायत पर वरिष्ठ उपनिरीक्षक जय सिंह नागर पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे तो वहां अंकित कुमार और जितेन्द्र सिंह अपनी मां दयावती से विवाद करने लगे और जोर-जोर से हंगामा करने लगे। स्थिति को बिगड़ता देख पुलिस ने दोनों पुत्रों को काफी समझाने का प्रयास किया, लेकिन वे नहीं माने और शांति व्यवस्था भंग करने लगे। इसके बाद पुलिस ने दोनों को मौके से हिरासत में लेकर मुकदमा दर्ज कर चालान कर दिया है।

# खाटू श्याम संकीर्तन में झूमे भक्त

**खतौली।** श्री झारखंड महादेव देवालय शिवपुरी, खतौली स्थित नवनिर्माणाधीन खाटू श्याम मंदिर परिसर में आश्विन मास की पापंकुशा एकादशी के पावन अवसर पर संकीर्तन का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य यजमान संदीप अग्रवाल (पीली कोठी) एवं उनकी धर्मपत्नी प्राची अग्रवाल रहीं। उन्होंने परिवार सहित बाबा खाटू श्याम की ज्योत प्रज्वलित कर संकीर्तन का शुभारम्भ किया।

भजन गायक भावना रानी (अलीपूर अटेरना) और खुशबू राधा (सकौती) ने अपने भजनों से वातावरण को भक्ति रस में सराबोर कर दिया। वहीं अर्जुन पुरबालियान, अभीतोष गोस्वामी, दीपक अरोरा, कन्हैया गोयल, राहुल, हर्ष गुप्ता, भाविका अरोरा व ज्योति अरोरा ने भी भजनों की प्रस्तुतियां देकर श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। संकीर्तन में मोरछड़ी की सेवा सुनील कुमार (अलीपुर अटेरना) ने संभाली। लाइट एवं सजावट का दायित्व संजय गोस्वामी परिवार, जनरेटर की व्यवस्था राजेंद्र जनरेटर परिवार तथा फूलों की सजावट गुलशन फूल भंडार परिवार द्वारा की गई। मंच संच. ालन का कार्य संजीव कुमार शर्मा (प्रधानाचार्य) ने किया। इस अवसर पर संजीव अग्रवाल (जैन मंडी), संदीप अग्रवाल (पीली कोठी), संजीव कुमार शर्मा, अनुराग शास्त्री, मदन छाबड़ा (वरिष्ठ भाजपा नेता), तरुण सूरी, संजय गोस्वामी, विपिन अरोरा, सुनील कुमार, सीताराम, मनोज उपाध्याय, लवली अरोरा, योगेश वर्मा, कमलेश मिश्रा, अमित शिवाच, शशिभारद्वाज, उपासना अग्रवाल, प्राची अग्रवाल, शशि उपाध्याय, मिथिलेश महेश्वरी, आरती देवी व मुनेश देवी सहित अनेक श्रद्धालु मौजूद रहे। भक्ति संध्या में संगीत नटराज ग्रुप खतौली की प्रस्तुति ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम के उपरांत प्रसाद वितरण किया गया।

## फांसी लगाकर युवक ने की आत्महत्या

**छपार।** गृह कलह के कारण एक युवक ने कुंडे से लटककर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। गांव बढीवाला निवासी 28 वर्षीय युवक गुढ्ढू पुत्र सुक्का भटे पर मजदूरी करता था। शुक्रवार की रात्रि में पुलिस को सूचना मिली कि एक युवक ने कुंडे में रस्सी से लटककर आत्महत्या कर ली है । पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव को नीचे उतार कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने बताया कि वह कुछ दिन पूर्व एक महिला जो तीन की मां है उसे घर ले आया था क्योंकि उसकी शादी नहीं हुई थी वह शुक्रवार की शाम से ही बच्चों सहित फरार है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है।

# मंत्री अनिल ने दलित परिवार को दी सांत्वना

**बुढ़ाना।** ब्लाक बुढाना क्षेत्र के गांव चंधेडी में तीन दिन पूर्व लेंटर के भारी भरकम मलबे में दबकर मरे दलित देशवीर सिंह के आवास पर आज शनिवार के दिन उत्तर प्रदेश के विज्ञान एवं प्रोद्योगिकी कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश उपाध्यक्ष चौधरी योगराज सिंह को लेकर पहुंचे।

जहां पर उन्होंने मृतक देशवीर के परिजनों को सांत्वना दी और उसके बाद हरसंभव मदद करने का आख्वासन दिया। मंत्री ने क्षतिग्रस्त हुई चौपाल का भी जीर्णोद्धार जल्द ही करवाने की बात कही। इस दौरान यहां पर मुख्य रुप से गांव चंधेडी के प्रधान पुरुषोत्तम सिंह और प्रदीप कुमार के अलावा सैंकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि बुढ़ाना ब्लाक क्षेत्र के गांव चंधेडी में हरिजन की चौपाल है। जिसमें रात के समय



कुछ देर के लिए दलित लोग दिन भर की थकान खत्म करने को बैठ जाते हैं। तीन दिन पूर्व रात के समय इस चौपाल का लेंटर उस समय अचानक से भरभराकर गिर गया जब लेंटर के नीचे कुछ ग्रामीण बैठे हुए बातचीत कर रहे थे। जिसमें लेंटर के मलबे में दबकर देशवीर की दर्दनाक मौत हो गयी थी और अन्य दो ग्रामीण घायल हो गये थे और पशुओं को भी खरोंचेंष्ट आई थी। बुढ़ाना पुलिस प्रशासन के आला अधिकारियों ने भी मौके पर पहुंचकर स्थिति संभाल ली थी।

## संक्षिप्त समाचार

### जंगली चोरों का आतंक जारी टयूबवैल में चोरी से हड़कंप

**मोरना।** क्षेत्र में जंगली चोरों का आतंक लगातार जारी है। मोरना के जंगल मे चोरो ने आधा दर्जन किसानों की टयूबवेल पर चोरी की घटना को अंजाम देकर सनसनी फैला दी है। लगातार हो रही घटनाओं को लेकर किसानों में रोष व्याप्त हो गया है। पीडित किसानों ने चोरों के खिलाफ कार्रवाई व चोरी हुए सामान की बरामदगी की मांग की है। भोपा थाना क्षेत्र के गांव मोरना निवासी किसान संजीव उर्फ संजु शिवाच, गोपाल शिवाच, शादीराम, नेपाल सिंह व बिटटु चौधरी आदि किसानों के खेत गांव के जंगल में है। शनिवार की सुबह जैसे ही किसान अपनी टयूबवैल पर पहुंचे तो उन्होंने टयूबवैल की दीवार टूटी हुई मिली। जहां चोरों ने टयूबवैल से केबिल, स्टार्टर, ऑपरेटर, कटआउट सोलर पैनल स्प्रे मशीन कृषि यंत्र आदि सामान चुरा लिये। किसान संजू चौधरी ने बताया चोरों ने आधा दर्जन टयूबवैलों के कमरों की दीवार तोडकर चोरी की घटना को अंजाम दिया है। टयूबवैल चोरी की घटनाएं लगातार जारी है। घटनाओं को रोकने मे पुलिस नाकाम साबित हो रही है। किसानो ने शीघ्र घटनाओं के खुलासे की मांग की है। थाना प्रभारी मुनीश कुमार ने बताया कि घटना का जल्द खुलासा कर दिया जायेगा।

### रजवाहों में सिल्ट सफाई कार्य का जिला पंचायत ने किया शुभारम्भ

**भोपा।** वर्षा ऋतु के समापन पर सिंचाई विभाग द्वारा राजबाहों की सिल्ट सफाई के कार्य शुरू किया गया है। जिसका शुभारंभ शनिवार को जिला पंचायत अध्यक्ष द्वारा नारियल तोड़ कर किया गया। भोपा क्षेत्र के राजबाह अथाई,भोपा , जौली,नंगला बुजुर्ग आदि स्थानों पर सिंचाई विभाग के अधिकारियों एवं जूनियर इंजीनियर्स की उपस्थिति में जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ.वीरपाल निर्वाल ने मुख्य अतिथि के रूप में पूजन अर्चना के साथ नारियल तोड़कर शुभारम्भ किया। डॉ. निर्वाल ने अधिशासी अभियंता सुभाष चंद्रा,एसडीओ तृतीय मनोज कुमार, जूनियर इंजीनियर्स वीरेंद्र कुमार,जय प्रकाश एवं धर्मेंद्र कुमार से कहा कि सिल्ट सफाई का कार्य निर्धारित समय के अंतर्गत पूर्ण होना चाहिए ताकि किसानों को गेहूं बुवाई ,सरसों बुआई हेतु सिंचाई की समस्या नहीं आनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता में किसान है इसलिए कोई भी समस्या नहीं आनी चाहिए । सिंचाई विभाग के अधिकारियों ने समय से कार्य पूरा करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष संजय सिंह कोरी , जिला संयोजक रामकुमार शर्मा , गुरुदास वालिया ,रविंद्र कुमार ,महिपाल राठी आदि उपस्थित रहे।

### नवरात्र पर पीजी कॉलेज में गरबा-डांडिया महोत्सव

**खतौली।** श्री कुन्द कुन्द जैन पीजी कॉलेज में गृहविज्ञान विभाग के तत्वाधान में मिशन शक्ति के तहत नवरात्रि के पावन अवसर पर मां दुर्गा के नौ रूपों की आराधना करते हुए गरबा एवं डांडिया महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं ने पारंपरिक परिधानों में सजी-धजी झूमकर नृत्य प्रस्तुत कर माहौल को भक्तिमय बना दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज की प्राचार्या प्रो. नीतू वशिष्ठ, प्रो. नीरजा गुप्ता, संयोजिका डॉ. पूजा पूंडीर सिंह, डॉ. विशु, डॉ. श्वेता मलिक, डॉ. पारुल शर्मा, एकता राजपूत और सीमा तोमर ने मां दुर्गा के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित कर किया।सपना ने जय महाकाली अवतार पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत कर गरबा का आगाज किया, जिसमें देवी दुर्गा और महिषासुर के युद्ध का दृश्य दर्शाया गया। वंशिका ने ओ ढोलड़ा गीत पर प्रस्तुति देकर वातावरण को भक्ति रस से भर दिया, वहीं सलोनी ने हे नवदुर्गा गीत पर रास-गरबा प्रस्तुत कर सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके बाद छात्राओं की टोलियों ने गरबा की ताल पर खूब झूमकर उत्सव का आनंद लिया।आयोजन में ई. आशीष जैन, सीमा तोमर, मिस अफीफा, मिस प्राची, मुकुल जैन, पारुल जैन, रजत गुप्ता, शकुंतला और हर्ष सहित अनेक लोगों का विशेष सहयोग रहा।

### मीटर में डिवाईस लगाकर विद्युत चोरी का खुलासा

**मुजफ्फरनगर।** शनिवार को 33/11 केवी विद्युत उपकेन्द्र पुरकाजी, मुजफ्फरनगर के अन्तर्गत मीटर टीम के साथ कुल 05 नं मीटर बदले गये, जिसमें से कुल 02 नं0 मीटर से छेडछाड़ कर शण्ट डिवाइस लगाकर विद्युत चोरी की जा रही थी। मौके पर उपभोक्ता के परिसर पर चौकिंग रिपोर्ट भरकर हस्ताक्षर कराये गये व उनके विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जा रही है। आप सभी सम्मानित उपभोक्ताओं को अवगत कराना है कि जनपद मुजफ्फरनगर में हाई लॉस वाले फीडर व चोरी बाहुलय क्षेत्रें को चिन्हित कर अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें ऐसे उपभोक्ता जो मीटर में शण्ट लगाकर चोरी कर रहे है या जहां पर चोरी की शिकायतें अधिकता में है, कार्यवाही की जा रही है। अत: आप सभी सम्मानित उपभोक्ताओं से अनुरोध है कि विद्युत का प्रयोग वैध तरीके से ही करें एवं विद्युत विच्छेदन से बचने के लिए अपने बकाया बिलों का समय से भुगतान करें।

### ट्रैफिक पुलिस ने हटवाया अतिक्रमण, कई ई-रिक्शा सीज

**मुजफ्फरनगर।** ट्रैफिक पुलिस ने शहर को जाम मुक्त कराने के लिए मेरठ रोड पर अतिक्रमण अभियान चलाया। सडक किनारे लगाए गए सामान को दुकान के बाहर से हटवाया गया। दोबारा अतिक्रमण करने पर दुकानदारों को ट्रैफिक पुलिस ने चेतावनी दी। ट्रैफिक पुलिस को शहर को जाम मुक्त कराने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। शनिवार को ट्रैफिक पुलिस ने मेरठ रोड पर अतिक्रमण अभियान चलाया। मेरठ रोड पर तहसील सदर से लेकर मिनाक्षी चौक के बीच दुकान के बाहर रखे सामान को ट्रैफिक पुलिस ने हटवाया। ट्रैफिक पुलिस ने दोबा. रा अतिक्रमण करने पर दुकानदारों को चेतावनी दी।

### राष्ट्रीय सेल के अध्यक्ष बनाए गए प्रवन्स सैनी

**बुढ़ाना।** ब्लाक बुढाना क्षेत्र के गांव लुहसाना के निवासी प्रवन्स सैनी पुत्र प्रविन्दर कुमार सैनी को राष्ट्रीय मजदूर एकता पार्टी युवा मोर्चा सेल उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष पद पर मनोनीत किया गया है। यह नियुक्ति उनकी कार्यकुशलता एवं जनसामान्य के प्रति अच्छी भागीदारी को ख्रष्टिगत रखते हुए केन्द्रीय कार्य समिति द्वारा की गयी है और यह निर्णय लिया गया है कि आपकी प्रतिभा एवं क्षमता का उपयोग जन सामान्य की समृद्धि एवं राष्ट्र के उन्नयन मे हो। श्री सैनी से यह आशा भी जताई गयी है कि वे अध्यक्ष पद का कार्यभार पूरी सत्य निष्ठा के साथ निभाकर जनता की शिकायत पर ध्यान देंगे। यह नियुक्ति राष्ट्रीय अध्यक्ष करण सिंह भुघाल द्वारा की गयी है।

# सोशल मीडिया पर अभद्र टिप्पणी से बचें : जमीयत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** जमीयत उलमा-ए-हिंद की कस्बा इकाई बुढ़ाना कार्यसमिति की एक बैठक कैंप कार्यालय क़ासमी मंज़िल पर हुई। बैठक की अध्यक्षता मुफ़्ती फरमान क़ासमी व संचालन हाफिज़ तहसीन राणा ने किया।

बैठक में उलेमा, इमाम, जिम्मेदार पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद थे। बैठक में मुख्य एजेंडे पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में संगठन द्वारा चलाए जा रहे इस्लाहे मुआशरा की समीक्षा हुई व भविष्य की कार्य योजना पर विचार कर कस्बे में 5 कार्यक्रमों के आयोजन की रुपरेखा बनाई।

यहां स्थायी अध्यक्ष के चुनाव की रुपरेखा पर विचार विमर्श हुआ व युवाओं के संबंध में हाफिज राशिद ने विशेष रुप कहा कि वे सोशल मीडिया पर तनाव उत्पन्न करने वाली व उकसावे वाली पोस्टों से परहेज़ करें व नबी ए करीम हज़रत मुहम्मद साहब की पाक ज़िंदगी को अपनाकर अपने आचरण व सोच को सकारात्मक बनाएं। युवा इंसानियत, अमन व इल्म के रास्ते पर चलें जिससे समाज में एक स्वस्थ व शांतिपूर्ण वातावरण बन सके। जमीयत पदाधिकारियों ने कहा कि जो लोग तरह तरह के प्रोपगंडे चला रहे हैं उनसे सावधान रहें। बीते माह पंजाब में आई बाढ़ से प्रभावित परिवारों की मदद में जमीयत बुढ़ाना ने सक्रिय भूमिका निभाकर राहत सामग्री भेजी। ये संगठन केवल स्थानीय स्तर पर ही नही बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर भी हर मुश्किल घड़ी में इंसानियत की सेवा करता है। मुफ़्ती फरमान क़ासमी ने कहा कि जमीयत का इतिहास सेवा, सुधार व इंसानियत से जुड़ा हुआ है। मौलाना अरशद मदनी साहब की रहनुमाई में संगठन ने हमेशा मज़लूमों और ज़रूरतमंदों की मदद को अपनी पहली प्राथमिकता बनाया है। पंजाब बाढ़ पीड़ितों की मदद इसका ताज़ा उदाहरण है। अब हमें बुढ़ाना की स्थानीय इकाई को और मज़बूत बनाना है और समाज सुधार के साथ साथ शिक्षा जागरुकता अभियान को भी और अधिक प्रभावी ढंग से चलाना है। यहां



हाफिज अब्दुल गफ्फार, हाफिज राशिद कुरैशी, हाजी शराफत अली, मौहम्मद आसिफ कुरैशी ने कहा कि समाज सुधार के लिए ज़मीनी स्तर पर काम ज़रुरी है। स्थानीय इकाई का स्थायी अध्यक्ष चुने जाने से संगठन को मजबूती मिलेगी और भविष्य में समाज सुधार कार्यक्रम और विभिन्न संगठन के कार्य और बेहतर ढंग से चलाए जा सकेंगे। मुख्य अतिथि मौलाना खालिद क़ासमी ने कहा कि ये कस्बा यूनिट देश में अपनी सक्रियता से जानी जाती है। समाज में पनप रही बुराईयों को समाप्त करने में हमें विशेष भूमिका निभानी है। यहां सर्व सम्मति से स्थायी अध्यक्ष के चुनाव की रुपरेखा तैयार की गयी। यहां मौलाना सालिम क़ासमी, मौलाना आसिफ इस्लाही व मुफ़्ती यामीन क़ासमी ने भी अपने अपने विचार रखे। यहां इसरार कुरैशी, हाफिज शहजाद, अशरफ़ कुरैशी, अरशद, शाहिद कुरैशी आदि मौजूद थे।

# पुलिस चौकी के पास हुई चोरी का खुलासा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** बायवाला पुलिस चौकी से चंद कदम की दूरी पर स्थित एक दुकान में हुई चोरी का खुलासा पुलिस ने कर दिया है।

आरोपी के पास से चोरी का बैट्रा व इंवर्टर बरामद हुआ है। बताया जाता है कि बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के गांव सठेडी निवासी प्रदीप प्रजापति पुत्र रणबीर ने बुढ़ाना कोतवाली की पुलिस चौकी बायवाला के पास ही दुकान कर रखी है। जिसमें बीते 19 सितम्बर को दिन निकलने से पहले ही अज्ञात चोरों ने हजारों रुपये की संपत्ति चोरी कर पुलिस में हड़कंप मचा दिया था। ढिलाई करने पर एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने इस चौकी के इंचार्ज किशन पाल सिंह यादव को भी हटा दिया था। पुलिस इस खुलासे के लिए लगी हुई थी तो आज पुलिस को कामयाबी भी मिली।

जिसमें पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एक संदिग्ध युवक को पूछताछ के लिए रोका जो कि प्लास्टिक के कटे में दुकान से चोरी किया गया बैट्रा व इंवर्टर किसी को बैंचने के लिए जा रहा था। युवक ने अपना नाम सालिम बतलाया और चोरी की घटना को कबूल किया। युवक ने पुलिस को बताया कि मैं नशे की लत मे पडकर चोरी करने लगा हूं। मैंने ही बायवाला पुलिस चौकी के पास स्थित खोखानुमा दुकान से यह इन्वर्टर, बैट्रा, बीडी, सिगरेट तथा गल्ले में रखे करीब 300 रुपये चोरी कर लिये थे। बीडी व सिगरेट मैंने पी ली और रुपये खाने पीने में खर्च कर दिए। पुलिस ने आरा. पी के पास से एक अवेध तमंचा व कारतूस भी बरामद किया है। पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया है।

# मर्यादित जीवन जीने की प्रेरणा देती है रामलीला : मुकेश सिंह

**मुजफ्फरनगर।** शक्ति क्लब इंदिरा कॉलोनी रामलीला में आज प्रभु श्री राम जी को राजतिलक और पारितोषिक वितरण का कार्यक्रम विधिवत रूप से संपूर्ण हुआ। आज राजतिलक में मुख्य अतिथि ठाकुर मुकेश सिंह व जोगिंदर सिंह भारतीय जनता पार्टी के नेता के द्वारा किया गया। साथ में महेश बटला महाकाल लंगर, रामबाबू हर श्रीनाथजी सत्संग से, प्रथम तिलक वशिष्ठ मुनि द्वारा किया गया इसके पश्चात आए हुए अतिथियों ने बारी-बारी से प्रभु श्री राम को किया तिलक, प्रभु श्री राम के राजतिलक पर आयोजित कार्यक्रम में माता की झांकी, और भक्ति पूर्ण माहौल बन गया बीच-बीच में अतिथियों द्वारा कलाक. ारों को पारितोषिक किए गए वितरण फिर कमेटी के सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं को पारितोषिक देकर प्रभु श्री राम जी की आरती की गई और भंडारे का भी हुआ आयोजन कच्ची



सड़क पुलिस चौकी प्रभारी विनोद चौधरी ने रामलीला में पुलिस को साथ लेकर अच्छी व्यवस्था बनाई। आज व्यवस्था में विजेंद्र पाल अध्यक्ष, सचिव संजीव दीक्षित, मीडिया प्रभारी नवनीत कौशिक, सरदार राजेंद्र सिंह एडवोकेट, सत्येंद्र पवार, नीरज शर्मा, सुनील कपिल, डॉ अमरीश त्यागी, उमेश चौरसिया, पवन पाल, सुनील रुहेला, शिबू भाई जी, नितिन अरोरा, अक्षय पाल, जॉनी पाल, हर्षित सिंगल, अगम कौशिक, रिंकू कटारिया, उज्जवल शर्मा, शुभम पहाड़ी, राजीव अरोड़ा, ओमपाल कश्यप आदि मौजूद रहे।

# जिला पंचायत अध्यक्ष ने भाजपाइयों संग किया मिल में तैयारियों का निरीक्षण

**मोरना।** जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. वीरपाल निर्वाल ने भाजपा पदा. धिकारियों के साथ मोरना चीनी मिल मे जाकर नये पेराई सत्र की तैयारियों का जायजा लेकर अधिकारियों व कर्मचारियों से स्वच्छता,सुरक्षा, सुविधा को लेकर बातचीत की तथा मिल स्वच्छता रखने को कहा। दि गंगा किसान सहकारी चीनी मिल्स मोरना मे शनिवार को जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. वीरपाल निर्वाल ने प्रधान प्रबंधक वी. पी. पाण्डेय संग मिल का निरिक्षण किया। जहां जिला पंचायत अध्यक्ष ने आगामी पैराई सत्र को दो सप्ताह मे चालू करने, मिल मे पूर्ण स्वच्छता अपनाने, कर्मचारियों की सुरक्षा व किसानो को स्वच्छ पयजल सहित कीटनाशक का छिड़काव व किसानो को सभी आवश्यक सुविधाएं प्रदान करने। किसानो के साथ मित्रता पूर्वक व्यवहार करने के निर्देश दिये।प्रधान प्रबंधक ने कहा की अक्टूबर के अंत तक सभी तैयारियां पूर्ण कर ली जायेगी और शासनादेश के अनुसार नवबंर के प्रथम सप्ताह मे मिल चालू हो जायेगी।



इस अवसर पर मुख्य अभियंता शशिकांत यादव, मुख्य रसायनविद एस के झा, भाजपा किसान मोर्चा के मंडल अध्यक्ष ब्रजवीर सिंह, रामकुमार शर्मा,मंडल अध्यक्ष अरुण पाल, संजय कोरी मनोज कुमार,तरुण धीमान,महिपाल राठी,कंवरपाल सिंह,भीषमदास आदि मौजूद रहे।

# डीएम, एसएसपी ने कराया कई समस्याओं का मौके पर समाधान

**मुजफ्फरनगर।** जिलाधिकारी उमेश मिश्रा एवं मुख्य विकास अधिक. ारी कंडारकर कमल किशोर देश भूषण तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा की अध्यक्षता में तहसील सदर के सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया।

संपूर्ण समाधान दिवस में राशन कार्ड, भूमि विवाद, नगर पालिका, नगर पंचायत राजस्व से संबंधित, श्रम विभाग से संबंधित ,पेंशन, विद्युत विभाग से संबंधित, सड़क आदि संबंधित शिकायतें प्राप्त हुई।

तहसील समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी ने शिकायत रजिस्टर का अवलोकन किया तथा शिकायतकर्ताओं से फोन पर वार्ता कर फीडबैक लिए जाने के निर्देश दिए गए। उन्होंने सभी संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों का संबंधित विभाग के अधिकारी स्वयं मौके पर जाकर शिकायत का निस्तारण कराएं, यदि कोई ऐसी शिकायत है, जिसका निस्तारण नहीं हो सकता है, उसके संबंध में शिकायतकर्ता को अवगत कराया जाए। उन्होंने निर्देश दिए संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों का एक सप्ताह के अंदर गुणवत्तापूर्ण तथा संतोष जनक एवं समयांतर्गत निस्तारण किया जाए, इसमें किसी प्रकार की शिथिलता ना बरती जाने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि आइजीआरएस पर प्राप्त शिकायतों का गुणवत्ता परक एवं समयांतर्गत निस्तारण किया जाए । उन्होंने विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों को निर्देश दिए आइजीआरएस की शिकायत कंप्यूटर पर अपलोड होने से पहले शिकायत को अच्छी तरह से पढ़ लें उसके बाद ही कंप्यूटर पर अपलोड कराया जाए। उन्होंने निर्देश दिए यदि किसी स्तर पर कोई शिकायत का निस्तारण में लापरवाही बरती जाती है या पेंडिंग में होती है, तो संबंधित के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सभी संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए शिकायतों के निस्तारण में किसी प्रकार की कोई भी लापरवाही ना बरती जाए।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 90 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें मौके पर 05 शिकायतों का निस्तारण किया गया। जिलाधिकारी ने शेष शिकायतों को संबंधित विभागीय अधिकारियों को संदर्भित करते हुए निर्देशित किया कि पूर्ण पारदर्शिता एवं निष्पक्षता से मौके पर पहुंच कर शिकायतकर्ता से शिकायत के सम्बन्ध में फीडबैक लें कि बह संतुष्ट है,और मौके का फोटो भी कराएं। उन्होंने निर्देश दिए कि संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी कंडारकर कमल किशोर देशभूषण, मुख्य चिकित्सा अधिकारी सुनील कुमार तेवतिया, उप जिलाधिकारी प्रवीन द्विवेदी, तहसीलदार सदर राधेश्याम गौड़, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी श्री शक्ति शरण, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिक. ारी मैत्री रस्तोगी, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी जितेंद्र कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संदीप कुमार, जिला कृषि अधिकारी राहुल तेवतिया, जिला पंचायत राज अधिकारी रेनू श्रीवास्तव, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका प्रज्ञा सिंह, सहित अन्य जनपद स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।



# राजतिलक के साथ श्रीराम लीला महोत्सव का समापन

**मुजफ्फरनगर।** नई मंडी श्री रामलीला भवन में हो रहे 99वें श्री रामलीला महोत्सव का समापन प्रभु श्री राम के राज्याभिषेक के साथ हुआ जिसमें प्रभु श्री राम लंका पर विजय पाकर 14 वर्ष वनवास के बाद जब अयोध्या लोटे तो पूरी अयोध्या में खुशियां मनाई गई मुनि वशिष्ठ ने अयोध्या के सिंहासन पर प्रभु श्री राम को विराजमान होने के लिए कहा मुनि वशिष्ट के कहने पर प्रभु श्री राम सिंहा. सन पर विराजमान हुए तथा प्रथम राज. तिलक मुनि वशिष्ठ द्वारा किया गया तत्पश्चात कमेटी के अध्यक्ष संजय मित्तल मंत्री अशोक गर्ग एवं कोषाध्यक्ष आदित्य भरतिया ने अपनी पूरी कमेटी के साथ प्रभु श्री राम का राजतिलक किया तत्पश्चात कमेटी द्वारा कलाकारों को पुरस्ख्रत किया गया तथा श्री राम लीला से जुड़े हुए सभी टेंट वाले बिजली वाले सफाई कर्मचारी सभी को मंच पर बुलाकर सम्मानित किया गया अध्यक्ष संजय मित्तल ने मंच के माध्यम से कहा कि पूरे आयोजन के दौरान मेरे या मेरी कमेटी के द्वारा अगर जाने अनजाने में किसी के प्रति किसी भी प्रकार की त्रुटि हुई हो तो मै सभी से हाथ जोड़कर क्षमा मांगता हूं, उन्होंने रामलीला से जुड़े हुए सभी जनो का व रामलीला देखने आए सभी भक्तजनों का भी आभार व्यक्त किया पूरी रामल. ीला मंचन में अपनी वाणी से बहुत ही सुंदर मंच संचालन करने वाले स्वदेश कौशिक को भी सम्मानित किया गया वही मथुरा से आई श्री गिरिराज लीला संस्थान के कलाकारों ने भगवान श्री कृष्ण पर आधारित रासलीला की अत्यंत सुंदर प्रस्तुति दी इस अवसर पर कैलाश चंद ज्ञानी, बृज गोपाल छारिया, सत्य प्रकाश मित्तल, अशोक तायल राकेश खंडेलवाल विनोद सिंघल प्रवीण कुमार एड., राजीव अग्रवाल, संजय जिंदल काका, मोहनलाल मित्तल, विशाल कालरा, राजेंद्र सिंघल, विदित गुप्ता, उपेंद्र मित्तल, अभिषेक कुच्छल, कुलदीप शर्मा,अचिन सागर, राजेश गोयल, विवेक बंसल, विवेक गर्ग आदि उपस्थित रहे।



शाह टाइम्स

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**

**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# मरने से पहले पिता ने बच्चों को खिलाए समोसे

## युवक ने तीन अलग-अलग वीडियो बनाकर अपनी बहन को भेजे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** यूपी-हरियाणा सीमा पर स्थित यमुना ब्रिज की दूसरी ओर सनौली थाने की पुलिस चौकी पर लगे सीसीटीवी कैमरों में शुक्रवार करीब 12 बजे युवक अपने चारों बच्चों के साथ में वहां बनी चाय की दुकान पर बैठा नजर आ रहा है। सीसीटीवी फुटेज में युवक बच्चों के साथ में चाय व समोसे खाता हुआ दिख रहा है। समोसे खाने के दौरान युवक ने अपने बच्चों के साथ में चाय भी पी। इसके बाद, युवक सीसीटीवी कैमरों में अपने बच्चों के साथ में यमुना नदी पर बने पुराने पुल पर जाता हुआ दिख रहा है। हालांकि युवक के यमुना नदी में कूदने की कोई वीडियो फुटेज अभी तक पुलिस को नही मिली है। युवक के मोबाइल की अंतिम लोकेशन भी यमुना ब्रिज पर ही मिली है, जिसके तहत पुलिस-प्रशासन युवक की तलाश में यमुना नदी में सर्च अभियान चलाए हुए है।





### युवक ने अपनी बहन पर भेजी तीन वीडियो, पिता से मांगी माफी

विगत शुक्रवार को सलमान (38) ने तीन अलग-अलग वीडियों बनाकर कस्बे के मोहल्ला खैलकलां निवासी अपनी विवाहित बहन गुलिस्ता के व्हाट्सएप पर सेंड किए है। एक वीडियो में युवक अपने चार छोटे-छोटे बच्चों के साथ में नजर आ रहा है, जिसमें वह अपनी पत्नी से आहत होने की बात कह रहा है। युवक अपने बच्चों के साथ में रोता हुआ दिख रहा है। वह बच्चों के साथ आत्महत्या करने की बात कह रहा है। साथ ही, इस आत्मघाती कदम के लिए अपनी पत्नी खुशनुमा व कई अन्य लोगो को जिम्मेदार बता रहा है। युवक वीडियो में बता रहा है कि पिछले सात माह से इन लोगो ने उसके जीवन को नरक बना दिया है। 2:46 मिनट के वीडियो में युवक अपनी बेटी महक (12), शिफा (10) व इनाया (2) तथा पुत्र अयान (7) के साथ में बैठा दिख रहा है। दूसरे वीडियो में युवक अकेला नजर आ रहा है। 38 सेकेंड की इस वीडियो में युवक रोते हुए अपने पिता से माफी मांगने की बात कह रहा है। युवक कह रहा है कि वह अपने पिता से बहुत प्यार करता है, लेकिन उसके सामने आत्महत्या के अलावा कोई रास्ता नही है। 46 सेकेंड के तीसरे वीडियो में युवक आंखों में आंसू लिए अपनी पत्नी पर आरोप लगाता हुआ दिख रहा है। युवक कह रहा है कि उसे मौत का निर्णय इसलिए लेना पड़ा क्योंकि पिछले सात माह से पत्नी ने उसकी जिंदगी को तबाह करके रख दिया है। बच्चों के पालन-पोषण का भी कोई रास्ता उसे नजर नही आ रहा है। इसलिए उसने बच्चों के साथ मरने का निर्णय लिया है। वहीं, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक समयपाल अत्री का कहना है कि युवक के परिजनों की ओर से अभी कोई तहरीर प्राप्त नही हुई है। तहरीर मिलते ही आरोपियों के विरुद्ध आत्महत्या के लिए विवश करने का अभियोग दर्ज करके अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।

# एटीएम बदलकर खाते से उड़ाई हजारों की नकदी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** एटीएम से रूपए निकालने गई महिला का दो ठगों ने एटीएम बदल लिया। उसके बाद आरोपियों ने उसके खाते से हजारों रूपए की नगदी निकाल ली। पीड़ित महिला ने आरोपियों के खिलाफ थाने में तहरीर देकर कारवाई किए जाने की मांग की है। कस्बे के मोहल्ला खैल निवासी महिला शबनम कस्बे में एक एटीएम मशीन से रूपए निकालने के लिए गई थी।

एटीएम में पहले से ही दो युवक खड़े हुए थे। पीड़ित महिला जब रूपए निकालने लगी, तो उसके एटीएम कार्ड से रूपए नहीं निकले, तो पास खड़े हुए एक युवक ने उसे रूपए निकालकर देने की बात कही। पीड़ित महिला उक्त ठगों के झांसे में आ गई, और अपना एटीएम उक्त ठगों को दे दिया। इस दौरान आरोपियों ने महिला का एटीएम बदल लिया, और महिला से रूपए नहीं निकलने की बात करते हुए एटीएम कार्ड देकर चलता कर दिया। थोड़ी देर बाद महिला के पति मुख्तयार के फोन पर दस-दस हजार और उसके बाद तीन हजार रूपए खाते से निकाले जाने का मैसेज आया। उसके बाद पीड़ित महिला के समझ में माजरा आ गया। पीड़ित महिला ने दो अज्ञात ठगों के खिलाफ धोखाधड़ी कर एटीएम कार्ड बदलकर पैसे निकालने का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर देकर कारवाई किए जाने की मांग की है। पुलिस सीसीटीवी कैमरों की फुटेज कू आधार पर आरोपियों की पहचान कराने में जुटी हुई है।

## एक नजर

### चबूतरे पर अवैध कब्जा करने का प्रयास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के गांधी चौक में बंद पड़ी दुकान के चबूतरे पर अवैध तरीके से कब्जा करने के प्रयास का आरोप लगाते हुए दुकानदार ने डीएम से शिकायत की है। शहर के गांधी चौक बाजार निवासी राजीव तायल ने शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायती पत्र देकर बताया कि गांधी चौक बाजार में उसकी एक दुकान है। जिसका मामला न्यायलय में विच. ाराधीन होने के कारण उसकी दुकान बंद पडी है और वर्तमान समय मे कोर्ट का स्टे ऑर्डर प्रभावी है। आरोप है कि इसके बावजूद भी उसका पड़ोसी दुकानदार संजय जैन किताब वाला हठधर्मिता दिखाते हुए उसकी दुकान के चबूतरे पर अवैध तरीके से ठिया लगाकर दुकान पर कब्जा करने का प्रयास कर रहा है। जिससे कही ना कही न्यायालय के आदेशो की भी अवहेलना हो रही है। शिकायतकर्ता दुकानदार ने जिलाधिकारी से उसकी दुकान के चबूतरे से अवैध कब्जा हटवाए जाने की मांग की है।

### एंबुलेंसों का निरीक्षण कर दिए निर्देश



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** ईएमआरआई ग्रीन हेल्थ सर्विसेज के प्रोग्राम मैनेजर जयविंदर सिंह एवं जिला प्रभारी ललित मोहन जोशी द्वारा नगर के सरकारी अस्पताल पर तैनात 102,108 एंबुलेंस सेवा के कर्मचारियों को मिष्ठान वितरण किया गया। इस मौके पर प्रोग्राम मैनेजर जयविंदर सिंह ने सरकारी अस्पताल पर तैनात सभी एंबुलेंसों का औचक निरीक्षण कर कर्मचारियों को अपने कर्तव्यों का पूर्ण निष्ठा से पालन करने तथा मरीजों एवं गर्भवती महिलाओं को बेहतर सुविधा प्रदान करने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार दशहरा पर्व बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है, उसी प्रकार एंबुलेंस सेवाएं भी लोगों के जीवन में स्वास्थ्य, सेवा और सुरक्षा की प्रतीक बननी चाहिए।उन्होंने सभी कर्मचारियों को दीपावली पर्व पर एंबुलेंसों को हॉटस्पॉट प्वाइंट पर तैनात रखने के निर्देश दिए, जिससे किसी भी आपात स्थिति में मरीज तक कम से कम समय में पहुंचा जा सके। मौके पर कमल कुमार, संदीप कुमार, नितिन कुमार, नरदेव, प्रवेश, देवेंद्र, अमित, ईएमटी दिलशाद, सुनील कुमार, तौफीक अहमद, विवेक, रोहित एवं अनुज आदि मौजूद रहे।

### कैराना पुलिस ने एक अवैध हथियार तस्कर को दबोचा, दो फरार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** पुलिस ने अवैध पिस्टल व तमंचों व कारतूस सहित हथियार सप्लायर को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है।तस्करी में प्रयुक्त बिना नम्बर की बाइक बरामद की है। पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज करते हुए उसे जेल भेजा है। पुलिस अधीक्षक शामली एनपी सिंह के निर्देश व क्षेत्राधिकारी कैराना के कुशल नेतृत्व में चलाए जा रहे संदिग्ध व्यक्ति व वाहन चेकिंग अभियान के क्रम में कैराना में इममगेट चौंकी इंचार्ज किरशन सागवान पुलिस टीम के साथ खुरगान मार्ग पर चेकिंग अभियान चलाया हुआ था। इसी दौरान खुरगान की ओर से आ रहे तीन बाइक सवारो को पुलिस ने रोका तो दो बाइक से कूदकर फरार हो गए,जबकि पुलिस एक बाइक सवार को दबोच लिया। पुलिस टीम ने बाइक सवार को हिरासत में लेकर तलाशी ली,जिसके कब्जे से एक अवैध पिस्टल 32 बोर एक जिंदा कारतूस 32 बोर एक अवैध तमंचा 315 बोर 2 जिंदा कारतूस 315 बोर एक अवैध तमंचा 12 बोर एक जिंदा कारतूस 12 बोर व तस्करी में प्रयुक्त बिना नम्बर की बजाज पल्सर मोटरसाइकिल बरामद की है। पकड़े गए हथियार तस्कर ने अपना नाम नोमान पुत्र जाहिद निवासी गांव तित्तरवाड़ा थाना कैराना बताया है। पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज करते हुए उसे जेल भेज दिया है। तस्कर के अन्य फरार साथियों की तलाश में पुलिस टीम जुट गई है।

# 'छेड़खानी पर धुनाई' करने वाली वायरल घटना में पुलिस कर चुकी है कार्रवाई



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला/शामली।** सोशल मीड़िया पर वायरल रामलीला मेले में छेड़खानी करते पकड़े गए दो मनचलों की महिलाओं ने जमकर पिटाई की युवती से छेड़छाड़ का विरोध करते हुए नारी शक्ति ने दोनों मनचलों पर एक के बाद एक थप्पड़ों की बौछार कर दी यह मामला थाना कांधला क्षेत्र के झिंझाना रोड स्थित रामलीला मेले का है के आरोप लगे हैं।

पुलिस अधीक्षक शामली एनपी सिंह के आदेशानुसार चलाए जा रहे महिलाओं के विरुद्ध अपराध की रोकथाम एवं महिला अपराधों से संबंधित वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी कैराना के निकट पर्यवेक्षण में मिशन शक्ति अभियान के तहत गठित थाना कांधला की एंटीरोमियों टीम द्वारा अभियुक्त आमिर पुत्र साजिद निवासी ग्राम गढ़ी दौलत थाना कांधला को गिरफ्तार कर घटना के सम्बन्ध में मुकदमा पंजीकृत किया गया था तथा अभियुक्त को जेल भेजा गया था। प्रकरण के सम्बन्ध में थाना कांधला पुलिस द्वारा वैधानिक कार्यवाही की जा चुकी है।

1. आमिर पुत्र साजिद निवासी ग्राम गढी दौलत थाना कांधला जनपद शामली है, जबकि गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम उ0नि0 सुनील दत्त थाना कांधला जनपद शामली, म0है0का0 श्वेता थाना कांधला जनपद शामली, म0है0का0 बबीता थाना कांधला जनपद शामली हैं।

# संपूर्ण समाधान दिवस में अधिकारियों ने सुनीं जनता की समस्याएं





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन जनपद की सभी तहसीलों में किया गया। तहसील शामली में कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी डीएम सत्येन्द्र सिंह ने की। उन्होंने फरियादियों की समस्याएं ध्यानपूर्वक सुनीं और संबंधित विभागों के अधिकारियों को उनके त्वरित व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए।

प्रभारी डीएम ने कहा कि शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

समाधान दिवस में कुल 45 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 5 का निस्तारण मौके पर किया गया, जबकि शेष मामलों को निर्धारित समयसीमा में निपटाने के निर्देश दिए गए। एसपी नरेन्द्र प्रताप सिंह ने पुलिस विभाग से जुड़े प्रकरणों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित करने के निर्देश दिए। कार्यक्रम में एसडीएम शामली अर्चना शर्मा, डिप्टी कलेक्टर हामिद हुसैन, सीएमओ डॉ। अनिल कुमार, पीडी डीआरडीए प्रेमचंद, और तहसीलदार मनोज कुमार उपस्थित रहे। संपूर्ण समाधान दिवस के उपरांत प्रभारी जिलाधिकारी ने मिशन शक्ति अभियान के तहत राजस्व विभाग द्वारा महिलाओं के नाम खतौनी में विरासत दर्ज कराते हुए नि:शुल्क खतौनी वितरण किया। तहसील कैराना में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन एसडीएम निधि भारद्वाज की अध्यक्षता में किया गया। इस दौरान कुल 25 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 3 का निस्तारण मौके पर किया गया। तहसील ऊन में संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता मुख्य विकास अधिकारी विनय कुमार तिवारी ने की। इस दौरान 30 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 2 शिकायतों का निस्तारण मौके पर किया गया। सीडीओ ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी शिकायतों का निपटारा समय से और गुणवत्तापूर्ण तरीके से किया जाए। इस अवसर पर एसडीएम ऊन संदीप त्रिपाठी सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# मिशन शक्ति के तहत महिला मैराथन कराई




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शामली पुलिस लाइन में शनिवार को मिशन शक्ति 5.0 अभियान के तहत महिला मैराथन कराई गई। जिसमें स्कूली छात्राओं से लेकर महिला पुलिस कर्मियों ने भाग लिया गया। मैराथन में जैन कन्या कॉलेज की छात्रा ने प्रथम स्थान पाया तो वहीं महिला पुलिसकर्मियों में कांधला थाने में महिला कांस्टेबल ने भी पुलिसकर्मियों में प्रथम स्थान पाया है।

एसपी एनपी सिंह ने बताया कि इस महिला मैराथन के जरिए नारी सशक्तिकरण को बढ़ावा देना है। उन्हें मजबूत बनाने और सुरक्षा का भाव पैदा करना है। मिशन शक्ति के तहत मैराथन दौड पुलिस लाइन से शुरू होकर शामली गढी बस स्टैंड से एक टोकन लेकर वापस पुलिस लाइन में जाकर सम्पन्न हुई। जिसमें जैन कन्या इंटर कॉलेज की छात्रा कृष्णा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है। वही मिशन शक्ति के तहत महिला मैराथन में दौड़ने वाली महिला पुलिसकर्मियों में कांधला थाना में तैनात महिला कांस्टेबल प्रियंका ने प्रथम स्थान पाकर जीत हासिल की है। इस दौरान महिला मैराथन दौड में भाग लेने वाली सभी छात्राओं व महिला पुलिसकर्मियों को प्रमाण पत्र व उपहार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर एएसपी संतोष कुमार सिंह, डिप्टी कलेक्टर हामिद हुसैन, सीओ अमरदीप मौर्य, महिला थाना प्रभारी मोनिका चौहान मौजूद रहे।

## मिशन शक्ति के तहत जागरुकता कार्यक्रम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव खंद्रावली में मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत पुलिस विभाग द्वारा महिलाओं एवं बच्चों को जागरूक करने हेतु एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपनिरीक्षक सुनील दत्त एवं महिला कांस्टेबल मिथिलेश ने ग्रामीण महिलाओं और बालिकाओं को आत्मरक्षा के गुर सिखाए तथा बढ़ते साइबर अपराधों से बचाव के उपाय बताए।कार्यक्रम में मिशन शक्ति अभियान का उद्देश्य महिलाओं में आत्मविश्वास जगाना और उन्हें हर परिस्थिति में खुद की सुरक्षा करने के लिए सक्षम बनाना है। उन्होंने उपस्थित महिलाओं को बताया कि साइबर अपराधी सोशल मीडिया और मोबाइल के माध्यम से ठगी या अश्लील संदेश भेजने जैसे अपराधों को अंजाम देते हैं, इसलिए किसी भी संदिग्ध लिंक या कॉल पर भरोसा न करें और तुरंत इसकी सूचना पुलिस या साइबर हेल्पलाइन नंबर पर दें।

महिला कांस्टेबल मिथिलेश ने कहा कि यदि किसी महिला या बालिका के साथ छेड़छाड़, उत्पीड़न या किसी प्रकार की अभद्रता की घटना होती है तो वे बिना संकोच 1090, 112 या नजदीकी थाने में शिकायत दर्ज करा सकती हैं। उन्होंने मिशन शक्ति से संबंधित सरकारी योजनाओं और सुरक्षा ऐप्स की जानकारी भी दी। कार्यक्रम में दर्जनों महिलाएं मौजूद रही।

# दहेज में क्रेटा गाड़ी नहीं देने पर तोड़ी सगाई, दुल्हन का मानसिक संतुलन बिगड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** सगाई के बाद दुल्हे पक्ष की और से अतिरिक्त दहेज में क्रेटा गाड़ी की मांग करने पर युवती का रिश्ता टूट गया है। रिश्ता टूटने से युवती का मानसिक संतुलन बिगड़ गया है। पीड़ित परिजनों ने आरो. पियों के खिलाफ थाने में तहरीर देकर कारवाई किए जाने की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

कस्बा निवासी एक युवती का रिश्ता लोनी (गाजियाबाद) के मोहल्ला खन्ना नगर निवासी युवक नईम के साथ तय हुआ था। विगत 25 जुलाई को दोनों की सगाई की रश्म पूरी कर दी गई थी। जिसमें युवक पक्ष की ओर से करीब 54 महिलाएं-पुरुष और बच्चे शामिल हुए थे। युवती पक्ष की और से सगाई में जमकर खर्च किया गया, और युवक को शगुन के तौर पर 51 हजार रूपए और सोने की चौन और अगुंठी दी गई थी, जबकि अन्य लोगों को भी शगुन और कपड़े सहित जेवरात दिए गए। सगाई पर पीड़ित पक्ष का करीब साढ़े पांच लाख रूपए खर्च हुआ था। आरोप है कि कई दिन पहले युवक पक्ष की और से युवती की मां के मोबाइल पर फोन आया। आरोप है कि उक्त लोगों ने शादी में क्रैटा गाड़ी की मांग की, आरोप है कि गाड़ी न दिए जाने पर शादी करने से साफ मना कर दिया।

पीड़ित महिला ने मामले की जानकारी परिजनो को दी। उसके बाद से लगातार समाज के लोग उक्त आरोपि से बातचीत करने में लगे हुए हैं। आरोप है कि आरोपियों ने बिना गाड़ी लिए शादी करने से मना कर दिया है। शादी टूटने की खबर से पीड़ित युवती का मानसिक संतुलन बिगड़ गया है। पीड़ित पक्ष ने आरोपियों के खिलाफ थाने में तहरीर देकर कारवाई किए जाने की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# दुर्गा महिला प्रेरणा संघ का वार्षिक अधिवेशन व मिशन शक्ति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**थानाभवन।** उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत दुर्गा महिला प्रेरणा संकुल स्तरीय संघ ग्राम हरेफतेहपुर, विकास खंड थानाभवन, जनपद शामली द्वारा शनिवार को अग्रवाल धर्मशाला थानाभवन में वार्षिक अधिवेशन (आम सभा) का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं के सशक्तिकरण एवं आत्मनिर्भरता पर विशेष चर्चा की गई। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन में मिशन शक्ति टीम थानाभवन द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं को सुरक्षा संबंधी हेल्पलाइन नंबर 112, 1090, 1076, 1930, 1098 की जानकारी देते हुए पंपलेट वितरित कर जागरूकता अभियान चलाया गया। मिशन शक्ति टीम ने महिलाओं को किसी भी आपात स्थिति में तुरंत सहायता प्राप्त करने के लिए इन हेल्पलाइन नंबरों का उपयोग करने की अपील की।कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं, स्वयं सहायता समूहों की सदस्याओं और स्थानीय नागरिकों ने भाग लिया।अधिवेशन के दौरान महिलाओं ने अपने अनुभव साझा किए और आत्मनिर्भर बनने के लिए सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम का संचालन गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ।

# मंडी गेट स्थित सरकारी कक्ष से प्रतिबंधित पॉलीथिन जब्त





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी जितेंद्र राणा ने शनिवार को नवीन सहकारी मंडी परिसर गेट स्थित कर्मचारियों के लिए बनाए गए सरकारी कक्ष पर छापेमारी करते हुए भारी मात्रा में प्रतिबंधित पॉलीथिन बरामद की।

छापेमारी की सूचना मिलते ही प्रतिबंधित पॉलीथिन का भंडारण करने वाले व्यक्ति ने कमरे के गेट पर ताला लगाकर फरार हो गया। नगर पंचायत टीम ने जब ताला खुलवाने का प्रयास किया तो मौके पर मौजूद मंडी समिति का एक कर्मचारी आरो. पित व्यक्ति का बचाव करता नजर आया। जब उसने ताला खोलने से इनकार किया तो अधिशासी अधिक. ारी जितेंद्र राणा ने टीम की मौजूदगी में ताला तुड़वाकर कमरे की तलाशी ली। तलाशी के दौरान भारी मात्रा में प्रतिबंधित पॉलीथिन का जखीरा बरामद हुआ। इस कार्रवाई की सूचना मिलते ही कुछ पॉलीथिन व्यापारी मौके पर पहुंच गए और आरोपित के पक्ष में खड़े हो गए, जिससे माहौल कुछ समय के लिए तनावपूर्ण हो गया। हालांकि अधिशासी अधिकारी के सख्त रुख के आगे सभी को पीछे हटना पड़ा। अधिशासी अधिकारी जितेंद्र राणा ने बताया कि नगर में प्रति. बंधित पॉलीथिन के खिलाफ अभियान लगातार चलाया जा रहा है। अवैध भंडारण की सूचना पर छापेमारी की गई है। आरोपित के विरुद्ध विधिक कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि शासन के निर्देशों का उल्लंघन करने वालों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा।

छापेमारी कार्रवाई में अधिशासी अधिकारी जितेंद्र राणा के साथ दफ्तर बाबू संजय कुमार, मनीष शर्मा, शुभम, संदीप, वसीक अहमद, फैजान आदि नगर पंचायत कर्मचारी मौजूद रहे।


**प्रत्यक्ष साक्षात्कार (Walk-in-interview)**

सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एंव प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ के अंतर्गत कृषि विज्ञान केन्द्र, शामली पर संचालित प्रोजेक्ट में एक प्रखेत्र सहायक के पद पर पूर्णत: अस्थाई नियुक्ति होनी है। पूर्ण जानकारी के लिए विश्वविद्यालय की वेबशाइट http://www.svpuat.edu.in पर देख सकते है। आवेदन की अंतिम तिथि 27.10.2025 तथा साक्षात्कार की तिथि 28.10.2025 प्रात: 11:00 बजे है।

साक्षात्कार स्थल: प्रसार निदेशालय, सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एंव पौद्योगिकी विश्वविद्यालय, मेरठ

**परियोजना अन्वेषक/अध्यक्ष**
**कृषि विज्ञान केन्द्र शामली उ.प्र.**

# पिता की हत्या का 15 साल बाद लिया बदला, गोली मारकर कर दी हत्या

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** मंगलौरा में शनिवार की शाम को पन्द्रह साल पुराने हत्याकांड का बदला लेने के लिए एक युवक ने हत्याकांड के आरोपी को गोली मार दी। गोलीकांड की सूचना से पुलिस मे हडकम्प मच गया। सूचना पर भारी पुलिसबल मौंके पर पहुँची और गोली लगने से घायल को अस्पताल ले जाया गया,जहाँ रास्ते मे घायल ने दम तोड दिया। साक्ष्य संकलन को फोरेंसिक टीम मोंके पर पहुँची। वही पुलिस आरोपी को पकडने के लिए इधर उधर घूमती रही।



चौसाना चौकी क्षैत्र के गांव मंगलौरा का यमुना बांध शनिवार की शाम को गोलियों की तडतडाहट से गूँज गया। बताया गया है कि जयवीर पुत्र ब्रजपाल शनिवार की शाम को खेत से लौट रहा था,उसी दौरान यमुना बांध के रास्ते पर राहुल उर्फ छोटू पुत्र सत्यभान ने गोली मार दी। गोली लगने से जयवीर मौके पर मृणासन्न हो गया। गोली मारने के बाद आरोपी मौके से भाग गया। गोली चलने से ग्रामीण मौके पर जुटे और पुलिस को घटना की जानकारी दी गई। सूचना पर पुलिसबल मौके पर पहुँचा और घायल को अस्पताल भिजवाया गया। लेकिन घायल ने रास्ते मे ही दम तोड दिया। गोलीकांड के बाद बिडौली व झिंझाना पुलिस के साथ फोरेसिंक टीम मौके पर पहुँची और घटनास्ळथल का निरीक्षण किया। घटना के बाद गांव मे तनावपूर्ण माहौल है। जिसके मददेनजर भारी पुलिसबल तैनात किया गया है।

### 2011 मे मृतक ने कर दी थी हत्यारोपी के पिता की हत्या

**चौसाना।** ग्रामीणों के अनुसार मृतक जयवीर व हत्यारोपी राहुल के पिता ब्रजपाल का आपस मे आना जाना था । वर्ष 2011 मे जयवीर ने ब्रजपाल को गोली मार दी थी। हत्याकांड मे दर्ज मामले में जयवीर 11 साल की सजा काट चुका था और तीन सालो से परिवार के संग शान्ति से जीवन यापन कर रहा था।

### राहुल ने परिवार में रखा था मेलजोल

राहुल ने अपनी पिता की हत्या का बदला लेने के लिए लम्बे समय से योजना बनाई हुई थी। उसने जयवीर के परिवार से मेलजोल रखा ताकि टोह मिलती रहे और मोका मिलते ही हतयाकांड को अंजाम दिया।

## बेगम अख्तर पुरस्कार की दी जानकारी

**शामली।** संस्कृति विभाग, उप्र, लखनऊ द्वारा दिए गए निर्देशों के क्रम में मुख्य विकास अधिकारी शामली विनय कुमार तिवारी ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में बेगम अख्तर पुरस्कार हेतु नामांकन भेजे जाने के सम्बन्ध में निर्देश प्राप्त हुए है। उन्होंने बताया कि संस्कृति विभाग उप्र द्वारा मल्लिका-ए-गजल बेगम अख्तर की स्मृति में दादरा ठुमरी गजल विधाओं में ऐसे प्रतिभावान गायक, जिसकी आयु 40 वर्ष से कम न हो, को बेगम अख्तर पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है, जिसके अन्तर्गत चयनित कलाकार को रूपये 5 लाख रुपये पांच लाख मात्र) की धनराशि अंग वस्त्र एवं प्रशस्ति पत्र भेंट स्वरूप प्रदान किया जाता है। उन्होंने बताया कि चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 में बेगम अख्तर पुरस्कार हेतु पात्र महानुभावों के नामांकन निर्धारित प्रारूप पर 10.9.2025 से 25.10. 2025 तक निदेशक, संस्कृति निदेशालय, उप्र, जवाहर भवन, नवम तल, लखनऊ-226001 के कार्यालय में जमा किए जा सकते है।

# विज्ञान सीखना शीर्षक के तहत क्विज प्रतियोगिता कराई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** कस्बे के लाला लाजपत राय इंटर कॉलेज में भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा ह्मानकों के माध्यम से विज्ञान सीखनाह्न शीर्षक के अंतर्गत एक क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में कक्षा 9 से 12 तक के विज्ञान वर्ग के लगभग 60 विद्यार्थियों ने भाग लिया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय मानक ब्यूरो के संसाधन व्यक्ति आशीष वर्मा उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को भारतीय मानक ब्यूरो की भूमिका, उत्पादों की गुणवत्ता की पहचान, असली और नकली उत्पादों में अंतर तथा भारतीय मानक ब्यूरो की मोबा. इल एप्लिकेशन के उपयोग के बारे में विस्तृत जानकारी दी।प्रतियोगिता के परिणाम कुछ इस प्रकार रहे प्रथम पुरस्कार रू मोनू और साद को नकद रुपये 1000-रुपये 1000 से पुरुस्कृत किया गया। द्वितीय पुरस्कार रू सूर्य प्रताप और विशेष को रु. 750-750 से पुरुस्कृत किया गया। तृतीय



पुरस्कार रू वंश सैनी और परमजीत को रुपये 500-रुपये 500 से पुरुस्कृत किया गया। सभी विजेता छात्रों को नकद पुरस्कार और प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। अन्य प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार और जलपान देकर उत्साहित किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य चंदेश्वर प्रसाद ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं छात्रों में विज्ञान के प्रति रुचि बढ़ाने के साथ-साथ मानकों की समझ विकसित करती हैं। कार्यक्रम का सफल संचालन प्रवक्ता एवं भारतीय मानक ब्यूरो के मार्गदर्शक (मेंटोर) प्रेम प्रकाश ने किया। उन्होंने विजेताओं की घोषणा की और पूरी टीम के साथ मिलकर आयोजन को सफल बनाया। विद्यालय के अन्य शिक्षकों ने भी कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।

# सड़क हादसों में दो घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**





**शामली।** दो अलग अलग सडक हादसों में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां एक की दशा गंभीर होने के कारण हायर सैंटर के लिए रेफर किया गया। जनपद बलिया निवासी 76 वर्षीय विजय शंकर पुत्र रामचंद को एक कार सवार जिला अस्पताल छोडकर फरार हो गया। विजय शंकर का एक्सीडेंट हुआ था, जिसको चिकित्सकों ने उपचार दिया, लेकिन उसकी हालत नाजुक बनी रही। जिसके बाद चिकित्सकों ने उसको हायर सैंटर मेरठ के लिए रेफर कर दिया। चिकित्सकों ने बताया कि मामले की सूचना थाना आदर्शमंडी पुलिस को दी गई, लेकिन पुलिस नही पहुंची। वही दूसरी ओर थाना रमाला के गांव बुढ़पुर निवासी ओमबीर पुत्र रत्न सिंह सिंह मजदूरी करने के लिए पैदल ही गांव जिडाना से ऊंचा गांव जा रहा था। बताया जाता है कि जब वह गांव के निकट पहुंचा तो अज्ञात वाहन ने टक्कर मारकर घायल कर दिया। हादसे के बाद आरोपी चालक मौके से फरार हो गया। सूचना पाकर पहुंचे परिजनों ने घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है।

# पथ संचलन व बस्ती एकत्रीकरण कार्यक्रम किया आयोजित

**शामली।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ शामली नगर की सरस्वती बस्ती द्वारा संघ स्थापना दिवस व संघ शताब्दी वर्ष के उपलक्ष में पथ संचलन व बस्ती एकत्रीकरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें स्वयंसेवकों ने बडे उत्साहपूर्वक संघ के पूर्ण गणवेश को धारण करते हुए बस्ती में पथ संचलन निकाला, जिसका कालोनी वासियों ने भारत माता की जय के नारे लगाकर व पुष्प वर्षा करके भव्य स्वागत किया।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता सह जिला कार्यवाहक परीक्षित कुमार ने बताया कि संघ की स्थापना हिन्दू समाज को संगठित करने, जाति, प्रांत, भाषा और पंथ से ऊपर उठकर समरसता का भाव उत्पन्न करने के उद्देश्य की गई। संघ ने दैनिक शाखा के माध्यम से व्यक्ति में चरित्र



निर्माण, अनुशासन, सेवा, राष्ट्रभक्ति और त्याग की भावना को जागृत करता है। उन्होंने कहा कि आज पूरी दुनिया में यदि सबसे बडा स्वावलम्बी और स्वयंसेवी कोई संगठन है तो वह है राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ है जिसमें एक करोड से ज्यादा स्वयंसेवक संघ के विचार को लेकर विविध संगठनों को संचालित किया है। इस अवसर पर जिला संघचालक देशपाल सिंह, प्रान्त संयोजक कुटुम्ब प्रबोधन विनय कुमार, जिला प्रचारक सतपाल, नगर प्रचारक अभिषेक, रविन्द्र सिंह, सोनू कुमार, अरविन्द ऐरन, राहुल कुमार आदि उपस्थित रहे।

# लोकतंत्र एवं समाजवाद की गारंटी है समाजवादी पार्टी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** समाजवादी पार्टी के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने गांव भैंसवाल स्थित कैम्प कार्यालय में पार्टी का 33वां स्थापना दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में जिलाध्यक्ष अशोक चौधरी ने केक काटा तथा समाजवादी पार्टी के गठन से वर्तमान तक की यात्रा के बारे में बताया। प्रोफेसर सुधीर पंवार ने बताया कि किसानों, मजदूरों, युवाओं एवं अल्पसंख्यकों की आवाज उठाने के लिए 1992 में मुलायम सिंह ने समाजवादी पार्टी की स्थापना की तथा पहले दिन से ही साम्प्रदायिकता, पूंजीवाद के खघ्लिाफ संघर्ष का आ]वान किया। कांग्रेस व भाजपा जैसी राष्ट्रीय पार्टियों को चुनौती देते हुए न केवल उप्र में 4 बार सरकार



बनाई। बल्कि केन्द्र में रक्षा,पेट्रोलियम एवं दूरसंचार जैसे महत्वपूर्ण मंत्रालयों का भी सफलतापूर्वक संचालन किया। अखिलेश यादव के प्रदेश अध्यक्ष बनने पर पार्टी ने 'युवा सोच-युवा जोश' के नारे के साथ चुनाव लड़ा। जिसमें विजई रहने पर सबसे युवा मुख्यमंत्री के रूप में अखिलेश यादव ने मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। अनेक नए कार्यक्रमों जैसे लेपटाप वितरण, कन्याधन, समा. जवादी पेंशन, किसानों की कर्ज माफी, मुफ्त सिंचाई, बेरोजगारी भत्ता, छात्रवृत्ति एवं साइकिल, लोहिया आवास, समाजवादी पेंशन, पुलिस आधुनिकीकरण के साथ डायल 100 एवं 1090 सेवाएं, मेट्रो, ऐक्सप्रेस वे, इकाना स्टेडियम, लोकभवन एवं जनेश्वर मिश्रा पार्क, गोमती रिवर जैसे अनेक बड़े कार्यक्रमों की शुरुआत की। जावेद जंग, राव तफरूज, सलेक प्रधान, मास्टर सतीश, भूपेन्द्र सैनी, सत्यपाल कश्यप, चौधरी बाबूराम,प्रियांशु, योगराज पंवार, अजय पंवार, खुशनूद आदि मौजूद रहे।

## वर्धमान में हर्षोल्लास से मनाई जयंती

**बिजनौर।** वर्धमान महाविद्यालय में गांधी जी व शास्त्री जी की जयंती को अत्यंत हर्ष एवं उल्लास के साथ मनाया गया। स्वतंत्रता के अमृत काल में हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान के अंतर्गत इस कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. प्रीति खन्ना द्वारा ध्वजारोहण कर किया गया। एन.सी.सी. कैडेट्स द्वारा राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी गई। महाविद्यालय के होनहार छात्र तरूण सैनी एवं इल्म शरीफ ने राम धुन और मौलिक कविता द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित की।

प्रोफेसर एस.के. जोशी द्वारा गांधी जी के व्यक्तित्व और उनके दर्शन का विशद वर्णन किया गया। लेफ्टिनेंट प्रो. जे.के. विश्वकर्मा ने भारत देश की आत्मा तथा प्रत्येक भारतवासी के गौरव के प्रतीक भारतीय संविधान पर अपने विचार प्रस्तुत किये। कला संकायाध्यक्ष प्रोफेसर एस.के. अग्रवाल ने गांधी जी एवं शास्त्री जी के जीवन के संस्मरणों को बताया। अपने वक्तव्य में उन्होंने गांधी जी के विभिन्न सिंद्धांतों को बताया। विज्ञान संकाय अध्यक्ष प्रो. टी.एन. सूर्या ने अस्पृश्यता सिद्धांत की मूल अवधारणा तथा वर्तमान में इसके स्वरूप पर विचार प्रस्तुत किया। डा. मौहम्मद साबिर द्वारा स्वस्थ जीवन की ओर कदम बढ़ाते हुए परिवार और समाज को एक सुरक्षित वातावरण प्रदान करने की दृष्टि से प्रत्येक युवा को आत्मय नियंत्रण रखने की प्रेरणा के उद्देश्य से तंबाकू मुक्त समाज एवं परिसर की शपथ दिलाई गई।

## संगिनी को प्रशिक्षण

**स्योहारा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर शनिवार को आशा और संगिनी कार्यकर्ताओं को दस्तक अभियान 11 से 31 अक्टूबर एवं विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान 5 से 31 अक्टूबर का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण की अध्यक्षता अधीक्षक डॉ बी.के स्नेही ने की। डा. स्नेही ने बताया कि अभियान के दौरान आशा कार्यकर्ता गांव-गांव जाकर बुखार, टीबी, कुपोषित बच्चों, कालाजार और कुष्ठ रोगियों की सूची तैयार करेंगी तथा पोर्टल पर अपलोड करेंगी। इसके साथ ही घर-घर जाकर आभा आईडी बनाएंगी।

# भरत मिलाप और राजतिलक की लीला का किया मंचन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** नगर के पंजाबी धर्मशाला में चल रहे रामलीला मंचन कार्यक्रम का समापन भरत मिलाप और भगवान राम के राजतिलक के साथ किया गया। अंतिम दिन की लीला में भगवान राम के लंका विजय के उपरांत अयोध्या लौटने की कथा का भावपूर्ण मंचन किया गया।

कार्यक्रम में दर्शाया गया कि रामचंद्र जी, लंका पर विजय प्राप्त करने के बाद हनुमान जी को भरत लाल के पास भेजते हैं ताकि वह उनके शीघ्र आगमन का संदेश दे सकें। 14 वर्षों बाद भगवान राम के आगमन पर अयोध्या में आनंद उत्सव



का माहौल छा जाता है। कलाकारों ने लीला को इतने भावनात्मक अंदाज में प्रस्तुत किया कि उपस्थित लोग भाव-विभोर हो उठे। रामराज्य की स्थापना और भगवान राम के राज. तिलक की झांकी ने उपस्थित जनसमूह को आध्यात्मिक आनंद से भर दिया।

आयोजकों ने कलाकारों और दर्शकों का आभार प्रकट करते हुए कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन सामा. जिक समरसता और सांस्कृतिक परंपराओं को जीवंत बनाए रखते हैं। कार्यक्रम में डॉक्टर दिनेश्वर चौहान, डॉ रणवीर सिंह, अनिल कुमार मित्तल, महावीर प्रसाद अग्रवाल, जितेंद्र सैनी, घनश्याम सैनी, सभासद यशु सैनी, नरेश सैनी, गुणपाल जैन, राजेंद्र राही, सर्वेश वर्मा, कन्हैया सैनी सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

## राम-भरत मिलाप जुलूस निकाला

**बढ़ापुर।** श्रीबड़ा शिव मंदिर रामलीला कमेटी की ओर से राम-भारत मिलाप का जुलूस देर शाम श्री फकीर चंद आर्य इंटर कॉलेज से शुरू हुआ। जुलूस में एक रथ पर श्री राम-लक्ष्मण, सीता व बजरंगबली हनुमान और दूसरे रथ पर भरत-शत्रुघ्न, माताएं व गुरु वशिष्ठ विराजमान रहे। जुलूस सब्जी मंडी चौराहे पर पहुंचने पर राम-भारत मिलाप का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जुलूस में शामिल बजरंग बली अखाड़े में कलाकारों ने तरह तरह के कर्तब दिखाए।

# अयोध्या पहुंचने पर प्रभु राम का हुआ राजतिलक





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के मंदिर हनुमान धाम के रामलीला मंच पर चल रहे 56वें रामलीला महोत्सव का देर रात्रि में भगवान राम को राजतिलक के साथ समापन हुआ। इस दौरान भगवान राम को राज तिलक करते हुए सभी कलाकारों को शानदार अभिनय प्रस्तुत करने पर पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

मंदिर हनुमान टीला पर रहे 56वें रामलीला महोत्सव का गत शुक्रवार देर शाम समापन हो गया। इस दौरान रामलीला मैदान में मां भगवती की आरती की गई। जिसके बाद भगवान राम को अयोध्या में वापस लौटने पर राज तिलक किया गया। जमकर आतिशबाजी की गई और मिठाईयां वितरित की गई। इसके बाद कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जिसमें कलाकारों ने शानदार प्रस्तुति देते हुए लोगों को मन मोह लिया। मंदिर के प्रधान सलिल द्विवेदी व मुख्य अतिथि कथा वाचक अरविन्द .ष्टा महाराज द्वारा भगवान राम की आरती की। इसके बाद रामलीला महोत्सव में भाग लेने वाले कलाकारों को मुख्य अतिथि द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का संचालन उत्तम नामदेव ने किया। इस अवसर पर महामंत्री राजकुमार मित्तल, उपेंद्र द्विवेदी, पुनित द्विवेदी, अनुराग शर्मा, लाल सिंह लचक, धर्मेन्द्र कांबोज, दिनेश कुमार आदि मौजूद रहे।

**नाम परिवर्तन सूचना**

ड्राइविंग लाइसेंस में मेरा नाम HASIM AHMAD गलत दर्ज है। HASIM AHAMAD सही नाम है। मुझे इसी नाम से पुकारा जाए।
हासिम अहमद पुत्र हकीमुद्दीन
पिंडोरा जहांगीरपुर, शामली।

## एक नजर

### मुनि 108 विव्रत सागर जी का प्रवचन, सच्ची धार्मिकता शाब्दिक ज्ञान नहीं, आचरण में है निहित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के जैन धर्मशाला में 108 विव्रत सागर मुनिराज ने अपने प्रवचन में पाप, पुण्य और सच्ची धार्मिक साधना के विषय पर गहन चिंतन प्रस्तुत किया। मुनिराज ने कहा कि सच्ची धार्मिकता केवल शाब्दिक ज्ञान या बाहरी कर्मकांडों में नहीं, बल्कि आंतरिक शुद्धि, आत्म-दर्शन और लोभ व आसक्ति से मुक्ति में निहित है। उन्होंने कहा कि संसार में कोई भी पापी कहलाना नहीं चाहता, परंतु अधिकांश लोग पाप करने से स्वयं को रोक नहीं पाते। कई बार ईमानदारी भी अवसर की कमी या भयवश होती है, न कि सच्चे मन से। मुनिराज ने एक तोते की कथा सुनाई, जिसमें तोता शिकारी के जाल से सावधान रहने की सीख तो रट लेता है, पर जब शिकारी जाल बिछाता है तो दाना चुगने के लोभ में फंस जाता है। इस कथा के माध्यम से उन्होंने कहा कि केवल ज्ञान रट लेना पर्याप्त नहीं, उसे आचरण में उतारना ही सच्ची साधना है। प्रवचन के पश्चात चित्र अनावरण एवं दीप प्रज्वलन सुनीता जैन, रेखा जैन, मोहित जैन, अनिल जैन और ममता जैन द्वारा किया गया। शास्त्र भेंट डॉ. अनीता जैन एवं सुमित्रा जैन ने की।

### मकान पर कब्जा करने का आरोप, महिला चिकित्सक ने कोतवाली में दी तहरीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** महिला चिकित्सक नसरीन खान ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि मकान खरीदने वाले व्यक्ति ने बिना पूरी रकम अदा किए उनके मकान पर जबरन कब्जा कर लिया और महंगा सामान निकालकर किराएदार रख दिए। शहर के मिल रोड निवासी डा। नसरीन खान पत्नी अब्बास अहमद ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उनका मकान कुलन्दरशाह चौक के निकट एक डीलर शाहिद सम्राट निवासी बनत को 20 लाख रूपये में बेचना तय हुआ था। डीलर को 6 माह का बेनामे का समय और एडवांस के रूप में 5 लाख रूपये देने का समझौता हुआ था। आरोप है कि शाहिद ने 15 दिनों में थोड़े-थोड़े करके केवल 3 लाख रूपए ही दिए। दो महीने भी पूरे नहीं हुए थे कि शाहिद और उसके साथियों ने उनके मकान की कुंडी तोड़ दी, मकान से सारा कीमती सामान निकाल लिया और मकान में 10-15 लोगों को किराए पर रख दिया। जब परिवार मकान पर पहुंचा तो मकान खुला मिला तथा सामान गायब था। नसरीन का आरोप है कि शाहिद ने उनकी एक लड़की के पास फोन कर कहा कि यदि तुम अबकी बार मकान पर आई तो तुम्हारा कुल्हाड़ी से सर फोड़ देंगे। पीडिता ने सुरक्षा व्यावस्था मुहैया कराने और जांच कर कार्यवाही की मांग की है।

### पोषण पंचायत कार्यक्रम आठ को

**शामली।** डॉ हिमानी अग्रवाल, सदस्य राज्य महिला आयोग की अध्यक्षता में जनपद शामली में ब्लॉक/तहसील स्तर पर मिशन शक्ति के अन्तर्गत पोषण पंचायत कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु 8.10.2025 को पूर्वाह्न 11 बजे से आयोजित होना निश्चित किया गया है। अतः उक्त बैठक के आयोजन हेतु जिलाधिकारी शामली द्वारा जिला प्रशासन की ओर से सत्येन्द्र सिंह, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व), शामली (मो-9454418995) को नामित किया गया है। इस अवसर पर सभी संबंधित विभागीय अधिकारी मौजूद रहेंगे।

### देशी शराब के साथ एक पकड़ा

**शामली।** पुलिस अधीक्षक शामली एनपी सिंह के आदेशानुसार चलाए जा रहे अवैध शराब के अपराध में लिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी बरामदगी अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन में क्षेत्राधिक. ारी थानाभवन के कुशल पर्यवेक्षण में थाना बाबरी पुलिस द्वारा 1 अभियुक्त को अवैध 20 पव्वे देशी शराब सहित गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना बाबरी पर सुसंगत धाराओं मे अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्त सुभाष पुत्र प्रेमचन्द निवासी ग्राम बन्तीखेडा थाना बाबरी जनपद शामली है।

### मादक पदार्थ तस्कर गिरफ्तार

**शामली।** पुलिस उपमहानिरीक्षक सहारनपुर परिक्षेत्र सहारनपुर के कुशल नेतृत्व में परिक्षेत्र सहारनपुर के अंतर्गत मादक पदार्थोंध्नशे के अवैध कारोबार, प्रतिबंधित दवाओं की तस्करी एवं बिक्री पर प्रभावी रोकथाम हेतु एक विशेष अभियान ऑपरेशन सवेरा नशे के अंधकार से, जीवन के उजाले की ओर चलाया जा रहा है। इसी अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक शामली एनपी सिंह के कुशल निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक शामली संतोष कुमार सिंह के प्रभावी नेतृत्व तथा क्षेत्राधिकारी कैराना के निकट पर्यवेक्षण में थाना झिंझाना पुलिस द्वारा एक मादक पदार्थ तस्कर मुश्ताक पुत्र मुस्तकीम निवासी ग्राम गोगवान थाना कैराना जनपद शामली को अवैध 5. 890 किलोग्राम डोडा पाउडर सहित गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। अभियुक्त मुश्ताक पुत्र मुस्तकीम निवासी ग्राम गोगवान थाना कैराना जनपद शामली है।

### चौपाल में महिलाओं को दी जानकारी

**नांगल सोती।** ग्राम सुंगरपुर बेहड़ा में पुलिस ने गांव की महिलाओं के संग चौपाल लगाकर, मिशन शक्ति अभियान की जानकारी साझा की। इस दौरान सशक्त नारी, समृद्ध प्रदेश का नारा लगाते हुए महिलाओं को नारी सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के बारे में विस्तार से बताया। मिशन शक्ति प्रभारी दरोगा उपेंद्र सिंह महिलाओं को मिशन शक्ति केंद्र, महिला हेल्प डेस्क, महिला बीट, महिला रिपोर्टिंग पुलिस चौकी परामर्श केंद्र, मिशन शक्ति कक्ष, एंटी रोमियो स्क्वाड, महिला साइबर सेल के बारे में जानकारी साझा की। महिला आरक्षी पूनम शर्मा, ललिता सिंह और प्रवीण चौहान ने 1090, 1098, 1930 आदि हेल्पलाइन नंबरों के उपयोग और उनके फायदे के बारे में महिलाओं और छात्राओं को विस्तार से बताया। इसके साथ सरकार द्वारा महिला उत्थान के लिए जा रही योजनाओं के लाभ बताए और चौपाल में महिलाओं को उनके अधिकारों के लिए जागरूक किया। इस दौरान गांव की काफी महिलाएं और पुरुष उपस्थित रहे।

### कलश यात्रा का पुष्पवर्षा से स्वागत

**नांगल सोती।** ग्राम महमसापुर में आयोजित भागवत कथा में श्री वृंदावन से आए महाराज पंडित ज्ञानेश तिवारी कथावाचक रहे। मुख्य यजमान ब्रह्मानंद शर्मा व सुशीला देवी रहे। इससे पूर्व गांव में भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा शिव मंदिर से शुरू होकर कथा स्थल पर संपन्न हुई, जिसका श्रद्धालुओं ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। भागवत कथा का शुभारंभ ग्राम प्रधान विवेक कुमार की उपस्थिति में किसान नेता चौधरी दिगंबर सिंह, ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह ने किया। आयोजक संदीप शर्मा ने बताया कि भागवत कथा का आयोजन 10 अक्तूबर तक दोपहर 1:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक किया जाएगा।

# पुलिस ने चैकिंग के दौरान शराब तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से शराब की बरामद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** पुलिस ने चैकिंग के दौरान शराब तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से देसी और अंग्रेजी शराब बरामद की है। गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर न्यायालय के समक्ष पेश किया। जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

कोतवाली प्रभारी निरीक्षक नरेंद्र कुमार शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि शनिवार को चेकिंग के दौरान बीरपुर कायस्थ से मानकपुर जाने वाले रास्ते पर बाइक पर सवार दो लोगों को शक होने पर रोका गया, तलाशी दौरान उनके पास से देसी और अंग्रेजी शराब बरामद हुई, पूछताछ करने पर वह कोई संतोषजनक उत्तर नहीं दे सके, जिसके चलते दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया। बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में उत्तराखंड जनपद हरिद्वार के थाना झबरेड़ा के



बहडेकी गांव निवासी सोनू और कपिल शामिल हैं, जो उत्तराखंड से शराब लाकर यहां बेचने का काम कर रहे थे, उनके कब्जे से 134 टेट्रा पैक (देसी शराब), 34 बोतल अंग्रेजी शराब और एक बाइक बरामद हुई है। रिपोर्ट दर्ज दोनों का चालान किया गया है।

## ई-रक्शा चोरी का वांछित आरोपी गिरफ्तार

**देवबन्द।** ई-रिक्शा चोरी का खुलासा करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर रिक्शा बरामद करने के बाद वांछित आरोपी को जनपद शामली के थाना बावरी से गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया। गांव जड़ौदा जट् निवासी मोहित कुमार ने बीती 27 सितंबर को कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ ई-रिक्शा चोरी का मामला दर्ज किया। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कोतवाली डेहरा गांवनिवासी कल्लू को गिरफ्तार कर चोरी किया गया रिक्शा बरामद कर लिया था। इंस्पेक्टर नरेंद्र कुमार शर्मा ने बताया कि जांच के दौरान कल्लू औ जनपद शामली के थाना बावरी निवासी ईश्वर के नाम प्रकाश में आए थे। बताया कि शनिवार को ईश्वर को भी गिरफ्तार कर न्यायालय के आदेश पर न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

# जूनियर छात्रों ने सीनियर को दी विदाई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** आईआईएचटी पैरामेडिकल कालेज में आयोजित समारोह में नर्सिंग विभाग के जूनियर्स ने विभिन्न प्रस्तुतियों के माध्यम से सीनियर छात्र-छात्राओं को विदाई दी।

आईआईएचटी पैरामेडिकल कालेज में आयोजित समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि भाजपा नेत्री प्रियमवदा राणा एवं संस्था के डायरेक्टर डा. कुलदीप राणा ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया। भाजपा नेत्री प्रियमवदा राणा ने कहा कि छात्रों को लक्ष्य प्राप्त करने के लिए लगन से शिक्षा गृहण करनी चाहिए। तभी लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता हैं। उन्होने बच्चो के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रधानाचार्य लोकेश कुमार सैनी ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन से छात्रों का मनोबल बढ़ता है। इस मौके पर जूनियर्स ने नृत्य समेत विभिन्न



प्रस्तुतियां दी। इस मौके पर राजेश चौहान, मोनिका, शागिल, कनिष्का, वंशिका शर्मा, मोनिका कपूर, कल्पना, रेनु, रीना, सानिया आदि छात्र-छात्राएं व कॉलेज का स्टाफ शामिल रहा।

# रामचरित के प्रसंग हमारे जीवन को देते हैं सही दिशा: शांतनु

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** लोक निर्माण विभाग के राज्यमंत्री कुंवर बृजेश सिंह के सौजन्य में चल रही श्रीराम कथा के तीसरे दिन भगवान राम के जन्म से लेकर विवाह तक के प्रसंग का वर्णन किया गया। कथा व्यास शांतनु महाराज ने कहा कि राम जन्म का उत्सव हमें यह संदेश देता है कि जब-जब धर्म की रक्षा हेतु आवश्यकता होती है तब-तब ईश्वर अवतार रूप लेकर समाज को सत्य प्रेम और मर्यादा की ओर ले जाते हैं।

मेपल्स एकेडमी में प्रांगण में शनिवार को श्री रामकथा सुनाते हुए शांतनु महाराज ने कहा कि रामचरित के प्रसंग केवल इतिहास नहीं बल्कि आज भी वह हमारे जीवन को सही दिशा देने वाले हैं। कहा कि भगवान को प्राप्त करने के लिए किसी भी





प्रकार की बनावट दिखावट की आवश्यकता नहीं है। आप जैसे हो उसी प्रकार से बस परमात्मा को पाने के लिए दौड़ जाओ और भजन में, भक्ति में परमार्थ में स्वार्थी होना ही पड़ता है और जो जितना भजन में स्वार्थी हो जाता है संसार के व्यवहार में परमार्थ हो जाता है। महाराज ने भगवान की बाल लीलाओं का श्रवण कराते हुए उनके रूप दर्शन का वर्णन किया भगवान का रूप सर्वांग मधुर ही मधुर है। राम विवाह कथा में आचार्य महाराज ने श्री राम और माता सीता के विवाह की पावन मिलन की कथा बड़े ही भावपूर्ण ढंग से सुनाई। अंत में महाराज ने सभी से आवाहन करते हुए कहा कि हमें जीवन में श्री राम के आदर्शों को अपनाकर समाज में प्रेम, सेवा भाव और मर्यादा का प्रचार प्रसार करना चाहिए।

# रामलीला का मंचन करने वाले कलाकारों को किया सम्मानित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** नगर में अलग अलग स्थानों पर चल रही श्रीराम लीला महोत्सव का भगवान श्रीराम के राज्याभिषेक की लीला मंचन के साथ समापन हो गया। आयोजकों द्वारा रामलीला का सुंदर मंचन करने वाले कलाकारों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया।

रामलीला भवन के रंगमंच पर श्री विष्णु कला मंडल के तत्वावधान में चल रही श्रीराम लीला में शुक्रवार की रात समाजसेवी राजकुमार गोयल ने भगवान श्रीराम को राजतिलक कर उनका राज्याभिषेक किया। इस मौके पर अध्यक्ष नितिन गुप्ता, विजेश कंसल, गगन मित्तल, निखिल अग्रवाल, बलवीर सैनी, अमन मित्तल, गोविंद गोस्वामी, अरुण गोयल, तुषार मित्तल, निकुंज



गोस्वामी व अशोक शर्मा आदि रहे। वहीं, रेलवे रोड स्थित दुर्गा कालोनी में श्री राम जानकी लीला मंचन समिति की रामलीला में भी भगवान श्रीराम के राज्याभिषेक की लीला का मंचन किया गया।

# मिशन शक्ति के तहत चला अभियान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** मिशन शक्ति के तहत गांव में चलाया गया अभियान के दौरान छात्र छात्राओं को महिला सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन की जानकारी दी गई।

भायला पीजी कालेज समिति के अध्यक्ष ठा. श्याम कुमार रावत और निदेशक बीएस यादव ने मिशन शक्ति की महत्ता बताते हुए कहा कि इस अभियान का प्रमुख उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं को उनकी सुरक्षा के प्रति जागरूक करना है। प्राचार्य डा. प्रवीण अग्रवाल और कार्यक्रम अधिकारी डा. राजेश कुमार ने बताया कि विपत्ति आने पर घबराने की जरूरत नहीं है। कोई भी समस्या आने पर पुलिस से संपर्क साधे। उन्होंने साइबर फ्राड के बारे में बताया और कहा कि किसी भी तरह की



धोखाधड़ी होने पर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर काल करें। अधीक्षक सोमपाल सिंह, गुलाब सिंह व तुषार राणा ने आपातकालीन हेल्पलाइन नंबरों 1090, 112 एवं 181 के बारे में बताया। इस मौके पर शिवकुमार बंसल, जोगिंदर, सुमित शर्मा, राजपाल सिंह आदि शामिल रहे।

# संपूर्ण समाधान दिवस में तीन शिकायतों का मौके पर हुआ निस्तारण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** संपूर्ण समाधान दिवस में विद्युत, पूर्ति विभाग, तहसील, पुलिस आदि विभागो से सम्बंधित 41 फरियादियों द्वारा अपनी शिकायतें दर्ज कराई जिनमें से तीन का मौके पर ही निस्तारण किया गया। अन्य शिकायतो का गुणवत्तापूर्ण समाधान के लिए संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया।

**फरियादियों द्वारा दर्ज कराई गई विभिन्न विभागों से सम्बंधित 41 शिकायतें**

खंड विकास कार्यालय सभागार में उपजिलाधिकारी युवराज सिंह की अध्यक्षता में अक्टूबर माह के प्रथम संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायतकर्ताओं ने विद्युत विभाग, तहसील, पुलिस, ब्लॉक, पूर्ति विभाग आदि से संबंधित अपनी अपनी शिकायतें दर्ज कराई। जिनमें से तीन शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। जबकि अन्य शिकायतों के निस्तारण के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया गया। पुलिस क्षेत्राधिकारी अभितेष सिंह, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक नरेंद्र कुमार शर्मा, तहसीलदार पुष्पांकर देव आदि तहसील स्तरीय विभागों के अधिकारी व कर्मचारी शामिल रहे।

# महिला चौपाल में महिलाओं को सुरक्षा से सम्बंधित दी गई विभिन्न जानकारियां

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** महिला सशक्तिकरण अभियान के तहत घलौली गांव में महिलाओं की चौपाल लगाई गई, इसमें कोतवाली की मिशन शक्ति टीम ने महिलाओं को हेल्पलाइन नंबरों और सुरक्षा संबंधी विभिन्न जानकारियां दी।

घलौली गांव में लगी महिला चौपाल में मिशन शक्ति टीम में शामिल उपनिरीक्षक सुधा त्यागी, संजय राणा और अशोक कुमार ने महिला सशक्तिकरण और सुरक्षा के बारे में विस्तार से जानकारी दी, मिशन शक्ति फेज-5 के तहत महिलाओं को हेल्पलाइन नंबर 1090, 112, 1030 समेत अन्य जानकारियां दी गई। टीम ने महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरुक



करते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की समस्या होने पर पुलिस से संपर्क करें या फिर सरकार द्वारा जारी हेल्पलाइन नंबरों पर कॉल करें। इस मौके पर काफी संख्या में महिलाएं मौजूद रहीं।

## अंजुमन तरक्की-ए तालीम सादात बाहरा मुजफ्फरनगर की बैठक संपन्न

# मोहम्मद हसनैन अध्यक्ष, हसीन हैदर उपाध्यक्ष और मशहद रजा सचिव नियुक्त





**अंजुमन तरक्की-ए-तालीम सादात बाहरा की बैठक में मौजूद सदस्यगण एवं बैठक में सर्वसम्मति से घोषित किए गए पदाधिकारियों व सदस्यों का ग्रुप फोटो।**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** शनिवार को अंजुमन तरक्की-ए तालीम सादात बाहरा मुजफ्फरनगर के आजीवन सदस्यों की एक मीटिंग संस्था की नियमावली की धारा - 13बी के अनुसार आर्य समाज रोड स्थित सादात हॉस्टल परिसर में सैयद नवाब हसन (खुजैड़ा) की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक का संचालन जिल्ले हैदर जैदी(हैबतपुर) ने किया।

बैठक में आपसी सहमति से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया , जिसमें सैयद मोहम्मद हसनैन अध्यक्ष, हसीन हैदर उपाध्यक्ष, मशहद रजा जैदी सचिव, सैयद असगर अब्बास, सैयद हसन अब्बास, सैयद अली मेहंदी, सैयद जहीर हसन ज्वाइंट सचिव बनाए गए। इसके अलावा 11 सदस्यीय कमेटी में सैयद नवाब हैदर खुजैड़ा, सैयद नुसरत रियाज नंगला, सैयद मोहम्मद, सैयद सलीम अब्बास, सैयद मोहम्मद शाहिद जैदी, सैयद अता अली, सैयद रौनक अफरोज, सैयद एजाज रजा जैदी, सैयद अजहर अब्बास, सैयद नफसे मुस्तफा व सैयद काशिफ रजा नियुक्त किए गए।

इस दौरान सैयद औसत अली, सैयद हुसैन अफरोज व सैयद महरोज हैदर मुख्य चुनाव अधिकारी मौजूद रहे।

# हेलमेट के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से पुलिस ने चलाया अभियान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** हेलमेट के प्रति लोगों को जागरुक करने के उद्देश्य से पुलिस ने सख्ती करनी शुरु कर दी है। नगर क्षेत्र के सभी पेट्रोल पंपों पर पुलिसकर्मी तैनात रहे, बिना हेलमेट के फ्यूल डलवाने पहुंचे बाइक चाल. कों को तेल लिए बिना ही वापस लौटना पड़ा।

पिछले लंबे समय से पुलिस लोगों की सुरक्षा के लिए जरुरी हेलमेट को लेकर जागरूकता अभियान चला रही है, कई तरह की गाइड लाइन भी जारी की जाती रही हैं, लेकिन लोग खुद की सुरक्षा को लेकर गंभीर नहीं है। शनिवार को स्थानीय पुलिस ने दुपहिया वाहन चालकों को जागरुक करने के लिए अभियान चलाया, जिसके चलते नगर



क्षेत्र के सभी पेट्रोल पंपों पर पुलिसकर्मी तैनात रहे, पुलिस का साफ संदेश था नो हेलमेट, नो फ्यूल जिसके चलते बाइक चालकों को बिना पेट्रोप डलवाए ही वापस लौटना पड़ा रहा था। अधिकारियों ने पेट्रोप पंप कर्मचारियों को सख्त नसीहत देते हुए कहा है कि बिना हेलमेट के दुपहिया वाहन को पेट्रोल नहीं दिया जाए।

# 11.39 करोड़ के विकास कार्यों का लोकार्पण

**धामपुर।** खंड विकास कार्यालय परिसर में आयोजित क्षेत्र पंचायत सदस्यों और ग्राम प्रधानों की संयुक्त विशाल आमसभा में भाजपा विधायक अशोक कुमार राणा मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे। उन्होंने विधानसभा क्षेत्र के सभी जनप्रतिनिधियों से अपील की कि वे विकसित भारत 2047 की संकल्पना को साकार करने में पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करें।

इस अवसर पर विधायक अशोक राणा ने 11 करोड़ 39 लाख रुपए के



विकास कार्यों का लोकार्पण किया। लोकार्पण में प्रमुख रूप से ब्लॉक प्रमुख कार्यालय, आगंतुक कक्ष, बाल विकास परियोजना कार्यालय का जीर्णोद्धार, 33 पंचायत घर, 26 साम. ुदायिक शौचालय, 50 आरबीसी सेंटर और क्षेत्र के अन्य निर्माण कार्य शामिल रहे। विधायक ने ब्लॉक प्रमुख क्षमा हेमलता चौहान के निर्देशन में किए गए विकास कार्यों की सराहना की और कहा कि उनके प्रयासों से यह ब्लॉक जिले में एक ऐतिहासिक और गौरवशाली उदाहरण बन गया है।

उन्होंने 11 अक्टूबर को अपने ग्राम ठाठजट में दीपावली मिलन समारोह आयोजित करने की भी घोषणा की। यह आयोजन इस माह इसलिए किया जा रहा है, ताकि शुगर मिलों के पेराई सत्र शुरू होने से पहले अधिक से अधिक लोग इसमें भाग ले सकें। कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख क्षमा हेमलता चौहान, खंड विकास अधिकारी त्रिलोकचंद, ब्लॉक प्रतिनिधि ठाकुर नीरज प्रताप सिंह, ग्राम प्रधान संघ की ब्लॉक अध्यक्ष संध्या सिंह सिसोदिया, अन्य महिला प्रधान, अधिकारी और आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने सक्रिय भागीदारी की।

# महाराजा अग्रसेन की भव्य शोभायात्रा निकाली

**नहटौर।** अग्रसेन जयंती महोत्सव के तहत महाराजा अग्रसेन की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। आयोजित दो दिवसीय इस महोत्सव में पंचायती मंदिर में यज्ञ हवन का कार्यक्रम आयोजित किया गया तथा अपने परिवारों की सुख समृद्धि की कामना की। शोभायात्रा में कई झांकियां आकर्षण का केंद्र रही।

पंचायती मंदिर में अग्रवाल समाज के लोग एकत्रित हुए। वहां पूजा अर्चना करके अपने परिवारों की सुख समृद्धि की कामना की। साथ ही शोभायात्रा के लिए समाज के लोगों ने बोली के कार्यक्रम में भाग लिया, जिसमें रथ के अलावा अन्य बोली ली। इसके उपरांत शोभायात्रा प्रारंभ हुई शोभायात्रा में मां काली, 18 गोत्र वाली झांकी, खाटू श्याम की झांकी, वैष्णो देवी माता की झांकी, डांडिया, शिव शंकर पार्वती, महाराजा अग्रसेन जी का रथ, अघोरी की झांकी आदि झांकियां आकर्षण का केंद्र रही। महाराजा अग्रसेन का रथ आकर्षण का केंद्र था। शोभायात्रा का नगर में विभिन्न स्थानों पर पुष्प वर्षा करके स्वागत किया गया तथा बैंड बाजे धार्मिक गाने बजाते चल रहे थे। शोभायात्रा पंचायती मंदिर, होली चौक, सराय जोखा, धर्मशाला, होलियान, चौधरियान, आर्य समाज मंदि,र सब्जी मंडी, हलवाईयान, कालू की आढत, ऐंजसी चौराहा, थाना कोतवाली से होती हुई पूर्व माध्यमिक विद्यालय में जाकर संपन्न हुई। समिति के अध्यक्ष मुकेश गुप्ता, प्रदीप अग्रवाल, राकेश अग्रवाल, पवन अग्रवाल, सुशांत गोयल, नवीन अग्रवाल, रमन अग्रवाल, सुधीर कुमार अग्रवाल, रामेंद्र अग्रवाल, अशोक अग्रवाल, सुधीर सिंघल, विवेक अग्रवाल, राजीव अग्रवाल, आदेश अग्रवाल, बालेश अग्रवाल, अनुज गोयल, विनीत गोयल, पीयूष गोयल आदि समाज के लोग शोभायात्रा में शामिल रहे। स्कूल परिसर में रथ में सवार महाराज अग्रसेन की आरती की गई तथा शोभायात्रा में सबसे आगे घुड़सवार अगवानी करते चल रहे थे। सुरक्षा की दृष्टि से कोतवाल धीरज नागर मय फोर्स के शामिल रहे।

**बेदखली/संबंध विच्छेद**

मैं अपने पुत्र **अमित कुमार** व उसकी पत्नी **शैला** के गलत कृत्यों, गलत चाल चलन व गलत व्यवहार के कारण अपनी कुल चल अचल संपत्ति से इनको बेदखल करता हूं। इनका मेरे और मेरे परिवार से किसी प्रकार का कोई संबंध नहीं रहा है, ना ही भविष्य में रहेगा। मेरा व मेरे परिवार का इनसे पूर्ण संबंध विच्छेद रहेगा। इनके द्वारा किए गए अच्छे बुरे कार्य व लेनदेन के लिए ये स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**राकेश कुमार पुत्र कमलू,**
निवासी- ग्राम बसेड़ा थाना नागल
जिला सहारनपुर।
मो.न. 9717559285.

# 77 साल का हिसाब चुकता किया ढाई दिन में जीता अहमदाबाद टेस्ट

## ● जडेजा-सिराज का कहर, भारत ने वेस्टइंडीज को पारी और 140 रनों से पीटा

**अहमदाबाद, वार्ता।** रवींद्र जडेजा (नाबाद 104 रन/ चार विकेट) और मोहम्मद सिराज (तीन विकेट) के जबरदस्त प्रदर्शन की बदौलत भारत ने शनिवार को पहले टेस्ट मैच के तीसरे दिन दूसरी पारी में वेस्टइंडीज को 146 रनों के स्कोर पर ढेर कर मुकाबला पारी और140 रनों से जीत लिया। जडेजा को उनके आलराउंड प्रदर्शन के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया।

वेस्टइंडीज का एक और आसान समर्पण, जो दोनों पारियों में सिर्फ़ 89.2 ओवर ही खेल पाया - यह दर्शाता है कि टेस्ट क्रिकेट में वे कितने कमज़ोर हैं। भारत ने दिन की शुरुआत 286 रनों की बढ़त के साथ पारी घोषित करके की, और मोहम्मद सिराज को शुरुआती बढ़त बनाने में ज्यादा समय नहीं लगा, जिसमें नीतीश रेड्डी का एक शानदार कैच शामिल था, जिससे तेज नारायण चंद्रपॉल आउट हो गए। इसके बाद, रवींद्र जडेजा ने मोर्चा संभाला और अनिश्चित बल्लेबाज़ी क्रम को अपने घेरे में ले लिया और मेहमान टीम का स्कोर 46/5 कर दिया। अथानाज़े और ग्रीव्स के बीच थोड़ी देर की साझेदारी हुई, लेकिन वाशिंगटन सुंदर ने सिराज के एक ही ओवर में दो विकेट चटकाने से पहले ही पारी को तोड़ दिया। जडेजा और कुलदीप यादव ने पुछल्ले बल्लेबाज़ों को आउट करके एक व्यापक जीत दर्ज की और भारत को सीरीज में 1-0 की बढ़त दिला दी। वेस्ट इंडीज ने भारत में पिछले पांचों टेस्ट हारे हैं जिनमें से चार में उसे पारी की हार और एक में 10 विकेट से पराजय मिली है। इनमें से कोई भी टेस्ट तीन दिन से ज्यादा नहीं जा पाया है। भारत की विडीज के खिलाफ यह आठवीं पारी से जीत है। भारत ने कल के स्कोर पांच विकेट पर 448 के स्कोर पर आज पारी घोषित कर 286 की बढ़त हासिल की। दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने उतरी विंडीज को आठवें ओवर में मोहम्मद सिराज ने तेजनारायण चंद्रपॉल (आठ) को आउट कर भारत को पहली सफलता दिलाई। इसे बाद 11वें ओवर में जडेजा ने जॉन कैंपबेल (14) को अपना शिकार बना लिया। ब्रैंडन किग (पांच) और कप्तान शाई होप (एक) को भी जडेजा ने अपना शिकार बनाया। जमने का प्रयास कर रहे ऐलेक (38) को वॉशिंगटन सुंदर ने अपनी ही गेंद पर कैच आउटकर भारत को बड़ी सफलता दिलाई। जस्टिन ग्रीव्स (25), जोमेल (शून्य) को सिराज ने आउट किया। 42वें ओवर में जडेजा ने जोहान लेन (14) को आउटकर विंडीज को नौवां झटका दिया। 46वें ओवर की पहली गेंद पर कुलदीप ने जेडन (22) को आउटकर 146 रन के स्कोर पर विंडीज की दूसरी पारी का अंत कर दिया।

# मैंने अपनी बैटिंग पर कड़ी मेहनत की: जडेजा



**अहमदाबाद, वार्ता।** भारत की वेस्ट इंडीज के खिलाफ पहले टेस्ट में पारी और 140 रन की शानदार जीत में अपने आलराउंड प्रदर्शन से प्लेयर ऑफ द मैच बने रवींद्र जडेजा ने शनिवार को कहा कि उन्होंने अपनी बल्लेबाजी पर कड़ी मेहनत की। मैच में शतक बनाने और दूसरी पारी में चार विकेट लेने वाले जडेजा ने मैच के बाद कहा कि हां, मैं अपनी बल्लेबाज़ी पर कड़ी मेहनत कर रहा हूं। हमें दो महीने का

**● मैच में शतक बनाने और दूसरी पारी में चार विकेट लेने वाले रवींद्र जडेजा ने मैच के बाद कहा कि हां मैं अपनी बल्लेबाजी पर कड़ी मेहनत कर रहा हूं**

ब्रेक मिला था, कोई टेस्ट क्रिकेट या वनडे मैच नहीं था। मैं अपनी फ़िटनेस पर काम कर रहा था और मैं बैंगलोर के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस गया, वहां अपने कौशल और फिटनेस पर काम किया। उन्होंने कहा कि 'कुछ साल पहले मैं आठवें और नौवें नंबर पर बल्लेबाज़ी करता था, लेकिन अब मुझे छठे नंबर पर जगह मिल गई है। मेरे पास खुद को तैयार करने का समय है और मैं अपनी पारी को गति दे सकता हूं। मुझे जल्दबाज़ी करने की जरूरत नहीं है, मुझे बेवजह जल्दबाज़ी करने की जरूरत नहीं है। मैं मैदान पर जा सकता हूं, अपना समय ले सकता हूं और अपनी पारी को गति दे सकता हूं। मुझे लाल मिट्टी की पिचों पर खेलना हमेशा पसंद है। यह मज़ेदार होता है क्योंकि एक स्पिनर के तौर पर आपको ज्यादा टर्न और बाउंस मिलता है। इसलिए, एक स्पिनर के तौर पर आप हमेशा यही चाहते हैं। जडेजा ने कहा कि मुझे लगता है कि मैं इसका आनंद ले रहा था और जैसे ही मुझे पता चला कि हम लाल मिट्टी पर खेल रहे हैं, मुझे लगा कि यह बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों के लिए ठीक रहेगा। अगर विकेट सपाट है, तो आप रन बना सकते हैं। अगर गेंद टर्न ले रही है, तो आप लाल मिट्टी पर गेंदबाजी का आनंद ले सकते हैं। उन्होंने कहा कि 'ज़ाहिर है मैं कोच, कप्तान, प्रबंधन और चयनकर्ताओं का शुक्रिया अदा करना चाहूंगा क्योंकि एक उप-कप्तान होने के नाते आप हमेशा टीम के एक खास सदस्य के रूप में मौजूद रहते हैं और यह सम्मान मुझे हमेशा खुशी देता है।

**संक्षिप्त खेल समाचार**

### चोटिल फ्लोरा डेवोनशायर महिला विश्व कप से बाहर

**गुवाहाटी, वार्ता।** न्यूजीलैंड की ऑलराउंडर फ्लोरा डेवोनशायर हाथ की चोट के कारण भारत और श्रीलंका में चल रहे महिला विश्व कप 2025 से बाहर हो गई हैं। उनकी जगह तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर हन्ना रोवे को टीम में शामिल किया गया है। डेवोनशायर को प्रशिक्षण के दौरान क्षेत्ररक्षण करते समय बाएं हाथ में चोट लग गई थी और उन्हें ठीक होने में दो से तीन हफ्ते लगने की उम्मीद है। वाली रोवे इससे पहले दो एकदिवसीय विश्व कप खेल चुकी हैं और 60 एकदिवसीय मैचों में न्यूजीलैंड का प्रतिनिधित्व कर चुकी हैं। न्यूजीलैंड टीम के मुख्य कोच बेन सॉयर ने कहा कि हम सभी फ्लोरा के लिए दुखी हैं।

# यह हमारे लिए एक परफेक्ट मैच था: गिल

**अहमदाबाद, वार्ता।** भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने वेस्ट इंडीज से पहला टेस्ट शनिवार को पारी और 140 रन से जीतने के बाद इसे परफेक्ट जीत करार दिया। गिल ने मैच के बाद प्रेजेंटेशन में कहा कि लगातार छह टॉस हार चुका हूं लेकिन जब तक हम मैच जीत रहे हैं तब तक यह अधिक मायने नहीं रखता। यह हमारे लिए एक परफ़ेक्ट मुक़ाबला था, तीन शतकवीर थे और हमने फ़ील्ड में भी अच्छा प्रदर्शन किया और मैं प्रदर्शन से संतुष्ट हूं। हमें (गिल और जायसवाल) अच्छा स्टार्ट मिला था लेकिन हम इसे भुना नहीं पाए। हमारे पास काफ़ी स्पिन विकल्प हैं और यह विकल्प न होने से बेहतर स्थिति है। मैंने काफ़ी कुछ सीखा है और बीते वर्षों में जिस तरह से हम



कठिन परिस्थितियों से उबरे हैं वह सुखद था। वेस्टइंडीज के कप्तान रॉस्टन चेज ने हार के बाद कहा कि टॉस जीतकर बल्लेबाज़ी करने के बाद 160 के स्कोर पर सिमट जाना निराशा. जनक था और फिर उन्होंने बेहतरीन बल्लेबाज़ी की। हमारी ओर से यह एक ऐसा प्रदर्शन था

## गिल बने नए वनडे कप्तान, रोहित-कोहली टीम में

**मुंबई, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए चयनित शुभमन गिल की अगुवाई वाले वनडे टीम में रोहित शर्मा और विराट कोहली शामिल हैं। श्रेयस अय्यर को भारतीय वनडे टीम का उपकप्तान नियुक्त किया गया है। रोहित और कोहली चैंपियंस ट्रॉफ़ी फ़ाइनल के बाद पहली बार भारतीय टीम के लिए खेलते नजर आएंगे। हार्दिक पांड्या स्ट्रेन इंजरी के चलते वनडे और टी-20 टीम से बाहर हैं। वहीं जसप्रीत बुमराह को वनडे टीम से आराम दिया गया है, हालांकि बुमराह टी-20 टीम में शामिल हैं। मोहम्मद सिराज की वनडे टीम में वापसी हुई है। रवींद्र जडेजा वनडे टीम में शामिल नहीं हैं। मुख्य चयनकर्ता अजीत आगरकर ने टीम की घोषणा करते हुए कहा कि तीन अलग-अलग प्रारूपों में कप्तान होना रणनीतिक तौर पर व्यवहा. रिक नहीं है। उन्होंने कहा कि वर्ल्ड कप अभी दो वर्ष दूर है लेकिन इस बीच भारत कितने वनडे खेलेगा यह स्पष्ट नहीं है इसलिए नए कप्तान के पास पर्याप्त समय होना चाहिए। आगरकर ने कहा कि सिर्फ़ चयनकर्ताओं के लिए ही नहीं कोच के लिए तीन अलग-अलग लोगों के साथ काम करना आसान नहीं रहता। जडेजा के वनडे टीम में शामिल नहीं होने पर आगरकर ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया में अधिक वनडे नहीं खेलने थे इसलिए वहां की परिस्थितियों के लिहाज से टीम में अधिक स्पिनरों की जरूरत नहीं थी। बुमराह और हार्दिक को लेकर आगरकर ने कहा कि उनके वर्कलोड को देखते हुए उन्हें वनडे टीम से आराम दिया गया है। हार्दिक इस समय ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए फ़िट नहीं थे। एक हफ्ते में वह सीओई में जुड़ेंगे और रिकवरी शुरू करेंगे तब हमें उनको लेकर स्पष्टता मिलेगी। ऑस्ट्रेलिया में भारत को तीन वनडे मैचों की सीरीज खेलनी जो कि 19 अक्तूबर से शुरू होगा और 25 अक्तूबर को वनडे सीरीज का अंतिम मैच खेला जाएगा। वहीं पांच मैचों की टी-20 सीरीज का



आग़ाज 29 अक्तूबर को होगा और आठ नवंबर को सीरीज का अंतिम मैच खेला जाएगा। ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए भारत की वनडे टीम गिल (कप्तान), जायसवाल, रोहित, विराट, अय्यर (उपकप्तान), अक्षर, के एल राहुल, नीतीश वॉशिंगटन सुंदर, कुलदीप, हर्षित, मोहम्मद सिराज, अर्शदीप, प्रसिद्ध, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर)

भारत की टी-20 टीम: सूर्यकुमार यादव (कप्तान), शुभमन गिल (उपकप्तान), अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, नीतीश कुमार रेड्डी, शिवम दुबे, अक्षर पटेल, जितेश शर्मा, वरुण चक्रवर्ती, जसप्रीत बुम. राह, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव, हर्षित राणा, संजू आदि।

### वरिष्ठ फुटबॉल प्रशासक एन के भाटिया का निधन

**नई दिल्ली, वार्ता।** फुटबॉल दिल्ली (डीएसए) के पूर्व उपाध्यक्ष और पूर्व सचिव एन-के- भाटिया का निधन हो गया है। भाटिया के निधन से डीएसए ने अपने सबसे ईमानदार और जुझारू सेवक को खो दिया है। अर्थात उनके जाने से फुटबाल और मीडिया के बीच का पुल ढह गया है। दिल्ली में फुटबॉल के क्षेत्र में उनका योगदान सचमुच अतुलनीय था। 1970 के दशक से फुटबॉल में सक्रिय, भाटिया ने फुटबॉल एसोसिएशन के मानद सचिव व कोषाध्यक्ष सहित अनेक पदों पर कार्य किया और एआईएफएफ की स्थायी समितियों में विभिन्न पदों पर रहे। उनके नेतृत्व में, दिल्ली ने कई अंतर्राष्ट्रीय और राष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिताओं की सफलता पूर्वक मेजबानी की। नरेन्द्र भाटिया, जिन्हें उनके दोस्त 'स्वीटी' नाम से बुलाते थे सचमुच बेहद स्वीट इंसान थे, जिन्हें गुस्सा कभी आता ही नहीं था।

# 'हैंडशेक विवाद' के बीच भारतीय महिला टीम की नजरें पाकिस्तान पर 12वीं जीत पर



**● कप्तान हरमनप्रीत कौर ने अपनी सीधे बात जोड़ते हुए कहा कि ड्रेसिंगरूम सिर्फ प्रदर्शन की बात करता है प्रोटोकॉल की नहीं**

**कोलंबो, वार्ता।** भारत और पाकिस्तान के बीच मुकाबला कभी भी सिर्फ़ एक मैच नहीं होता, और जब महिला विश्व कप कल यहां आर प्रेमदासा अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में दोनों टीमों के बीच मुकाबला होगा, तो दांव रनों और विकेटों से कहीं आगे जाने का वादा करता है। रिकॉर्ड के लिए, भारतीय महिला टीम ने इस प्रतिद्वंद्विता पर एक सुगठित ऑर्केस्ट्रा की तरह कब्ज़ा जमाया है - ग्यारह मैच, ग्यारह जीत, और आखिरी मैच 2022 विश्व कप में 107 रनों से करारी हार।

दीप्ति शर्मा की ऑलराउंड कला और अमनजोत कौर के साहसिक अर्धशतक की बदौलत, अपने पहले मैच में मेजबान श्रीलंका को डकवर्थ लुईस नियम के तहत 59 रनों से हराने के बाद, लय फिर से उनके साथ है। फिर भी, भारत- पाकिस्तान के मामले में हमेशा की तरह, इसका निहितार्थ क्रिकेट जितना ही दिलचस्प है। पुरुष टीम को परेशान करने वाला हाथ मिलाने का विवाद अब महिला टीम पर भी हावी हो गया है। इस बारे में पूछे जाने पर, दीप्ति शर्मा ने एक अनुभवी सलामी बल्लेबाज़ की तरह शांत भाव से इस सवाल का जवाब दिया कि जब मौका आएगा तब देखेंगे। कप्तान ने अपनी सीधी बात जोड़ते हुए कहा कि ड्रेसिंग रूम सिर्फ़ प्रदर्शन की बात करता है, प्रोटोकॉल की नहीं। हालांकि, बीसीसीआई ने संकेत दिया है कि हाथ न मिलाने का यह रुख महिला खिलाड़ियों पर भी लागू हो सकता है। और इसलिए, गेंद फेंके जाने से पहले ही अटकलों का बाज़ार गर्म हो जाता है। मैदान पर, भारत एक पूरी टीम नजर आती है। इस साल 936 रन बनाकर अपने जीवन के सर्वश्रेष्ठ फ़ॉर्म में चल रही स्मृति मंधाना एक बार फिर आकर्षण का केंद्र होंगी। प्रवाह की तलाश में हरमनप्रीत कौर कोलंबो की रात को रोशन करने की क्षमता रखती हैं, जबकि जेमिमा रोड्रिग्स और हरलीन देओल मध्य क्रम को मजबूती प्रदान करती हैं। दीप्ति और स्नेह राणा की अगुवाई में गें. दबाज़ी, जिसमें युवा क्रांति गौड़ अपना जाल बुनने के लिए तैयार हैं, कप्तान कौर को मजबूती और कुशलता प्रदान करती है। दूसरी ओर, पाक बड़े मंच पर अप्रत्याशित मेहमान बना हुआ है। बांग्लादेश के खिलाफ 129 रनों पर सिमटने से उनकी पुरानी कमज़ोरियां उजागर हो गईं। सिदरा का शानदार प्रदर्शन (इस साल 518 रन) और मुनीबा की निरंत. रता ही उम्मीद जगाती है। अगर पा को भारत के दबदबे को चुनौती देनी है, तो सना, अपने आक्रामक ऑलराउंड खेल और बाएं हाथ की स्पिनर नशरा को क्षमता से कहीं ज्यादा प्रदर्शन करना होगा।

# मनीष-वैष्णवी ने एकल खिताब जीते

**● पुरुष एकल फाइनल में मनीष ने दबाव में अपनी निरंतरता का परिचय देते हुए मुकाबले में सुरेश को 6-4-, 6-2 से हराया**

**नई दिल्ली, वार्ता।** तमिलनाडु के मनीष सुरेशकुमार और महाराष्ट्र की वैष्णवी अदकर ने शनिवार को नई दिल्ली के डीएलटीए कॉम्प्लेक्स में 30वीं फेनेस्टा ओपन राष्ट्रीय टेनिस चैंपियनशिप में अपना विजय अभियान जारी रखते हुए क्रमशः पुरुष और महिला एकल खिताब जीत लिए। पुरुष एकल फाइनल में, मनीष सुरेशकुमार ने दबाव में अपनी निरंतरता और संयम का परिचय देते हुए दो घंटे तक चले मुकाबले में कीर्तिवासन सुरेश को 6-4, 6-2 से हराया।

दोनों खिलाड़ियों ने आक्रामक शुरुआत की और शुरुआती सर्विस ब्रेक के बाद स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया। इसके बाद मनीष ने कीर्तिवासन की सर्विस ब्रेक कर 2-1 की बढ़त बना ली और स्कोर 3-1 कर दिया। कीर्तिवासन ने जोरदार वापसी की और अपनी सर्विस ब्रेक करते हुए 4-3 से बढ़त बना ली। हालांकि, मनीष ने इसके बाद अपने खेल में सुधार किया और अपने प्रतिद्वंद्वी की सर्विस फिर से ब्रेक कर पहला सेट अपने नाम कर लिया। दूसरे सेट में भी इसी लय को बरकरार रखते हुए, तमिलनाडु की खिलाड़ी ने सटीक ग्राउंडस्ट्रोक और दमदार रिटर्न के साथ लंबी रैलियां खेलते हुए अपनी लय बरकरार रखी।

उन्होंने 6-2 से सेट जीतकर मैच और पुरुष एकल का खिताब अपने नाम कर लिया। दूसरी ओर, वैष्णवी ने महिला एकल फाइनल की शुरुआत शानदार अंदाज में की और आकांक्षा निट्योर की सर्विस जल्दी ही तोड़कर 2-0 की बढ़त बना ली। हालांकि आकांक्षा ने कुछ देर के लिए वापसी की, लेकिन वैष्णवी ने तुरंत नियंत्रण हासिल कर लिया और सटीक शॉट लगाकर पहला सेट जीत लिया। दूसरे सेट में भी वैष्णवी ने अपनी लय बरकरार रखी। दोनों खिलाड़ियों ने शुरुआत में अपनी सर्विस बरकरार रखी, लेकिन वैष्णवी ने आकांक्षा की सर्विस दो बार तोड़कर 5-1 से बढ़त बना ली। आकांक्षा ने एक ब्रेक वापस ले लिया, लेकिन वैष्णवी ने अपनी पकड़ बनाए रखी और आत्मविश्वास से सर्विस करते हुए 6-1, 6-2 के अंतिम स्कोर के साथ सेट और खिताब अपने नाम कर लिया। डीसीएम श्रीराम लिमिटेड द्वारा समर्थित और अखिल भारतीय टेनिस संघ (एआईटीए) और दिल्ली लॉन टेनिस संघ (डीएलटीए) के तत्वावधान में आयोजित, फेनेस्टा ओपन भारत की सबसे बड़ी घरेलू टेनिस चैंपियनशिप बनी हुई है, जो देश की शीर्ष प्रतिभाओं को आकर्षित करती है। अंडर-18 वर्ग में, हर्षिनी एन ने तीन घंटे से अधिक समय तक चले कड़े मुकाबले वाले बालिका एकल फाइनल में स्निग्धा कांता को 6-1, 2-6, 6-4 से हराया।

# कियारा ने चौथी बार लंबी कूद में जीता स्वर्ण, भारत की निमिशा को चौथा स्थान

**नई दिल्ली, वार्ता।** कियारा रोड्रिग्ज को शनिवार को यहां इंडियनऑयल नई दिल्ली विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 में अच्छा प्रदर्शन करते हुए लगातार चौथी बार महिलाओं की लंबी कूद टी47 स्पर्धा में स्वर्ण पदक अपने नाम किया। भारत की निमिशा चौथे स्थान पर रहीं। आज यहां जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में जारी प्रतियोगिता में कियारा रोड्रिग्ज ने अपने पहले प्रयास में 6.29 मीटर और दूसरे प्रयास में कोई अंक नहीं हासिल करने के बाद चार छलांगें पार कर लीं। उन्होंने डेनमार्क की ब्योर्क नोएरेमार्क को अपने पांचवें प्रयास में 5.84 मीटर की छलांग लगाते हुए रजत पदक हासिल करते हुए देखा। उन्होंने भारत की निमिशा सुरेश चक्कुंगलप रम्बिल को पीछे छोड़ दिया, जिन्होंने तीसरे प्रयास में 5.74 मीटर की छलांग के साथ एशियाई रिकॉर्ड बनाया था। डेनमार्क की खिलाड़ी की बारी थी हंगरी की पेट्रा लुटेरन को लंबी छलांग लगाते देखने की, जो 6.00 मीटर के निशान से सिर्फ़ 2 सेमी कम थी और दूसरे स्थान पर पहुंच गई। निमिषा को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के दो मौके मिले, लेकिन वह फ़ाउल और 5.45 मीटर के प्रयास में हार गईं। दुर्भाग्य से, भारतीय खिलाड़ी पोडियम से बाहर हो गईं क्योंकि वह अपने आखिरी दो प्रयासों में बेहतर छलांग नहीं लगा पाईं। निमिषा, (महिला डिस्कस थ्रो एफ64) और सात पुरुषों - दिलीप महादु (400 मीटर टी47), हैनी (डिस्कस थ्रो एफ37) आदि।

# विश्वास और जीत का 16 साल का सफर भारत में शुरू और भारत में ही हुआ समाप्तः मार्कस रेहम और स्टेफी

**नई दिल्ली, वार्ता।** इंडियनऑयल नई दिल्ली विश्व पैरा एथलेटिक्स चैम्पियनशिप 2025 में जब मार्कस रेम ने 8-43 मीटर की लंबी छलांग लगाई, तो उन्होंने न सिर्फ अपना लगातार आठवां विश्व खिताब जीता, बल्कि पैरा खेल इतिहास की सबसे यादगार साझेदारियों में से एक का समापन भी किया। इस स्वर्ण पदक के पीछे एक गहरी और सशक्त कहानी थी एथलीट और कोच के बीच का 16 साल पुराना रिश्ता, जो भारत में शुरू हुआ और संयोग से भारत में ही समाप्त हुआ।

सोलह साल पहले, एक दुबला-पतला जर्मन लड़का और उनकी नई कोच पहली बार बैंगलोर के एक खचाखच भरे स्टेडियम में साथ उतरे थे। किशोरावस्था का वह खिलाड़ी अनुभवहीन था, लेकिन जुनून से भरा हुआ। 14 साल की उम्र में वेकबोर्डिंग दुर्घटना में अपना दायां पैर खोने के बाद वह खुद को फिर से खोज रहा था। दूसरी ओर, स्टेफी नेरियस पहले से ही विश्व चैम्पियन थीं। एक ऐसी भाला फेंक खिलाड़ी, जिसने दबाव का भार झेला था और जीत का स्वाद चखा था। रेस के बाद भावनाओं के ओतप्रोत रेम याद करते हैं कि वह प्रतियोगिता भारत में ही हमारी शुरुआत थी। वह हमारी पहली विदेशी प्रतियोगिता थी। मैं घबराया हुआ था, खुद को लेकर असमंजस में था। लेकिन स्टेफी ने मुझे विश्वास दिलाया। वहीं से यह शानदार सफर शुरू हुआ। और अब जब यह भारत में खत्म हो रहा है, तो लगता है मानो जीवन ने यह कहानी खुद लिखी हो। जैसे ही जर्मनी का राष्ट्रगान बजा और उनके गले में पदक डाला गया, रेम ने एक बार फिर अपने हेडबैंड को छुआ। यह छोटा सा इशारा था, लेकिन उनके लिए इसका गहरा अर्थ था। वह कहते हैं, ष्स्टेफी अब अपने वीकेंड और परिवार के साथ समय बिताने की हकदार हैं। मैं जो कुछ भी हूं, उसमें उनका बहुत बड़ा योगदान है। रेम के लिए खेल हमेशा पहचान का माध्यम थे। वह याद करते हैं, ष्मैं वही बच्चा था जो तेज दौड़ता था, दूर तक कूदता था, लेकिन हादसे के बाद, एक दिन में ही मैंने सब खो दिया। मानो अपनी पहचान खो दी हो। नेरियस समझती थीं। उनका नजरिया सिर्फ तकनीक या फिटनेस तक सीमित नहीं था। यह उस किशोर की आत्मा को फिर से जगाने के बारे में था, जिसे लगता था कि उसके सपने खत्म हो चुके हैं। प्रशिक्षण सत्रों में उतनी ही बातचीत होती जितनी ड्रिल्स। वह हमेशा उसे याद दिलातीं कि जिस इंसान को वह फिर से पाना चाहता है, वह कहीं गया नहीं है बस उसे दोबारा खो. जने की जरूरत है। नेरियस ने अपने शिष्य के कंधे पर हाथ रखते हुए कहा कि मैंने रेम और इसने मुझे अलग पहचान दिलाई। मेरा काम सिर्फ इसे रास्ता दिखाना था और मुझे खुशी है कि मैं ऐसा करने में सफल रही। उनकी उपलब्धियों का रिकॉर्ड केवल कहानी का एक हिस्सा है। जब रेम ने शुरुआत की थी, तो कृत्रिम पैर वाले खिलाड़ियों का लंबी कूद विश्व रिकॉर्ड 7 मीटर से भी कम था। नेरियस की कोचिग में उन्होंने हर दीवार तोड़ दी। पहले 7 मीटर, फिर 7.50, फिर 8 मीटर का जादुई आंकड़ा, और आखिरकार 2023 में 8.72 मीटर की चौंकाने वाली छलांग जो सक्षम खिलाड़ियों को भी चुनौती देती है।

# ऑस्ट्रेलिया ने न्यूजीलैंड को तीन विकेट से हराया और सीरीज भी जीती

**यूजीलैंड, वार्ता।** शॉन ऐबट (तीन विकेट), जॉश हेजलवुड और जेवियर बार्टलेट (दो-दो विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के बाद कप्तान मिचेल मार्श (नाबाद 103) के विस्फोटक प्रदर्शन के दम पर ऑस्ट्रेलिया ने शनिवार को तीसरे टी-20 मैच में न्यूजीलैंड को 12 गेंदे शेष रहते तीन विकेट से हरा दिया। इसी के साथ ऑस्ट्रेलिया ने तीन मैचों की सीरीज में 2-0 की अपराजेय बढ़त बना ली। 157 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने तीसरे ही ओवर में ट्रैविस हेड (आठ) का विकेट गंवा दिया। उन्होंने जेकब डफी ने आउट किया। इसके बाद न्यूजीलैंड के गेंदबाजी आक्रमण के आगे मिचेल मार्श को छोड़कर ऑस्ट्रेलिया को कोई भी बल्लेबाज अधिक देर तक नहीं टिक सका। हालांकि इस दौरान मिचेल मार्श एक छोर थामे विस्फोटक बल्लेबाजी करते रहे। मैथ्यू शॉर्ट (सात), टिम डेविड (तीन), एलेक्स कैरी (एक) और मार्कस स्टॉयनिस (दो) को जिमी नीशम ने आउट किया। जेवियर बार्टलेट (एक) सातवें विकेट के रूप में आउट हुए। उन्हें जेकब डफी ने आउट किया। मिचेल मार्श (नाबाद 103) की शतकीय पारी के दम पर ऑस्ट्रेलिया ने 18 ओवर में सात विकेट पर 160 रन बनाकर मुकाबला तीन विकेट से जीत लिया। मिचेल मार्श ने 56 गेंदे खेलते हुए अपनी पारी में आठ चौके और सात छक्के लगाये।

# नशे के खिलाफ एकजुट होने की जरूरतः उमर

## बेहट के गांव अंबेहटा इस्माईलपुर में सपा नशा विरोधी सम्मेलन का आयोजन, वरिष्ठ नेता चौ.इंद्रसेन भी रहे मौजूद



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट/ साढौली कदीम।** बेहट विधान सभा के गांव अंबेहटा इस्माइलपुर मे सपा युवाजन सभा के जिला सचिव चौधरी आकाश द्वारा समाजवादी नशा विरोधी सम्मेलन आयोजित कराया गया सम्मेलन में पार्टी के विधायक एवं पदाधिकारी शामिल हुए सम्मेलन में क्षेत्र में बढ़ रही नशाखोरी पर चिन्ता जताई गई साथ ही एकजुटता के साथ नशे के खिलाफ अभियान चालाने की अपील की गई।

गांव अंबेहटा इस्माइलपुर में आयोजित समाजवादी नशा विरोधी सम्मेलन में बोलते हुए विधान सभा बेहट विधायक उमर अली खान ने कहा कि आज के समय में नशा अपनी जड़े जमा चुका है जिससे क्षेत्र का युवा गर्त की ओर जा रहा है नशे के चलते अनेक परिवार टूट रहे है । ऐसे में हमें अपनी जिम्मेदारी समझते हुए अपने घरों से शुरुआत कर अपने आस पास के लोगों को जागरूक करना होगा ताकि हमारी युवा पीढ़ी नशे की चपेट में आने से बच सके इस के लिए हमें आंदोलन करना होगा और इस नशे के खिलाफ हमे एक जुट होने की जरुरत है। उन्होंने कहा कि हमें इन नशा विरोधी ताकतों का एक जुट होकर मुकाबला करना होगा।वरिष्ठ सपा नेता एवं गंगोह विधान सभा प्रभारी चौधरी इंद्रसेन ने कहा कि नशे के कारण कितने ही घर बर्बाद हो रहे है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि कुछ सत्ताधारी नेताओं के संरक्षण में ये कारोबार चल रहा है, यह सब को पता है। आज सत्ता पक्ष के लोग जी एस टी पर छूट का ढोंग कर उत्सव मना रहे है जबकि छोटे बड़े व्यापारियों को भी पता है कि जी एस टी के नाम पर गुमराह किया जा रहा है। सत्ता पक्ष केनशा कारोबार करने वालो को प्रदेश में सपा की सरकार आने पर ऐसे चेहरों को बेनकाब किया जाएगा। उन्होंने युवाओं से अपील करते हुए कहा कि वे नशाखोरी छोड़ देश और समाज को नई राह पर ले जाने का काम करे। उन्होंने कहा कि आप लोग मेरे स्वर्गीय पिता चौधरी यशपाल सिंह से बहुत प्यार और सम्मान करते थे आज उन्हीं के आदर्शो पर चलकर आने वाले जिला पंचायत के चुनाव में सपा को जिताकर विधायक उमर अली खान का सम्मान बढाने का काम करे। कार्यक्रम में चौधरी सितम सिंह, चौधरी भगत सिंह एड, सपा के बेहट विधानसभा अध्यक्ष रागिब अली, किरणपाल राणा चौधरी आकाश राव मोहम्मद ने भी अपने विचार रखे।जकरिया मालिक, फरहान खान, बेहट नगर अध्यक्ष अजीम नासिर खान,, तौफीक मलिक, राशिद पहलवान, नाजिम बीडीसी, ताहिर चौधरी टोडरपुर, आकाश चौधरी, सचिंद्र राणा, ओमी पंवर, अब्दुल कादिर, विलास राणा विपिन एडवोकेट, चौधरी राम कृष्ण, प्रधान परमल नौशाद खान आदि सैकड़ों लोग मौजूद रहे। संच. ालन वरिष्ठ सपा नेता ओमी पवार ने किया तथा अध्यक्षता चौधरी सितम सिंह ने की।

# रामलीला के कलाकार सम्मानित



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** श्री आशुतोष रामल. ीला समिति ने रामलीला के सभी कलाकारों को सफल मंचन के लिये सम्मानित किया।

सुभाष नगर स्थित श्री सनातन धर्म मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में समिति के प्रधान गौरव चौधरी ने कहा कि सभी कलाकारों ने अपनी शानदार प्रस्तुति से दर्शकों का मन मोह लिया और अपने प्रसंग को बखूबी निभाया। आयोजन प्रमुख हेमंत अरोड़ा ने कहा कि इस भव्य आयोजन ने नगर की सांस्कृतिक पहचान और धार्मिक आस्था को नई ऊंचाई प्रदान की है।

इस दौरान अध्यक्ष गौरव चौधरी, महामंत्री मोहित छाबड़ा, कोषाध्यक्ष गौरव पुरी, मुख्य संयोजक संजय भसीन, स्वागताध्यक्ष डॉक्टर एमपी सिंह चावला, दशहरा प्रमुख नरेश कुमार, मुख्य प्रबंधक विनय दुग्गल, संयोजक विजय कुमार एवं प्रबंधक अमित वत्ता ने संयुक्त रूप से कलाकारों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इसके अलावा सुन्दर अभिनय के लिए तरुण अरोड़ा, गौरव चानना, विजय खुराना, सनी भाटिया, चिराग भसीन, प्रिंस कपिल, अभिषेक उपाध्याय, ईश सलूजा, शिवम कक्कड़, राजेंद्र महिंद्रा, सहज, शिवम महिंद्रा, चिराग कक्कड़, कृष्ण चौहान, विनय दुग्गल, लकी भंडारी, विकास कुमार, जय कालड़ा, ज्योति, गोल्डी ग्रोवर, शिवांश, रवि बख्शी को भी सम्मानित किया गया

# योग कराने के साथ दिए स्वास्थ्य टिप्स



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत नगर निगम में सेवारत महिला अधिकारियों एवं कर्मचारियों को उनके स्वास्थय के प्रति जागरुक करने के उद्देश्य से आज सुबह गांधी पार्क में एक योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। योग गुरु गिरीश बब्बर ने योग कराते हुए स्वस्थ रहने के टिप्स भी दिए।

अपर नगरायुक्त प्रदीप यादव व सहायक नगरायुक्त जय प्रकाश यादव के सहयोग एवं मुख्य कर निर्धारण अधिकारी संगीता गुप्ता के नेतृत्व में आयोजित योग कार्यक्रम में योग गुरु गिरीश बब्बर ने पद्मासन, भुजंगासन, वज्रासन सहित अनेक योगासन कराते हुए उनका महत्व बताया। उन्होंने 12 आसनों वाले सूर्य नमस्कार के अनेक आसन भी कराए और उनसे भी होने वाले लाभ गिनवाए।

योग गुरु बब्बर ने कहा कि योग हमें शारीरिक रूप से सशक्त बनाने के अलावा और मानसिक शांति देता है। योग हमारे शरीर, मन और आत्मा को साथ लाने का भी काम करता है। उन्होंने कहा कि निरंतर योग से आदमी के जीवन में बडेृ और सकारात्मक बदलाव आते हैं। योग के माध्यम से अनेक गंभीर बीमारियों से छुटकारा पाया जा सकता है। योग कार्यक्रम में मुख्य कर निर्धारण अधिकारी संगीता गुप्ता के अलावा वरिष्ठ लिपिक सुनीता, मंजू, मधुबाला, पूजा, गुरविंदर बेदी, सर्जिता, शिप्रा जाटव, मुनेश देवी, नूरजहां, नीतू उपस्थित रही।

# मेधावियों को किए प्रमाण पत्र वितरित

**सहारनपुर।** कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मन्त्रालय, भारत सरकार के निर्देशानुसार राजकीय आईटीआई के ऑडिटोरियम में विभिन्न व्यवसायों की परीक्षा-2025 में शीर्ष स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को दीक्षांत समारोह-2025 के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान से प्रशिक्षण प्राप्त कर उच्च श्रेणी प्राप्त करने वाले प्रशिक्षार्थियों को प्रमाण-पत्र एवं प्रशस्ति-पत्र प्रदान किये गये। कार्यक्रम के अवसर पर जिला महामंत्री विनोद पुण्डीर द्वारा राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान से नीरज कुमार को प्रथम स्थान प्राप्त पर, सुशांत को द्वितीय स्थान प्राप्त करने पर एवं सौम्या के तृतीय स्थान प्राप्त करने पर प्रमाण-पत्र व प्रशस्ति-पत्र का वितरण किया।

# बहनजी की रैली में अनुशासित होकर जाएंः बेनीवाल

## राष्ट्रीय कोर्डिनेटर ने रविन्द्र गौतम, डा. मेघराज, नरेश गौतम व जगपाल के साथ की समीक्षा



**शाह टाइम्स ब्यूरो**


**सहारनपुर।** लखनऊ में 9 अक्टूबर को आयोजित होने वाली बसपा की महारैली की राष्ट्रीय कोर्डिनेटर रणधीर सिंह बेनीवाल ने मुख्य पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की और कहा कि सभी कार्यकर्ता पूरे अनुशासन के साथ बहनजी की रैली में शिरकत करें।

बसपा के बादशाहपुर रामनगर में नये कार्यालय पर आयोजित समीक्षा बैठक में राष्ट्रीय कोर्डिनेटर रणधीर सिंह बेनीवाल ने आज मंडल के तीनों जनपदों सहारनपुर, मुजफ्फरनगर व शामली के पदाधिकारियों से रैली में शामिल होने जाने वाले कार्यकर्ताओं की संख्या व वाहनों के बारे में जानक. ारी ली और कहा कि बहनजी की रैली में सभी कार्यकर्ता भारी तादाद में भागेदारी करें। उन्होंने कार्यकर्ताओं से एकजुटता का आहवान किया।

मुख्य मंडल प्रभारी रविंद्र गौतम, मंडल प्रभारी डा.मेघराज जरावरे, मंडल प्रभारी नरेश गौतम, राज. ेश प्रधान, मंडल कोर्डिनेटर सरफराज राईन, पुंवारका ब्लाक प्रमुख मेहरबान मुखिया, जिला प्रभारी नफे सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष जनेश्वर प्रसाद ने कहा कि इस बार हमें बहनजी को फिर से यूपी की सत्ता सौंपने के लिये भरपूर प्रयास करने होंगे।

इस दौरान एस आलम, अरूण प्रधान, अनिल धारिया, रजनीश उजाला, जिशान गाडा आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# ईओ से मिले समाजसेवी टीपू सुलतान



**सहारनपुर।** समाजसेवी टीपू सुलतान ने नगर पंचायत कार्यालय बेहट में अधिशासी अधिकारी श्रीमती सविता वर्मा से कस्बे की समस्याओं के समाधान हेतु मुलाकात कर उनका निस्तारण कराया।

टीपू सुलतान ने गत दिवस कस्बे के हैंडपंप की वायरल वीडियो के बारे में बताया, अधिशासी अधिकारी ने ओमप्रकाश बाबू को बुलाकर तत्काल निस्तारण हेतु आदेश दिए, इसके अलावा नालों स्लैप से ढकने के लिए, और स्वकर प्रणाली टैक्स से सम्बंधित विस्तृत चर्चा की एवं गौशाला एवं ओपन जिम आदि मुद्दों का जल्द ही समाधान का आश्वासन दिया। कस्बे की समस्याओं के समाधान के लिए अधिशासी अधिकारी श्रीमती सविता वर्मा के अथक प्रयास के लिए हार्दिक धन्यवाद दिया।

# सपाइयों ने मनाया 33वां स्थापना दिवस



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** समाजवादी पार्टी की आयोजित मासिक बैठक में पार्टी का 33 वां स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

अंबाला रोड स्थित पार्टी जिला कार्यालय पर आयोजित मासिक बैठक में जिलाध्यक्ष चौधरी अब्दुल वाहिद ने समस्त फ्रंटल संगठनों को मजबूत करने के निर्देश देते हुए कहा कि संगठन नहीं जीत का आधार होता है और उसमें सबसे बड़ी भूमिका बूथ की होती है इसलिए बूथ कमेटी को अधिक से अधिक सक्रिय किया जाए। उन्होंने कहा कि सरकार की गलत नीतियों कारण हर वर्ग परेशान है और भाजपा सरकार से निजात चाहता है जिसका एकमात्र विकल्प समाजवादी पार्टी है इसलिए हमें पार्टी को अधिक से अधिक मजबूत बनाना होगा और जनता के बीच जाना होगा।

इसके अलावा पूर्व विधायक वीरेंद्र ठाकुर, मनोज चौधरी, प्रदेश सचिव माहिर राणा, प्रदेश सचिव पूर्व मंत्री मांगेराम कश्यप, पूर्व मंत्री विनोद तेजियान, वरिष्ठ नेता चौधरी साजिद, ब्लॉक प्रमुख चौधरी ताहिर हसन, पूर्व जिला पंचायत सदस्य चौधरी नक्षत्र पाल, रतन यादव, अब्दुल गफूर, फैसल सलमानी, नितिन यादव, मुस्तकीम राणा, सुदेश गुर्जर ने संबोधित किया

बैठक में आमिर खान योगेश शर्मा वीरेंद्र यादव महजबी खान सुरेश पंडित रोहित कश्यप मंसूर सलमानी मोहम्मद आफताब हरीश जिंदी गुर्जर फुरकान त्यागी रमेश पावर सबरीन आसमान मनीषा संगीता शबाना फराना राव इसरार राव अनवर सोनू कुमार मोहम्मद अनवर रफत खान सिराज खान रूबी कौशिक मोहम्मद अहसान वाजिद चौधरी चौधरी नदीम कुरैशी गौरव चौधरी संजू गुर्जर रवि कंबोज सचिन गुर्जर रणवीर सिंह राजदा मुकीम सतीश कुमार सज्जाद माजरा अमित खारी रोहित कश्यप वेदपाल पटनी आदि मौजूद रहे।

# द्वितीय काउंसिलिंग आयोजित



**सहारनपुर।** खण्ड संसाधन केन्द्र, पुंवारका में समेकित शिक्षा के अन्तर्गत विद्यालयों में अध्ययनरत दिव्यांग बच्चों के अभिभावकों की द्वितीय काउन्सिलिंग आयोजित करायी गयी।

द्वितीय काउन्सिलिंग में आज 55 अभिभावक अपने बच्चों के साथ उपस्थित हुए। एक दिवसीय काउन्सिलिंग में दिव्यांग बच्चों के अभिभावकों को बच्चों से सम्बन्धित समस्याओं के विषय में बताया गया। और 20 बच्चों को होम बेस्ड किट व लो विजन / वीआई किट प्रदान की गयी। इस एक दिवसीय काउन्सिलिंग में प्रशिक्षणदाता के रुप में श्रीमती मीनू एवं श्रीमती संगीता त्यागी उपस्थित रही। तथा द्वितीय काउन्सिलिंग में श्रीमती मेमता, विशाल काम्बोज, सुमित, आशीष, अरुण इत्यादि उपस्थित रहें।

# वार्षिकोत्सव में स्कूल के मेधावी सम्मानित



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** आदित्य पब्लिक स्कूल का वार्षिकोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाते हुए मेधावी बच्चों को सम्मानित किया गया।

पुष्पांजलि विहार स्थित स्कूल परिसर में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मान्यता प्राप्त विद्यालय शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष डा. अशोक मलिक ने कहा की शिक्षा के क्षेत्र में निजी स्कूलों के अहम भूमिका है निजी स्कूलों के ग्रामीण क्षेत्र में और गली मोहल्ले के पिछले क्षेत्रो में प्रतिभाएं छुपी होती है जिन्हें निखारने की आवश्यकता है प्रति स्पर्धा से ही बच्चों का सर्वांगीण विकास संभव होता है। कार्यक्रम में कुमारी छवि कनिका मानवी माही वर्णिका आरुषि आरोही अरसू परिधि अवनी रिया आकांशा वंशिका कनिका सिमरन माही विद्वान शौर्य राघव कार्तिक आदि बच्चों ने मनमोहक प्रस्तुतियां दी।

कार्यक्रम में सादिया श्रुति चौहान दिव्या कांबोज नेहा कांबोज विशाखा महकहारा सिंह सुभाष आदि का विशेष सहयोग रहा। विशिष्ट अतिथियों में महिला जिला अधयक्षा श्रीमती उमा बाटला जिला अध्यक्ष के पी सिंह श्री अरुण कुमार जैन हंस कुमार महामंत्री नरेश वर्मा आदि रहे।

इस मौके पर नितिन मदनपाल विपिन परवीन शेखर अनुज मनोज अशोक कुमार कुलश्रेष्ठ रूबी सरिता डॉ राहुल सिंह रितु राजेंद्र कौर आदि की उपस्थिति सराहनीय रही। अंत में आए अतिथियों का प्रधानाचार्य मास्टर सुभाष कुमार ने आभार व्यक्त किया। संचालन कुमारी प्राची विश्वकर्मा ने किया।

# कोर्ट से गैर हाजिर वारंटी पकड़े

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** एस एस पी आशीष तिवारी के निर्देशन में कोतवाली बेहट पुलिस द्वारा न्यायालय से गैर हाजिर चल रहे वारंटियों की धपकड़ अभियान के अंतर्गत

पुलिस ने दो वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सतपाल सिंह भाटी ने बताया कि पुलिस ने गश्त के दौरान मुखबिर की सूचना पीटी ग्राम ताजपुरा निवासीगण मुजस्सिम पुत्र मंजूर व मुजम्मिल पुत्र मंजूर दो अलग-अलग मुकदमों में अदालत से गैर हाजिर चल रहे थे उनके घरों पर दबिश देकर गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरियों को न्यायालय में पेश किए हैं।

आरोपितों को गिरफ्तार करने वाली टीम में लंढौरा पुलिस चौकी इंचार्ज उपनिरीक्षक अरुण कुमार,उपनिरीक्षक बच्चू सिंह कास्टेबल संजू सेम शामिल रहे।

# भाजपा राज में किसान खुशहालः निम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** विधायक देवेंद्र निम ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार किसानों की हित के लिए अनेक योजनाएं चला रही है ताकि किसान खुशहाल जीवन जिएं।

खण्ड विकास कार्यालय परिसर में आयोजित कृषि निवेश मेला एवं कृषक गोष्ठी का आयोजन किया गया।जिसमें कृषि वैज्ञानिकों ने किसानों को फसलों की अधिक पैदावार की विस्तृत जानकारी दी।कृषि वैज्ञानिकों ने बाजरा,मूंग आदि उन्नत प्रजातियों व कीट व बीमारियों व उनसे बचाव के बारे में बताया।कृषि विभाग द्वारा विभिन्न स्टालों के माध्यम से कृषि निवेश व सरकार की लाभकारी योजनाओं की जानकारी दी।संबोधित करते हुए विधायक देवेंद्र निम ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार किसानों के हित के अनेक योजनाएं चला रही हैं ताकि किसानों को अपनी फसलों का उचित मूल्य मिले।उन्होंने कहा कि किसानों को अन्नदाता कहा जाता है इसलिए किसानों का खुशहाल होना जरूरी है।उन्होंने कहा कि किसानों की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर कराया जा रहा है।

इस दौरान संजय चेयरमैन, बिरम सिंह,अक्षय पँवार,प्रवीण सैनी, विकास चौधरी सहित काफी संख्या में किसान व कृषि विभाग के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

# संगम स्थल पर मैन पावर बढ़ाने के निर्देश



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** नगरायुक्त एवं स्मार्ट सिटी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी(सीईओ) शिपू गिरि ने आज स्मार्ट सिटी एवं निगम अधिकारियों के साथ पांवधोई एवं ढमोला नदी के संगम स्थल के निकट निर्मित की जा रही रिटेनिंग वॉल परियोजना का निरीक्षण किया। कार्य की धीमी गति पर उन्होंने कार्यदायी संस्था को मैन पावर बढ़ाते हुए कार्य जल्दी पूरा करने के निर्देश दिए।

ज्ञात हो कि स्मार्ट सिटी के तहत ढमोला नदी के निकट पांवधोई नदी की बायी पटरी को घण्टाघर-देहरादून चौक वाली रोड से जोड़ने के लिए एक पुल निर्माण किया जा रहा है। पुल निर्माण स्थल पर अतिक्रमण के कारण काफी दिनों तक कार्य बाधित रहा था। अतिक्रमण हटवाने के बाद अब रिटेनिंग वाल का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। इसी रिटेनिंग वाल के निर्माण कार्य का निरीक्षण करने आज नगरायुक्त/ सीईओ शिपू गिरि उक्त निर्माण स्थल पहुंचे थे। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यदायी संस्था के परियोजना प्रबंधक से स्थलीय जानकारी के साथ ही मैप पर भी विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने थर्ड पार्टी क्यू.सी.आई. की टीम से कार्य गुणवत्ता की गहन जाँच कराने के भी निर्देश दिए। मौके पर पर्याप्त श्रमिक न मिलने पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त की और स्पष्ट कहा कि यदि कार्य निर्धारित समय सीमा तक पूरा नहीं हुआ तो समयावधि में वृद्धि स्वीकृत नहीं की जाएगी। उन्होंने श्रमिकों की संख्या बढ़ाते हुए शीघ्र कार्य पूरा कराने पर जोर दिया। इस दौरान मुख्य अभियंता निर्माण सुरेश चंद, महाप्रबंधक (सिविल) दिनेश सिंघल, परियोजना समन्वयक शिवेंद्र प्रकाश सहित स्मार्ट सिटी के अनेक अधिकारी एवं कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# प्रभारी निरीक्षक को किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** सुल्तानपुर नगर पंचायत के भूत पूर्व चेयरमैन इस्माईल हुसैन त्रिमीजी के पुत्र व शिया समुदाय अंजुमन कमेटी के सदर अली इमाम उर्फ प्रिंस ने क्षेत्र में बेहतर कानून व्यवस्था बनाये रखने को लेकर थाना प्रभारी निरीक्षक संजीव कुमार को फूलमाला पहनाकर सम्मानित किया है।

शनिवार को थाना पहुंचे सदर अली इमाम उर्फ प्रिंस ने थाना प्रभारी का गर्मजोशी से स्वागत किया। इसके उपरांत उन्होंने थाना प्रभारी को फूलमाला पहनाकर सम्मानित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि थाना प्रभारी संजीव कुमार के चार्ज सम्भालने के बाद से क्षेत्र में होने वाली आपराधिक घटनाओं खासकर चोरी की घटनाओं में कमी आई है। जहां नगर की शांति व सुरक्षा व्यवस्था बेहतर बनी है।

# चैलेन्जर का सहारनपुर प्रीमियर लीग पर कब्जा



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** सहारनपुर प्रीमियर लीग के फाइनल मुकाबले में चेलेंजर ने सहारनपुर रॉकर्स को पांच रन से पराजित कर जीत हासिल की।

सहारनपुर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वाधान में भूतेश्वर इंटर कॉलेज मैदान पर आयोजित फाइनल मुकाबले में टॉस जीतकर रॉकर्स ने पहले गेंदबाजी का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए चैलेंजर्स ने 16.1 ओवर में 188 रन बनाकर अपनी पारी समाप्त की। चौलेंजर्स की ओर से कैफ ने 67 रन, शाहनवाज ने 41 रन और प्रकाश ने 34 रन का योगदान दिया। रॉकर्स की ओर से तनिष्क पल और नोमान ने 3-3 विकेट जबकि प्रखर ने 2 विकेट लिए।

रनों का पीछा करने उतरी रॉकर्स की टीम 19.5 ओवर में 183 रन पर ऑल आउट हो गई और चैलेंजर्स ने यह मैच 5 रनों से जीत लिया। रॉकर्स की ओर से युनुस और सागर ने 32-32 रन, कृष्ण ने 29 रन बनाए। गेंदबाजी में यश ने 3 विकेट जबकि वंश और शाहनवाज ने 2-2 विकेट लिए। फाइनल मैच का मैन ऑफ द मैच कैफ को चुना गया। टूर्नामेंट में प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट मो. अजमल, बेस्ट बैट्समैन शाहनवाज मलिक, बेस्ट बोलर नोमान राणा और बेस्ट फील्डर कृष्ण वर्मा रहे।

एसडीसीए के चेयरमैन मो. अकरम ने विजेता टीम को बधाई दी और टूर्नामेंट की सफलता पर शुभकामनाएं दी। फाइनल मुकाबले के मुख्यातिथि थाना मंडी प्रभारी रोजन त्यागी रहे। इस मौके पर एसडीसीए के संरक्षक अमर गुप्ता, अध्यक्ष राजीव गुप्ता, साजिद उमर, यूपीसीए सदस्य एपेक्स काउंसिल, परविंदर सिंह, पाली कालरा, मीडिया प्रभारी सैय्यद मशकूर, मो. अमजद, ज्वाइंट सेक्रेट्री महेश शर्मा, विनय जैन, राहुल शर्मा, सूरज सचद. ेवा, कमल सचदेवा, जयराम गौतम, अवनीश सैनी, अमित सैनी, राहुल कालरा, मो. फरीद, फैयाज आलम, अवनीश मंडोलिया, राजीव गोयल, रणधीर कपूर, अर्जुन सिंह, आयुष चौधरी, राव मुजीब, तनवीर खान, रोि. हत, अक्षय चौहान सहित कई लोग उपस्थित रहे।

# ट्रम्प चौथी बार फंडिंग बिल पास कराने में फेल

## अमेरिका में लगातार चौथे दिन भी शटडाउन जारी, डेमोक्रेट्स समर्थन देने को राजी नहीं हो रहे

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प लगातार चौथी बार फंडिंग बिल पास नहीं करा पाए। इस वजह से देश में लगातार चौथे दिन भी शटडाउन जारी है। संसद के ऊपरी सदन (सीनेट) में ट्रम्प की रिपब्लिकन पार्टी के फंडिंग बिल को 54 वोट मिले, जबकि इसे 60 वोट की जरूरत थी। वोटिंग के बाद विपक्षी डेमोक्रेट्स सांसद हाल छोड़कर चले गए।

दरअसल, डेमोक्रेट्स चाहते हैं कि कोविड के समय दी गई टैक्स क्रेडिट्स (हेल्थ केयर सब्सिडी) बढ़ाई जाए। जिससे लाखों अमेरिकियों को सस्ता स्वास्थ्य बीमा मिल सके। अमेरिका में मंगलवार को वोटिंग के बाद बुधवार से शटडाउन लागू हुआ था। यहां, सरकारी संस्थान फिलहाल बंद हैं। एनबीसी के मुताबिक, सीनेट में सोमवार से पहले कोई वोटिंग नहीं करेगा। हाउस ऑफ रिप्रजेंटेटिव्स (निचला सदन) में भी अगले हफ्ते की सभी वोटिंग 14 अक्टूबर तक के लिए रद्द हो चुकी है। यानी अब अमेरिका में 14 अक्टूबर तक शटडाउन जारी रहने की आशंका है। वहीं, अमेरिकी सरकार ने करीब साढ़े 7 लाख सरकारी कर्मचारियों को छुट्टी (फरलो) पर भेज दिया गया है। इनमें से 3 लाख की छंटनी भी हो सकती है। 100 सदस्यों वाली सीनेट में 53 रिपब्लिकन और 47 डेमोक्रेट हैं। 2 निर्दलीय सांसद बिल का समर्थन कर चुके हैं। रिपब्लिकन पार्टी के लिए डेमोक्रेट्स का समर्थन जरूरी है, लेकिन फिलहाल वे बिल के पक्ष में वोट देने को राजी नहीं हैं। रपब्लिनक नेता जान थ्यून का आरोप है कि डेमोक्रेट्स ने कट्टर समर्थकों के दबाव में आकर सरकार को बंद कर दिया। सेना, बार्डर एजेंट और एयर ट्रैफिक कंट्रोलर बिना वेतन काम कर रहे हैं। वहीं डेमोक्रेट नेता चक शूमर कह चुके हैं कि ट्रम्प अमे. रिका के हेल्थ केयर प्रोग्राम को सिक्योर करने से इन्कार कर रहे हैं और शटडाउन के लिए जिम्मेदार हैं। सरकार का खुला रहना पूरी तरह डेमोक्रेट्स के हाथ में था। फंडिंग बिल पास होता तो शटडाउन टल सकता था।

वाशिंगटन में सरकारी शटडाउन के बाद नेशनल आर्काइव्स के सामने ब्सवेम का बोर्ड लगा है। अमेरिका में सरकार को हर साल अपना बजट पास कराना पड़ता है। अगर संसद बजट पर सहमत नहीं होती, तो फंडिंग बिल पास नहीं होता और सरकार को मिलने वाला पैसा रुक जाता है। इस वजह से कुछ सरकारी विभागों और सेवाओं को पैसे नहीं मिलते। गैर-जरूरी सेवाओं को बंद कर दिया जाता है। इसे ही सरकारी शटडाउन कहा जाता है। रिपब्लिकन पार्टी सीनेट में आज देर रात एक बार फिर से फंडिंग बिल पर वोट कराने की तैयारी में है। रिपब्लिकन नेताओं ने कहा है कि जब तक डेमोक्रेट्स बिल को समर्थन नहीं देंगे, तब तक इस बिल को रोजाना पेश किया जाएगा। ट्रम्प ने इस शटडाउन के लिए डेमोक्रेट्स को जिम्मेदार ठहराया है। वे पहले ही सरकारी कर्मचारियों को नौकरी से निकालने की धमकी दे चुके है।



■ अमेरिका में मंगलवार को वोटिंग के बाद बुधवार से शटडाउन लागू हुआ था
■ एनबीसी के मुताबिक, सीनेट में सोमवार से पहले कोई वोटिंग नहीं करेगा

## ट्रम्प बांग्लादेश में एंट्री के लिए बेताब

■ अमेरिकी राष्ट्रपति का सेंट मार्टिन द्वीप पर रिसार्ट बनाने का प्लान विदेशियों के लिए स्पेशल जोन होगा

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प अब बांग्लादेश में एंट्री की तैयारी में हैं। ट्रम्प ने बांग्लादेश के पूर्वी सेंट मार्टिन द्वीप में रिसार्ट (रिवेरा) निर्माण का प्लान बनाया है। यहां पर विदेशियों के लिए स्पेशल जोन बनेगा। सूत्रों के अनुसार हाल में बांग्लादेश सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस ने न्यूयॉर्क में ट्रम्प के साथ मुलाकात की थी। इसमें सेंट मार्टिन द्वीप के बारे में चर्चा हुई थी। यूनुस ने ट्रम्प के एशिया क्षेत्र के विशेष सलाहकार सर्गियो गोर से भी मुलाकात की थी। इसमें भी सेंट मार्टिन के बारे में बातचीत हुई और इस द्वीप को अमेरिका को रिसार्ट के रूप में विक. सित करने के पहलुओं को अंतिम रूप दिया गया। द्वीप को लीज पर देगी बांग्लादेश की अंतरिम सरकार बताया जाता है कि सेंट मार्टिन द्वीप को बांग्लादेश की अंतरिम सरकार पहले लीज पर देगी। ये लीज 99 साल की होने वाली है। इस संबंध में बांग्लादेश और अमेरिकी सरकार के बीच घोषित और अघोषित करार हुए हैं।



उत्तर प्रदेश। वाराणसी में बारिश के बाद जलभराव वाले क्षेत्र से गुजरते लोग।

## अमेरिका में भारतीय छात्र की हत्या, गैस स्टेशन पर अज्ञात हमलावर ने गोली मारी

**वाशिंगटन।** अमेरिका के डलास में 27 साल के भारतीय छात्र चंद्रशेखर पोल की गोली मारकर हत्या कर दी गई। हैदराबाद के रहने वाले चंद्रशेखर शुक्रवार रात एक गैस स्टेशन पर काम कर रहे थे, तभी एक अज्ञात हमलावर ने उन पर गोली चला दी। चंद्रशेखर 2023 में हैदराबाद से पढ़ने के लिए अमेरिका गए थे। उन्होंने वहां डेंटल सर्जरी में बैचलर डिग्री पूरी की थी और छह महीने पहले मास्टर्स की पढ़ाई खत्म की थी। वे गैस स्टेशन पर पार्ट टाइम काम कर रहे थे। चंद्रशेखर के परिवार ने उनका शव भारत लाने के लिए सरकार से मदद मांगी है। शनिवार को ठंे विधायक सुदेश रेड्डी और पूर्व मंत्री टी. हरीश राव ने हैदराबाद में उनके परिवार से मुलाकात की। राव ने ऑनलाइन पोस्ट में कहा: चंद्रशेखर के माता-पिता का दर्द देखकर मेरा दिल दहला गया। उन्होंने सरकार से तुरंत कदम उठाने की मांग की।

## संक्षिप्त समाचार

### गुटेरेस ने फ्रेज़यिर को किया अपना विशेष प्रतिनिधि नियुक्त

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने शुक्रवार को माल्टा की वैनेसा फ्रेज़यिर को बच्चों और सशस्त्र संघर्ष के लिये अपना विशेष प्रतिनिधि नियुक्त किया। संरा की ओर से विज्ञप्ति के मुता. बिक फ्रेज़यिर ने अर्जेंटीना की वर्जीनिया गाम्बा की जगह लेंगी। गुटेरेस ने संयुक्त राष्ट्र के प्रति उनकी समर्पित सेवा और प्रतिबद्धता के लिए गाम्बा के प्रति आभार व्यक्त किया है।

### फ्रांस के नीस में गोल. ीबारी में दो की मौत

**नीस।** फ्रांस के नीस में मादक पदार्थ से जुड़े तस्करों के बीच हुई गोलीबारी में दो लोग मारे गए हैं और पांच अन्य घायल हुए हैं। स्थानीय अधिक. ारियों ने यह जानकारी दी। यह घटना शुक्रवार रात नीस के लेस मौलिस नेबरहुड में हुई है। आल्प्स-मैरीटाइम्स विभाग ने एक्स पर एक बयान में कहा कि नीस के मौलिग जिले में शुक्रवार शाम गोलीबारी हुई। इसमें दो लोगों की मौत और पांच लोग घायल हो गए हैं, जिनमें से दो की हालत नाजुक है। पुलिस अधिकारी और अग्निशमन कर्मी मौके पर हैं और उन्होंने घटनास्थल को सुरक्षित कर लिया है।

### रूस: ज्वालामुखी में 9.2 किलोमीटर ऊंची राख के गुबार उठे

**व्लादिवोस्तोक।** रूस के कामचटका प्रायद्वीप पर क्रोनोट्स्की ज्वालामुखी में शनिवार को समुद्र तल से 9.2 किलोमीटर की ऊंचाई तक राख के गुबार उठते हुए दिखाई दिए। कामचटका ज्वालामुखी विस्फोट प्रतिक्रिया दल ने अपने टेलीग्राम चैनल पर बताया कि राख का उत्सर्जन स्थानीय समयानुसार सुबह 11:50 बजे हुआ, जिससे ज्वालामुखी के दक्षिण और दक्षिण-पूर्व में लगभग 85 किलोमीटर तक राख का गुबार फैल गया।

### चीन में मातमो तूफान को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी

**बीजिंग।** चीन की राष्ट्रीय वेधशाला ने टाइफून मातमो तूफान को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया। चीन में तूफानों के वर्गीकरण के चार-स्तरीय सिस्टम में दूसरा सबसे बड़ा स्तर ऑरेंज अलर्ट है। यह इस साल चीन में आने वाला 21वां तूफान है और देश के दक्षिणी तट की ओर बढ़ रहा है। राष्ट्रीय मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार शनिवार सुबह पांच बजे 18 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 117.7 डिग्री पूर्वी देशांतर पर देखा गया यह तूफान 25-30 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ रहा है।

## नेपाल के राजनीतिक उथल-पुथल से उत्तराखंड के एक अफसर बेचैन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**काठमांडू।** नेपाल में सत्ता की उथल-पुथल में भारत के कुछ आला अफसरान के पैसे डूबने की चर्चा काठमांडू में जोरो पर है।

बताया जाता है कि भ्रष्टाचार के जरिए कमाए गए अकूत धन को यहां टूरिस्ट और होटल व्यवसाय में खपाया गया था। जेन जी आंदोलन में सबसे ज्यादा प्रभावित नेपाल का होटल और टूरिस्ट व्यवसाय ही हुआ है। इस तरह की चर्चा में कई अफसरों के नाम सामने आ रहे हैं जिसमें उत्तराखंड के एक बड़े अफसर और उनकी डाक्टर पत्नी का नाम भी चर्चा में है। इस अफसर पर खेती पानी महकमे में रहते गंभीर आरोप लग चुके हैं। इस तरह कई महकमों में उच्च पदों से होते हुए यह अफसर इन दिनों सेहत से जुड़े महकमे के आला अफसर हैं। इनकी पत्नी कहने को डाक्टर हैं लेकिन वे डाक्टरी छोड़ एनजीओ चलाती हैं। अफसर महोदय का हाल यह है कि वे जिस विभाग में रहते हैं वहां सरकारी धन के लूट खसोट का रास्ता तलाश ही लेते हैं। दरअसल यही उनके सरकारी धन की लूट का माध्यम है। इस अफसर की मदद तथाकथित मीडिया से जुड़े कुछ गोदी पत्रकार भी करते हैं। सेहत महकमे के यह उच्च पदा. धिकारी अपनी पत्नी के एनजीओ के मार्फत अवैध धन का हेर फेर करते हैं। नेपाल के टूरिस्ट और होटल व्यवसाय में भी इनके काले धन के निवेश की चर्चा है।

बताते हैं कि नेपाल में राजनीतिक उथल-पुथल से तमाम भारतीय निवेशकों के पैसे डूबने की आशंका है, ऐसे में वे काठमांडू में अपने संपर्कों के जरिए लगातार इस धन को बचाने व वापसी की जुगत लगा रहे हैं। उत्तराखंड की यह तो मो. हतरमा भी खासा परेशान हैं। उत्तराखंड के इमानदार मुख्यमंत्री के रहते यह सब चल रहा है। सत्ता के इर्द-गिर्द रहकर ऐसे अफसर एक इमानदार छवि वाले मुख्यमंत्री को फजीहत उत्तराखंड से लेकर नेपाल तक करा रहे हैं।

■ भ्रष्टाचार के जरिये कमाए गए अकूत धन को यहां टूरिस्ट और होटल व्यवसाय में खपाया गया था
■ जेन जी आंदोलन में सबसे ज्यादा प्रभावित नेपाल का होटल और टूरिस्ट व्यवसाय ही हुआ

# पीओके में झुकी पाकिस्तान सरकार

## प्रदर्शनकारियों की अधिकतर मांगें मानी, समझौते पर किए हस्ताक्षर

**मुजफ्फराबाद।** पीओके में प्रदर्शनकारियों ने पाकिस्तान की शहबाज शरीफ सरकार को झुका दिया है। पाकिस्तान सरकार ने प्रदर्शनकारियों की अधिकतर मांगें मान ली हैं और समझौते पर हस्ताक्षर कर दिए हैं।

इसके साथ ही पीओके में बीते कई दिनों से चल रहे हिंसक विरोध प्रदर्शन बंद हो गए। पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में बीते कई दिनों से हिंसक विरोध प्रदर्शन हो रहे थे, जिनमें कम से कम 10 लोगों की मौत हो गई और सैंकड़ों घायल हुए। शनिवार को पाकिस्तान की संघीय सरकार और प्रदर्शनकारियों के बीच विरा. ेध प्रदर्शनों को समाप्त करने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए। इस समझौते के तहत पाकिस्तान सरकार ने प्रदर्शनकारियों की कई मांगें मान ली हैं। पीओके में बिगड़ते हालात को देखते हुए पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने प्रदर्शनकारियों से बातचीत के लिए एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल को मुजफ्फराबाद भेजा। पूर्व प्रधानमंत्री राजा परवेज अशरफ के नेतृत्व में इस प्रतिनिधिमंडल ने लगातार दो दिनों तक गहन चर्चा की, जो बीती रात को समाप्त हुई। संसदीय कार्य मंत्री तारिक फजल चौधरी ने सोशल मीडिया पर घोषणा की कि दोनों पक्षों के बीच समझौता हो गया है। उन्होंने लिखा कि प्रतिनिधिमंडल ने जम्मू कश्मीर संयुक्त अवामी एक्शन कमेटी (जेकेजेएसी) के साथ अंतिम समझौते पर हस्ताक्षर कर दिए हैं। प्रदर्शनकारी अपने घरों को लौट गए हैं। सभी सड़कें फिर से खोल दी गई हैं। यह शांति की जीत है। विरोध प्रदर्शन समाप्त करने के लिए 25 बिंदुओं वाले एक समझौता दस्तावेज पर हस्ताक्षर किए गए, जिसमें पाकिस्तान सरकार हिंसा में मारे गए लोगों के लिए मुआवजा देगी, हिंसा की घटनाओं के लिए आतंकवाद के मामले दर्ज किए जाएंगे, जिनमें प्रदर्शनकारी मारे गए। शरीफ सरकार ने पीओके के मुजफ्फराबाद और पुंछ संभागों के लिए दो अतिरिक्त इंटरमीडिएट और माध्यमिक शिक्षा बोर्ड स्थापित करने पर भी सहमति व्यक्त की। स्थानीय सरकार मरीजों के मुफ्त इलाज के लिए 15 दिनों के भीतर स्वास्थ्य कार्ड के लिए धनराशि जारी करेगी और संघीय सरकार द्वारा पीओके के प्रत्येक जिले में चरणबद्ध तरीके से एमआरआई और सीटी स्कैन मशीनें उपलब्ध कराई जाएंगी।



■ पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में बीते कई दिनों से हिंसक विरोध प्रदर्शन हो रहे थे

## अमेरिका बलूचिस्तान के पसनी में पोर्ट बनाए: पाक

### पोर्ट से खनिजों तक पहुंच आसान होगी, प्रस्तावित पोर्ट चीन के ग्वादर पोर्ट से सिर्फ 112KM दूर

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तानी सेना प्रमुख आसिम मुनीर के सलाहकारों ने अमेरिका से बलूचिस्तान में एक पोर्ट डेवलप करने का प्रस्ताव शेयर किया है। पाकिस्तान चाहता है कि अमे. रिकी निवेशक बलूचिस्तान के पसनी शहर में अरब सागर के किनारे एक नया पोर्ट डेवलप करके चलाएं। प्रस्ताव में साफ कहा गया है कि यह बंदरगाह सिर्फ व्यापार और खनिजों के लिए है। अमेरिका को यहां सैन्य बेस बनाने की इजाजत नहीं होगी। पासनी, ग्वादर पोर्ट (चीन का बंदरगाह) से सिर्फ 112 किमी दूर है। यह बंदरगाह अमे. रिका को पाकिस्तान के महत्वपूर्ण खनिजों जैसे तांबा और एंटीमनी तक आसान पहुंच देगा। इस प्रस्ताव के तहत एक नई रेल लाइन भी बनेगी जो इस बंदरगाह को पश्चिमी प्रांतों से जोड़ेगी। इसकी लागत करीब 1.2 अरब डालर (11 हजार करोड़ रुपये) हो सकती है। अमेरिकी विदेश विभाग, व्हाइट हाउस या पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने अभी तक इस पर कोई आधिका. रिक बयान नहीं दिया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह प्रस्ताव पाकिस्तान के लिए आर्थिक फायदा ला सकता है, लेकिन रीजन में चीन, ईरान और अफगानिस्तान के साथ तनाव बढ़ सकता है। यह प्रस्ताव सितम्बर में पाकिस्तानी पीएम शहबाज शरीफ, आसिम मुनीर और ट्रम्प की बैठक के बाद दिया गया है। व्हाइट हाउस में हुई इस बैठक में शरीफ ने ट्रम्प से पाकिस्तान के एग्रीकल्चर, तकनीक, माइनिंग और एनर्जी प्रोजेक्ट में इन्वेस्ट करने की अपील की थी। मुलाकात के दौरान सेना प्रमुख आसिम मुनीर ने ट्रम्प से पाकिस्तान के रेयर अर्थ मिनरल्स से भरा एक ब्रीफकेस भी दिखाया था। इसी साल मई में भारत के ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान और अमेरिका के रिश्तों में काफी मजबूत हुए हैं। ट्रम्प ने 10 मई को दोनों देशों के बीच सीजफायर कराने का दावा किया था, पाकिस्तान ने इस दावे का सपोर्ट किया और ट्रम्प को नोबेल के लिए नामिनेट भी किया। वहीं, जून में पाकिस्तान सेना प्रमुख आसिम मुनीर ने ट्रम्प से सीक्रेट मुलाकात की थी। इसके बाद सितम्बर में शहबाज शरीफ और मुनीर ने व्हाइट हाउस में ट्रम्प के साथ बैठक की थी, इस बैठक में शरीफ ने ट्रम्प को शांति दूत कहा था।



## जापान में साने तकाइची पहली महिला प्रधानमंत्री बनेंगी

### देश में रानी के शासन के खिलाफ, चीन विरोधी है तकाइची

**टोक्यो।** जापान को पहली बार महिला प्रधानमंत्री मिलने जा रही है। सत्ताधारी लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी (एलडीपी) ने पूर्व आर्थिक सुरक्षा मंत्री साने ताकाइची को नया अध्यक्ष चुना है। जापान में बहुमत वाली पार्टी का अध्यक्ष ही पीएम बनता है।

ऐसे में लगभग तय है कि वह अगली प्रधानमंत्री बनेंगी। ताकाइची पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे की करीबी मानी जाती हैं। शिंजो जापान में सबसे लंबे समय तक पीएम रहे थे। उन्हें चीन विरोधी नेता माना जाता है। ताक. ाइची देश में पुरुष राजा के शासन की समर्थक हैं, साथ ही रानी के पद संभालने और शासन करने के खिलाफ हैं। इन्होंने 2004 में साथी सांसद ताकू यामामोटो से शादी की। जुलाई 2017 में राजनीतिक मतभेदों के चलते अलग हो गए। इसके बाद 2021 में फिर साथ आ गए। अध्यक्ष घोषित होने के बाद ताकाइची का तालियां बजाकर स्वागत किया गया। ताकाइची ने पूर्व प्रधानमंत्री जुनिचिरो कोइजुमी के बेटे को हराकर चुनाव जीता। कोइजुमी अभी देश के कृषि मंत्री हैं। ताक. ाइची को पीएम बनाने के लिए जल्द ही संसद में वोटिंग होगी। ताकाइची पीएम शिगेरु इशिबा की जगह लेंगी। जुलाई में हुए ऊपरी सदन के चुनाव में पार्टी को हार का सामना करना पड़ा था। इसके बाद पार्टी में इशिबा का विरोध बढ़ गया था। एलडीपी ने ताकाइची को ऐसे समय में चुना है जब देश में लोग महंगाई से नाराज हैं और विपक्षी पार्टियों का समर्थन करने लगे हैं। पार्टी को उम्मीद है कि वे जनता का समर्थन हासिल करेंगी और सत्ता में बनी रहेंगी। चुनाव के पहले फेज में किसी नेता को पूर्ण बहुमत नहीं मिला।



■ एक ही सांसद से दो बार शादी की

## ईरान ने दी छह कैदियों को फांसी

■ इजरायल के लिए हमले का आरोप

**तेहरान।** ईरान ने शनिवार को छह कैदियों को मौत की सजा दी। इन पर आरोप था कि उन्होंने देश के तेल-समृद्ध दक्षिण- पश्चिमी क्षेत्र में इजरायल के लिए हमले किए।

ये कैदी इस साल के बढ़ते हुए फांसी के मामलों में शामिल हैं, जिसे दशकों में सबसे अधिक माना जा रहा है। ये फांसी जून में 12 दिनों तक चले ईरान-इजरायल युद्ध के बाद दी गई हैं, जिसमें तेहरान ने अपने दुश्मनों को देश में और बाहर निशाना बनाने की चेतावनी दी थी। हालांकि, मानवाधिकार कार्यकर्ता चेतावनी देते हैं कि ईरान अक्सर अपने मृत्युदंड के मामलों में खासकर इजरायल से जुड़े मामलों में, जबरन लिए गए बयान और बंद कमरे में सुनवाई का सहारा लेता है। ईरान ने कहा कि इन लोगों ने पुलिस अधिकारियों और सुरक्षा बलों की हत्या की और ईरान के अशांत खुजस्तान प्रांत के खोर्रमशहर के आसपास के ठिकानों को निशाना बनाकर बम विस्फोटों की योजना बनाई। उनके नाम तुरंत पहचाने नहीं जा सके और ईरानी सरकारी टेलीविजन ने हमलों के बारे में बात करते हुए एक व्यक्ति का फुटेज प्रसारित किया, जिसमें कहा गया कि यह पहली बार है जब विवरण सार्वजनिक किए जा रहे हैं। खुजस्तान की अरब आबादी लंबे समय से ईरान की केंद्र सरकार द्वारा भेदभाव की शिकायत करती रही है, और विद्रोही समूहों ने निम्न-स्तरीय विद्रोह के तहत वहां तेल पाइपलाइनों पर हमले किए हैं।

# हमास गाजा पर कब्जा छोड़ेगा, बंधक रिहा होंगे

## ट्रम्प की धमकी के बाद सीजफायर पर राजी, कल विरोध के बाद आज पाक भी सपोर्ट में

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प की धमकी के 6 घंटे बाद हमास गाजा में सीजफायर को तैयार हो गया है। हमास ने ऐलान किया कि वह ट्रम्प के प्लान में बताए गए फार्मूले के मुताबिक सभी जिंदा और मुर्दा बंदियों को रिहा करने को तैयार है। साथ ही गाजा का प्रशासन छोड़ने को भी तैयार है।

हमास ने यह भी कहा कि राष्ट्रपति ट्रम्प की इस हफ्ते पेश की गई 20 पाइंट की पीस डील के कुछ हिस्सों पर बातचीत जरूरी है। अल जजीरा की रिपोर्ट के मुताबिक हमास की तरफ से जो जवाब आया है, उसमें हथियार छोड़ने का जिक्र नहीं किया गया है। हमास के ऐलान के बाद ट्रम्प ने इजरायल को तुरंत गाजा में हमले बंद करने को कहा है। वहीं, इजरायल ने कहा कि वह ट्रम्प के गाजा प्लान पर काम करने के लिए तैयार है। दूसरी तरफ पाकिस्तान भी कल इस सीजफायर प्लान का विरोध करने के बाद आज इसके के सपोर्ट में आ गया है। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने ट्रम्प के गाजा सीजफायर प्लान की तारीफ की है। उन्होंने शनिवार को सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि यह प्लान गाजा में चल रहे युद्ध को रो. कने की दिशा में एक बड़ा कदम है। शहबाज शरीफ ने लिखा: हम अब गाजा में युद्धविराम के बहुत करीब हैं। हमास के बयान ने शांति का एक रास्ता खोला है, जिसे हमें बंद नहीं होने देना चाहिए। पाकिस्तान फलस्तीन में शांति लाने के लिए काम करेगा। पाकिस्तानी पीएम का बयान इसलिए अहम है क्योंकि कल ही पाकिस्तानी विदेश मंत्री इशाक डार ने ट्रम्प के गाजा सीजफायर प्रस्ताव का खारिज कर दिया था। डार ने संसद में कहा था ट्रम्प का प्लान, हमारे प्रस्ताव के जैसा नहीं हैं। इसमें कुछ बदलाव किए गए हैं, जो हमारे मसौदे में थे। मेरे पास इसका रिकॉर्ड है। प्रधानमंत्री नेतन्याहू के ऑफिस ने बयान जारी कर रहा कि इजरायल ट्रम्प के प्लान के पहले चरण को लागू करने के लिए तैयार है।



■ हमास की तरफ से जो जवाब आया है, उसमें हथियार छोड़ने का जिक्र नहीं किया गया

## गाजा में संघर्षविराम और बंधकों की तत्काल रिहाई का आह्वान

**रोम।** इटली की पीएम जॉर्जिया मेलोनी ने गाजा में संघर्षविराम और बंधकों की तत्काल रिहाई का आह्वान किया है। मेलोनी ने ट्रंप की योजना पर हमास की प्रतिक्रिया पर टिप्पणी करते हुए कहा कि गाजा संघर्ष के समाधान में प्राथमिकता संघर्षविराम और उसके बाद बंधकों की रिहाई होनी चाहिए। मेलोनी ने सोशल मीडिया पर लिखा कि मैं गाजा के घटनाक्रम पर बारीकी से नजर रख रही हूं और पश्चिम एशिया में शांति लाने के राष्ट्रपति ट्रंप के प्रयासों का फिर से समर्थन करती हूं। अब सभी की प्राथमिकता एक ऐसे संघर्षविराम पर पहुंचने की होनी चाहिए जिससे सभी बंधकों की रिहाई तत्काल संभव हो सके।



# रश्मिका और विजय की सगाई का दावा

## दोनों के परिवारों और करीबी दोस्तों की मौजूदगी में हुई रस्म, फरवरी में हो सकती है शादी

**मुंबई।** एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना और एक्टर विजय देवरकोंडा ने सगाई कर ली है, ऐसा दावा एक मीडिया रिपोर्ट में किया गया है। हालांकि, अभी तक इसको लेकर न तो एक्ट्रेस और न ही एक्टर की तरफ से कोई प्रतिक्रिया आई है और न ही इसकी आधिकारिक तौर पर पुष्टि की गई है। दावा किया गया है कि यह सगाई दोनों परिवारों और कलाकारों के केवल करीबी दोस्तों की मौजूदगी में हुई। विजय और रश्मिका लंबे समय से एक-दूसरे के करीब हैं। हालांकि, दोनों ने कभी अपने रिश्ते को आधिकारिक तौर पर स्वीकार नहीं किया और न ही सार्वजनिक रूप से इसके बारे में बात की। कपल के करीबी सूत्रों के अनुसार, वे अगले साल फरवरी में शादी के बंधन में बंध सकते हैं। इस संबंध में जल्द ही आधिकारिक घोषणा हो सकती है। रश्मिका मंदाना ने 2016 में कन्नड़ फिल्म किरिक पार्टी से अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत की, जो बाक्स आफिस पर हिट रही। इसके बाद उन्होंने अंजनी पुत्रा और चमक जैसी फिल्मों में भी काम किया। 2018 में उन्होंने तेलुगु फिल्म चालो से तेलुगु सिनेमा में कदम रखा, जो हिट रही। उसी साल आई गीता गो. विंदम ने उन्हें बड़ी पहचान मिली। इसके बाद उन्होंने देवदास, यजमाना, डियर कामरेड, भीष्म, सरिले नीकेव्वरु, पुष्पा द राइज और पुष्पा 2 द रूल जैसी फिल्मों में भी एक्टिंग की।

वहीं, बॉलीवुड में रश्मिका मंदाना ने एनिमल और छावा जैसी फिल्मों में काम किया है और वह सलमान खान की सिकंदर में भी नजर आई हैं। रश्मिका की अपकमिंग फिल्मों में थामा और काकटेल 2 शामिल हैं। वहीं, विजय देवरकोंडा ने 2011 में रवि बाबू द्वारा निर्देशित रोमांटिक कामेडी फिल्म नुव्विला से अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत की। इसके बाद उन्होंने लाइफ इज ब्यूटीफुल (2012) और एवड़े सुब्रमण्यम (2015) जैसी फिल्मों में छोटे रोल प्ले किए। लीड रोल के तौर पर उनकी पहली फिल्म श्पेली चूपुलुश 2016 में आई, जो हिट रही। इसके बाद उन्होंने 2017 में द्वारका और फिर अर्जुन रेड्डी में एक्टिंग की। जिससे उन्हें खास पहचान मिली।

# आलोचनाओं ने मुझे और ज्यादा प्रेरित किया: भूमि



**सिंगापुर।** भूमि पेडनेकर का कहना है कि आलोचनाओं ने उन्हें और ज्यादा प्रेरित किया है। मिल्केन इंस्टीट्यूट के 12वें एशिया समिट में दुनियाभर के बड़े लीडरों के बीच, बॉलीवुड अभिनेत्री भूमि पेडनेकर ने अपनी निजी कहानी, हिम्मत और जम्मिेदारी की बात से सबको प्रभावित किया। भूमि पेडनेकर ने बताया कि जब वह अभिनेत्री बनने का सपना देखती थी, तो उन्हें परदे पर अपनी तरह की महिलाएं नही दिखती थी। उन्होंने कहा, मुझे हमेशा से पता था कि मैं एक कलाकार बनना चाहती हूं, लेकिन बड़े होते हुए मुझे परदे पर अपने जैसी लड़कियां नही दिखी। जब भी मैंने लोगों को अपने सपने के बारे में बताया, तो वे मुझ पर हंसे। उन आलोचनाओं ने मुझे और जडादा प्रेरित किया और मैंने सोचा, मैं उन्हें दिखाउंगी। भूमि ने कहा कि उनकी पहली फिल्म दम लगा के हईशा ने उन्हें सिनेमा की असली ताकत दिखाई।

# युजवेंद्र चहल संग शादी पर धन्या का रिएक्शन

## बोलीं-शादी का कोई प्लान नहीं था, प्यार मिला तो कर ली थी



**मुंबई।** क्रिकेटर युजवेंद्र चहल की एक्स-वाइफ और कोरियोग्राफर धन्या वर्मा इन दिनों रियलिटी शो राइज एंड फाल में नजर आ रही हैं। शो में वह अक्सर पर्सनल लाइफ को लेकर खुलकर बात करती हैं। हाल ही में उन्होंने चहल से अपनी शादी और तलाक को लेकर बात की।

इस दौरान वह इमोशनल भी हो गईं। दरअसल, शो का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें धन्या वर्मा और अर्जुन बिजलानी आपस में बातचीत करते हुए नजर आ रहे हैं। इस दौरान अर्जुन धन्या से पूछते हैं क्या आपकी लव मैरिज थी? इस पर धन्या जवाब देती हैं, लव-अरेंज थी। शुरुआत अरेंज से हुई थी। वो बिना डेट किए शादी करना चाहते थे। मेरा कोई प्लान नहीं था शादी का। अर्जुन ने फिर पूछा, तो फिर आपने शादी क्यों की? धन्या ने जवाब देती हैं, मुझे प्यार दिया गया, जिससे मुझे लगा कि शादी कर लेती हूं। अगस्त में हमारा रोका हुआ था और दिसंबर में हमने शादी कर ली। इस दौरान मैं उनके साथ ट्रैवल भी करती थी। हम साथ रहते थे। तभी मैं थोड़े-थोड़े बदलाव देख रही थी। इस बातचीत के दौरान धन्या इमोशनल हो जाती हैं और उनकी आंखों से आंसू निकल आते हैं। अर्जुन बिजलानी उन्हें दिलासा देते हैं और उनके आंसू पोछते हैं। यह पहली बार नहीं था जब धन्या ने चहल के बारे में कुछ कहा हो। इससे पहले भी धन्या चहल पर गंभीर आरोप लगा चुकी हैं। उन्होंने दावा किया था कि शादी के सिर्फ दो महीने बाद ही उन्होंने अपने एक्स पति को धोखा देते हुए रंगे हाथों पकड़ लिया था। दरअसल, शो के एक सेगमेंट में वह डाइनिंग टेबल पर नाश्ते के दौरान एक्ट्रेस कुब्रा सैत से अपनी शादी को लेकर बात करती दिखीं। वीडियो में कुब्रा धन्या वर्मा से पूछती नजर आ रही हैं कि उन्हें पहली बार कब एहसास हुआ कि उनकी शादी युजवेंद्र चहल के साथ नहीं टिक पाएगी। इस पर धन्या ने जवाब दिया, पहले ही साल में शादी के दूसरे महीने में ही उन्हें रंगे हाथों पकड़ लिया था। वहीं, दोनों की बातचीत का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। बता दें कि क्रिकेटर युजवेंद्र चहल और धन्या वर्मा से शादी की दिसंबर 2020 में हुई। वहीं, जून 2022 में दोनों अलग हो गए।

# इंडियाज गाट टैलेंट में जज बनेंगे नवजोत सिंह सिद्धू

**मुंबई।** सोनी टीवी और सोनी लिव पर आज से इंडियाज गाट टैलेंट का नया सीजन शुरू हो रहा है। इस बार नवजोत सिंह सिद्धू, मलाइका अरोड़ा और शान जज की भूमिका में नजर आएंगे। संवाददाता से बातचीत में नवजोत सिंह सिद्धू ने अपने जीवन, अनुभवों और इस शो में प्रतिभाओं को देखने के अपने दृष्टिकोण के बारे में बात की। क्रिकेट में मेरा बल्ला बोला, कामेंट्री में मेरी आवाज ने लोगों तक पहुंच बनाई और राजनीति में मेरी वाणी ने असर डाला। लेकिन इंडियाज गाट टैलेंट के मंच पर दर्शक मुझे मेरे असली स्वरूप में देख पाएंगे। पहली बार ऐसा हुआ कि मैं मंच पर भावुक हो गया। यह मेरे लिए एक नया और बेहद गहरा अनुभव था। मंच हमेशा से मेरे लिए खास रहा है, लेकिन यह मंच मुझे सिर्फ दर्शकों से ही नहीं, बल्कि प्रतिभागियों की भावनाओं से भी जोड़ता है। यह आत्म-अनुशासन, त्वरित निर्णय और प्रेजेंस आफ माइंड का संगम है। आपके वन-लाइनर्स, शायरियां और संवाद इतने सहज और प्रभावशाली कैसे बनते हैं? यह भीतर की ऊर्जा और निरंतर अभ्यास का परिणाम है। मैं मानता हूं कि मन में अपार शक्ति होती है। जरूरत सिर्फ उसे पहचान. ने और सही दिशा में मोड़ने की होती है। कई बार एक ही पंक्ति में विचार, भावना और संदेश तीनों समा जाते हैं। यही है कम शब्दों में गहरी बात कहने की कला। शो की थीम दुनिया का सबसे बड़ा रोग- क्या कहेंगे लोग? इस पर आपकी राय क्या है? सबसे बड़ा रोग है दूसरों की राय और डर के जाल में फंस जाना। लोग हमेशा सोचते रहते हैं कि क्या कहेंगे। यही रोग हमें अपने असली स्वभाव और प्रतिभा से दूर करता है। इस शो में यही दिखाया गया है कि डर और चिंता से मुक्त होकर ही कोई अपना असली रूप दिखा सकता है। अजब हैं, गजब हैं थीम के बारे में आपका क्या कहना है? यह शो की प्रतिभाएं जो सामान्य सोच से अलग हैं, उन्हें दर्शाने का तरीका है। इन प्रतिभाओं को देखकर यही लगता है कि दुनिया में अद्भुत शक्ति हर किसी के भीतर है, बस उसे पहचानने वाली नजर चाहिए। आपके जीवन और अनुभवों ने इस शो पर कैसे असर डाला? मैंने अपने खान-पान, अनुशासन और ध्यान से अपने मन को नियंत्रित किया। अब दर्शक मुझे मंच पर एक शांत, केंद्रित और प्रेरित स्वरूप में देखेंगे। स्वामी विवे. कानंद ने मुझे सिखाया कि असली शक्ति भीतर होती है। किताबों में नहीं, अनुभव में है। मन को समझना और उसे नियंत्रित करना ही असली कला है।

# निखिल ने खोला बंदर के टाइटल के पीछे का राज

**मुंबई।** अभिनेता और निर्माता निखिल द्विवेदी ने ने अपनी आने वाली फिल्म फिल्म बंदर के अनोखे टाइटल के पीछे का राज बताया है। अनुराग कश्यप निर्देशित फिल्म बंदर/ मंकी इन ए केज का नाम सुनते ही लोगों में जिज्ञासा पैदा हो गई थी। ऐसे में निर्माता निखिल ने बताया है कि यह नाम फिल्म की तैयारी के दौरान अपने आप सामने आया था और वे इसे लगभग बदलने वाले थे। निखिल ने बताया कि मैंने बंदर नाम सजेस्ट किया था, और फिर खुद भी मैने इसके बारे में दो बार सोचा था। लेकिन तब तक अनुराग और बाकी सभी को यह नाम इतना पसंद आने लगा कि उन्होंने कहा, यही नाम रहेगा।

निखिल ने नायक की परेशानियों की बात करते हुए बताया है कि बंदर 'मनकी) का उदाहरण अपने आप सामने आया है। निखिल ने कहा, जब मैं किरदार का सघ्र देख रहा था, तो मैंने देखा कि उसको हर कोई मदारी की तरह इधर से उधर नचा रहा था। कई बार अनुराग ने अनजाने में कहा कि सिस्टम उसे एक बंदर की तरह नचा रहा है। और एक दिन उन्होंने यूं ही इसका घ्क्रि किया, तो मैंने कहा, हम टाइटल बंदर क्यों नही रख देते?

# रिया चक्रवर्ती को पांच साल बाद वापस मिला पासपोर्ट

## एक्ट्रेस ने फोटो शेयर कर लिखा दूसरे चैप्टर के लिए तैयार हूं



**मुंबई।** एक्ट्रेस रिया चक्रवर्ती को पांच साल बाद उनका पासपोर्ट वापस मिल गया है। यह पासपोर्ट उन्हें तब मिला जब हाल ही में बॉम्बे हाईकोर्ट ने उनके पक्ष में फैसला दिया। यह मामला दिवंगत एक्टर सुशांत सिंह राजपूत की मौत से जुड़ा था। जिनके साथ रिया रिलेशनशिप में थीं। रिया ने इंस्टाग्राम पर एक तस्वीर शेयर की, जिसमें वह एयरपोर्ट पर अपना पासपोर्ट पकड़े हुए दिखाई दे रही हैं।

उन्होंने लिखा, पिछले 5 सालों में धैर्य ही मेरा पासपोर्ट था। अनगिनत लड़ाइयां। अंतहीन उम्मीद। आज फिर मेरा पासपोर्ट मेरे हाथ में है। अब अपने चैप्टर 2 के लिए तैयार हूं। सत्यमेव जयते। सुशांत की मौत के बाद रिया को हिरासत में लिया गया था। सितम्बर 2020 में नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने उन्हें ड्रग केस में गिरफ्तार किया। पासपोर्ट जमा करने के बाद उन्हें जमानत मिली थी।

30 सितम्बर को बॉम्बे हाईकोर्ट ने एनसीबी को एक्ट्रेस का पासपोर्ट लौटाने का निर्देश दिया था। वकील अयाज खान के जरिए दायर अपनी एप्लिकेशन में, रिया ने दलील दी थी कि पासपोर्ट जमा होने के कारण रिया को प्रोजेक्ट्स में देरी हुई और कई प्रोजेक्ट्स मिस हुए हैं। मामले में रिया के वकील ने कहा था कि एक्ट्रेस ने जमानत की सभी शर्तों का पालन किया और कभी भी कोर्ट के आदेशों का उल्लंघन नहीं किया।

रिया की ओर से मामले में कहा गया था कि उनके प्रोफेशन के चलते शूटिंग, आडिशन और मीटिंग के लिए उन्हें अक्सर विदेश जाना पड़ता है। रिया ने सोनाली केबलश और जलेबी जैसी फिल्मों में काम किया है। वह टीवी शो एमटीवी रोडीज में भी नजर आई थीं। वहीं, एनसीबी ने एडवोकेट एस के हलवासिया के माध्यम से याचिका का विरोध किया था और तर्क दिया कि सेलिब्रिटी होने के कारण उन्हें विशेष सुविधा नहीं मिलनी चाहिए तथा चेतावनी दी थी कि उनके फरार होने का खतरा हो सकता है।

हालांकि, जस्टिस नीला गोखले ने कहा था कि मामले में अन्य आरोपियों को भी इसी तरह की छूट दी गई थी और उन्होंने कहा कि रिया चक्रवर्ती ने ट्रायल में सहयोग किया था। हर विदेश यात्रा के बाद वापस लौटीं और कभी भी जमानत की शर्तों का उल्लंघन नहीं किया। 7 अक्टूबर, 2020 को बॉम्बे हाईकोर्ट से जमानत मिलने के बाद रिया चक्रवर्ती को मुंबई की भायखला जेल से रिहा कर दिया गया था।

कोर्ट ने कहा था कि मुकदमे के समापन तक उनकी उपलब्धता पर संदेह करने का कोई कारण नहींह है। उनकी याचिका को स्वीकार करते हुए पीठ ने निर्देश दिया था कि रिया को सभी सुनवाई डेट पर उपस्थित रहना होगा, जब तक कि निचली अदालत द्वारा उन्हें छूट न दी जाए। साथ ही विदेश यात्रा से पहले उन्हें प्रासीक्यूशन एजेंसी को कम से कम चार दिन पहले अपनी पूरी ट्रैवल डिटेल, होटल और फ्लाइट डिटेल उपलब्ध करानी होगी। अपना संपर्क नंबर शेयर करना होगा, अपना फोन चालू रखना होगा और वापस लौटने पर अधिकारियों को सूचित करना होगा।

